श्री हनुमान गढ़ी, अयोध्याजी

दैनिक

# यशोभूमि

नया तेवर, नया कलेवर

मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. 64822/96 | मुंबई | रविवार, 1 मार्च 2026 | फाल्गुन शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी

पृष्ठ 10+4=14 | मूल्य 5.00 रुपए | www.yeshobhumi.com



5 घाट पर जलती चिताओं के बीच खेली गई चिता भस्म की होली

6 किसी भी जिले में न हो जहरीली शराब का उत्पादन और बिक्री

7 40 विकास योजनाओं का धामी ने किया लोकार्पण ...





PATANJALI®

# पतंजलि के "देश का सबसे बड़ा ब्राण्ड" बनने की कहानी

पतंजलि®

पूजनीय स्वामी रामदेव जी व आचार्य श्री बालकृष्ण जी के तीन दशकों से अधिक के अनवरत पुरुषार्थ, तपस्या और अटल संकल्प के बल पर पतंजलि ने भारत के घर–घर तक अपनी पहुंच बनाई और करोड़ों देशवासियों के हृदय को जीता। योग व आयुर्वेद, जो कभी केवल गुफाओं और गुरुकुलों तक सीमित था, उसे पतंजलि ने जन–जन तक पहुँचाने का ऐतिहासिक कार्य किया। जनमानस की आवश्यकता और आग्रह के अनुरूप औषधियों के साथ–साथ दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया, और इस प्रकार पतंजलि ने स्वदेशी चेतना को प्रबल किया। लगभग पांच लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। एक करोड़ से अधिक दुकानों तक स्वदेशी सेवा का व्यापक विस्तार हुआ है। 100 करोड़ भारतीयों के समर्थन और 1 करोड़ से अधिक कार्यकर्ताओं के निःस्वार्थ सेवा के लिए हम कृतज्ञ हैं।

**5000 से अधिक उत्पादों के साथ स्वदेशी संकल्प:** लगभग पाँच हजार से अधिक दैनिक उपयोग की वस्तुएँ, पशु आहार, औषधियाँ तथा जीवनोपयोगी उत्पाद देशवासियों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। रोजगार सृजन के साथ–साथ लगभग एक करोड़ प्रशिक्षित कार्यकर्ता निःशुल्क एवं निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्यों में समर्पित हैं। इन अनवरत प्रयासों और संकल्पों के परिणामस्वरूप आज पतंजलि समूह का वार्षिक टर्नओवर लगभग 50,000 करोड़ रुपये तक पहुँच चुका है।

**अर्थ से परमार्थ व राष्ट्रसेवा (Prosperity for Charity):** PFL को प्राप्त होने वाला सम्पूर्ण लाभ, पतंजलि गुरुकुलम्, भारतीय शिक्षा बोर्ड, आचार्यकुलम, पतंजलि विश्वविद्यालय, रिसर्च फाउंडेशन, चिकित्सा, शिक्षा, वृक्षारोपण, सनातन धर्म और भारत माता की सेवा में पूर्णतः समर्पित किया जाता है। इस प्रकार लाभ का 100% भाग निःस्वार्थ चैरिटी और राष्ट्रसेवा के कार्यों में लगाया जाता है। पूजनीय स्वामी रामदेव जी का संकल्प है कि अपने अंतिम श्वास तक हम पवित्रता और प्रामाणिकता के साथ भारत माता की सेवा करते रहेंगे तथा एक स्वस्थ, समृद्ध और परम वैभवशाली भारत के निर्माण में अपना योगदान देते रहेंगे। पूजनीय आचार्य बालकृष्ण जी कई वर्षों से विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों और अनुसंधानविदों की श्रेणी में सम्मिलित हैं। उनके दृष्टिकोण से पतंजलि विज्ञान, अनुसंधान और स्वदेशी नवाचार के माध्यम से वैश्विक मानचित्र पर अग्रणी ब्रांड बन रहा है। योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, सनातन धर्म की सेवा में आज पतंजलि भारत के श्रेष्ठतम संस्थान के रूप में कार्यरत है।


हाई बी. पी. को प्राकृतिक रूप से निर्मूल करने के लिए।


डायबिटीज को रिवर्स करने में लाभदायक


वात रोग, आर्थराइटिस, RA, CRP, AVN, ANA, HLA-B27 आदि के लिए


ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, कफ, कोल्ड के लिए रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन


ब्रेन, नर्वस सिस्टम व मेमोरी के लिए सर्वश्रेष्ठ औषधियां


इम्यूनिटी के लिए सर्वश्रेष्ठ औषधियां


किड्नी प्रॉब्लम्स को रिवर्स करने के लिए


फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस आदि को रिवर्स करने के लिए


बहिष्कार करें– केमिकल व एनिमल बेस्ड प्रोडक्ट्स का और न्यूट्रेला नैचुरल ऑर्गेनिक प्रोटीन, विटामिन्स, ओमेगा आदि अपनाएं


ओबेसिटी के लिए अचूक औषधि


कोलेस्ट्रॉल के लिए


थायरॉइड के लिए

चिकित्सा के परामर्श के लिए अपने नज़दीकी पतंजलि चिकित्सालय पर अवश्य विज़िट करें।

5000 पतंजलि के एक्सक्लूसिव स्टोर्स के लोकेशन का पता जानने के लिए गूगल पर सर्च करें।

एक कॉल से सभी समस्याओं को घर बैठे निःशुल्क सॉल्व करने के लिए कॉल करें– **1800 296 1111** तथा पतंजलि की समस्त सेवाओं की जानकारी के लिए **8954 555 999** पर कॉल करें

घर बैठे पतंजलि प्रोडक्ट्स ऑनलाइन आर्डर करने के लिए ऑर्डर मी ऐप डाउनलोड करें।

डाउनलोड करें
ORDER ME

पतंजलि के एक्सक्लूसिव स्टोर पर डिस्काउन्ट पाने और साथ ही 15 लाख के इन्श्योरेंस का लाभ उठाने के लिए पतंजलि स्वदेशी समृद्धि कार्ड बनवाएं। कार्ड का मेम्बर बनने के लिए अपने नज़दीकी पतंजलि स्टोर पर सम्पर्क करें।





PATANJALI®
wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

समस्त असाध्य रोगों से स्थायी मुक्ति पाने के लिए एक बार 7 दिन पतंजलि वेलनेस में रेजिडेंशियल योग, आयुर्वेद एवं पंचकर्म आदि की चिकित्सा के लिए अवश्य आयें।
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : **8954666222, 8954666333**

लगभग 1 करोड़ स्टोर्स पर पतंजलि के प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं। फिर भी कोई प्रोडक्ट स्टोर पर उपलब्ध नहीं है तो आप दुकानदार से इसकी डिमाण्ड करें, वो इसे उपलब्ध करायेंगे।


भारत एक ऋषि एवं कृषि प्रधान देश है। इसलिए उच्चतम श्रेणी के पशु आहार एवं फूड सप्लीमेंट्स।

पतंजलि पशु आहार


पतंजलि मसाले, पापड़, दलिया, कैंडी, मुरब्बा, नमकीन और पाचक


नोट– पतंजलि के मल्टीग्रेन आटा व कुछ विशिष्ट 1 हजार प्रोडक्ट्स पतंजलि एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर ही उपलब्ध हैं।

पतंजलि के आटा रेंज एवं पतंजलि चावल रेंज


दिल्ली एनसीआर, उत्तराखण्ड, राजस्थान व महाराष्ट्र में पतंजलि के डेयरी प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं।


पतंजलि हेल्दी एवं न्यूट्रिशियस फूड प्रोडक्ट्स, पावर वीटा, केसर व ड्राईफ्रूट्स, अचार, जैम व सॉस, पोहा, सूजी, बेसन, सेवई


स्वीट्स एवं स्नैक्स


माइग्रेन पेन, मस्तिष्क आदि के लिए सर्वश्रेष्ठ पतंजलि बादाम रोगन व बादाम पाक


बादाम रोगन व बादाम पाक, एनर्जी बार एवं इंस्टेंट मिक्स


महाकोश, सनरिच, रुची गोल्ड देश का नं. 1 पाल्म ऑयल ब्राण्ड एवं न्यूट्रेला ऑयल रेंज


धूप–अगरबत्ती के नाम पर बहुत भयंकर मिलावट है तथा 100% पवित्रता बाँस रहित अगरबत्ती, भीमसेनी कपूर, शुद्धतम तिल तेल, हवन सामग्री आदि से अपने इष्ट का पूजन करें।



श्री हनुमान गढ़ी, अयोध्याजी

दैनिक
# यशोभूमि
नया तेवर, नया कलेवर

मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. 64822/96 | मुंबई | रविवार, 1 मार्च 2026 | फाल्गुन शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी

पृष्ठ 10+4=14 | मूल्य 5.00 रुपए | www.yeshobhumi.com




'करो या मरो' के मुकाबले में आज भिड़ेंगे वेस्टइंडीज-भारत

पेज 8 देखें

# अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर किया बड़ा हमला, कई लोग मरे

## मारे गए ईरान के रक्षा मंत्री और कमांडर





**यशोभूमि/भाषा, दुबई।** अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर बड़ा हमला शुरू किया, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी जनता से अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में लेने और 1979 से देश पर शासन कर रहे इस्लामी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने का आह्वान किया। ऐसा प्रतीत होता है कि पहला हमला ईरान सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के कार्यालयों के आसपास के इलाकों में हुआ और ईरानी मीडिया ने देशभर में हमलों की खबरें दी तथा राजधानी तेहरान से धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि हमलों के समय 86 वर्षीय नेता अपने कार्यालय में मौजूद थे या नहीं। इस हमले में कई लोग मारे गए हैं।

ट्रंप ने बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू होने की घोषणा करते हुए एक वीडियो के माध्यम से कहा, जब हम अपना काम पूरा कर लेंगे, तो अपनी सरकार पर कब्जा कर लेना। वह तुम्हारी होगी जिसकी बागडोर तुम अपने हाथ में ले सकोगे। संभवतः आने वाली कई पीढ़ियों में यह तुम्हारे

### तेहरान में धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया

### भविष्य का फैसला खुद अपने हाथों ले सकें ईरानी

पास एकमात्र मौका होगा। कई वर्षों से आप अमेरिका से मदद मांगते रहे हैं, लेकिन आपको कभी मदद नहीं मिली। ईरान के रक्षा मंत्री अमीर नसीरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पाकपोर इजराइली हमलों में मार गए हैं। ईरानी न्यूज एजेंसियों ने बताया कि दक्षिणी ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 85 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 45 घायल हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इस व्यापक ⏭ शेष पृष्ठ 4 पर...



### भारतीय दूतावासों ने जारी किया परामर्श

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान की घोषणा के बाद भारत ने शनिवार को ईरान और इजराइल में रहने वाले अपने नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने की सलाह दी। ईरान में भारतीय दूतावास ने शनिवार को अपने नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी करते हुए उनसे अत्यधिक सावधानी बरतने और जहां तक संभव हो घर के अंदर रहने की अपील की है। यह परामर्श क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच जारी किया गया है। बदलते घटनाक्रम को देखते हुए ईरान में सभी भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही से बचें।




### खुफिया ठिकानों को बनाया निशाना

माना जाता है कि उन्हें जून में 12 दिन तक चले युद्ध के दौरान तेहरान स्थित उनके घर से दूर किसी सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया था। अभियान के बारे में जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि इजराइली अभियान में ईरान की सेना, सरकारी भवनों और खुफिया ठिकानों को निशाना बनाया गया। ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने जवाबी कार्रवाई में इजराइल को निशाना बनाते हुए पहले दौर के ड्रोन और मिसाइल दागीं। इस बीच, बहरीन ने कहा कि अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को मिसाइल से निशाना बनाया गया। कुवैत में प्रत्यक्षदर्शियों ने सायरन और विस्फोटों की आवाजें सुनीं। कतर में भी विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। कुवैत में अमेरिकी सेना का केंद्र स्थित है। इराक और संयुक्त अरब अमीरात ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया, और जॉर्डन में सायरन बजने लगे।

# दुनिया के निवेशकों की पहली पसंद यूपी : योगी आदित्यनाथ

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**लखनऊ।** होली पर उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को यूपी सरकार की तरफ से गैस सिलेंडर रीफिल सब्सिडी दी गई। शनिवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह सौगात दी। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में

### पहले माफिया चलाते थे शासन: मुख्यमंत्री

1,500 करोड़ की धनराशि वितरित की गई। कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि पहले माफिया शासन चलाते थे। पर्व के पहले उपद्रव हो जाते थे। कर्फ्यू लग जाता था। 2017 से पहले यूपी को टेढ़ी निगाहों से देखा जाता था। आज देश और दुनिया का हर बड़ा निवेशक यूपी आना चाहता है।

इस मौके पर सीएम योगी ने सबसे पहले प्रदेशवासियों को होली की बधाई दी। उन्होंनेकहा कि होली पर्व समता का पर्व है, न कोई बड़ा न कोई छोटा। यूपी की डबल इंजन सरकार ने यह योजना 2022 में शुरू की थी।



### उत्साह के साथ होता है पर्व

सीएम ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाद में एक लाख की मदद दी जाती है। आज सरकार हर बेटी का कन्यादान करने के लिए तैयार है। आज 36 फीसदी महिला कार्य बल है। राशन की दुकानों में पहले ई-पॉश मशीनें नहीं थीं, आज ई-पॉश मशीनों से पारदर्शिता आई है। आज गांव की बेटी गांव में ही वीसी सखी के रूप में काम कर रही हैं। गांव में अनेक रोजगार की सुविधाएं दी जा रही हैं। पर्व उत्साह के होता है। इस मौके पर आपसी भेदभाव दूर करने वाले कार्यक्रम होने चाहिए।

## युवा कांग्रेस प्रमुख चिब को मिली जमानत

**यशोभूमि/भाषा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को यहां इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में हुए विरोध प्रदर्शन के संबंध में दी गई जमानत पर रोक लगा दी। ड्यूटी मजिस्ट्रेट वंशिका मेहता के जमानत आदेश को दिल्ली पुलिस द्वारा चुनौती देने के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित बंसल ने स्थगन आदेश जारी किया और मामले को 6 मार्च को आगे की कार्यवाही के लिए सूचीबद्ध किया।

## 'मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस' बन गई है आईएनसी



**यशोभूमि/भाषा**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन को लेकर शनिवार को विपक्षी दल पर तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस अब 'इंडियन नेशनल कांग्रेस' (आईएनसी) नहीं रही

### कांग्रेस देश को कर रही है बदनाम

बल्कि 'एमएमसी' यानी मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की है। राजस्थान में अजमेर के कायड़ विश्राम स्थल पर एक जनसभा में मोदी ने कहा कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी, इसलिए उसने देश को बांट दिया और आज कांग्रेस भी वही कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस, पूरे देश में लगातार चुनाव हार रही है और गुस्से में वो इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है।

### कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास

इससे पहले, मोदी ने राजस्थान के लिए 16,686 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों एवं परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले शौचालयों के अभाव में महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता और अलग शौचालय नहीं होने के कारण बच्चियां स्कूल छोड़ देती थीं।

### मौसम

मुंबई 29° 24°

सूर्यास्त रविवार 6.44 बजे

सूर्योदय सोमवार 6.57 बजे



आज का इफ्तार 6.47

कल की सेहरी 5.34

### मार्च-मई महीने में कहर बरपाएगी लू

**यशोभूमि/भाषा**

**नई दिल्ली।** इस साल मार्च से मई महीने के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में लू से प्रभावित दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन क्षेत्रों में पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दक्षिणी और पूर्वी महाराष्ट्र, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिमी बंगाल में गंगा के मैदान, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और उत्तरी कर्नाटक के कुछ हिस्से शामिल हैं।

## एसआईआर का कार्य पश्चिम बंगाल में पूरा



**यशोभूमि/भाषा**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के समापन के बाद निर्वाचन आयोग ने राज्य की ताजा मतदाता सूची के आंकड़े शनिवार को जारी कर दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी

### मतदाताओं का कुल आंकड़ा 7.04 करोड़ के पार

(सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि इस गहन संशोधन अभ्यास के बाद राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या अब 7.04 करोड़ हो गई है जो पहले 7.66 करोड़ थी। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत की गई इस कवायद का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिमुक्त और अद्यतन बनाना था। सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर नामों को जोड़ने और हटाने का कार्य किया गया। जहां एक ओर फॉर्म-6 और फॉर्म-6ए के माध्यम से 1.82 लाख से अधिक नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए गए, वहीं दूसरी ओर फॉर्म-7 के तहत कार्रवाई करते हुए 5.46 लाख से अधिक अपात्र नामों को हटाया गया है। इसके अतिरिक्त, विभाग को पुनरीक्षण के दौरान लगभग 58 लाख गणना फॉर्म प्राप्त नहीं हुए, जिनमें मुख्य रूप से ऐसे मामले शामिल थे जहां मतदाता या तो मृत हो चुके थे, अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो गए थे या जिनके नाम एक से अधिक बार दर्ज (डुप्लिकेट) थे। एक महत्वपूर्ण तकनीकी बिंदु पर स्पष्टीकरण देते हुए सीईओ ने कहा कि वर्तमान सूची में 60 लाख से अधिक ऐसे मतदाता भी शामिल हैं जो अंडर एडज्यूडिकेशन (विचाराधीन) श्रेणी में रखे गए हैं।

## टीम का हिस्सा बनें नहीं तो रिजर्व में बैठा दिया जाएगा

**यशोभूमि/भाषा**

**बरनाला (पंजाब)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को पार्टी नेताओं को चेतावनी दी कि यदि वे टीम का हिस्सा नहीं बन सकते तो उन्हें रिजर्व में बैठा दिया जाएगा। राहुल गांधी का यह बयान पंजाब कांग्रेस के नेताओं के बीच

### राहुल का कांग्रेस में गुटबाजी पर दो टूक

पूर्व में सामने आई आंतरिक कलह के संदर्भ में आया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कोई एक खिलाड़ी मैच नहीं जीत सकता। उन्होंने टीम वर्क (मिलकर काम करने) के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, नेता कितना भी बड़ा क्यों न हो, कोई भी पार्टी से बड़ा नहीं होता। पंजाब



विधानसभा के लिए अगले साल की शुरुआत में चुनाव होने हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी में कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं और सभी निर्णय उन्हें साथ लेकर ही लिए जाएंगे। गांधी राज्य के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मालवा क्षेत्र में 'किसान महाचौपाल' रैली को संबोधित कर रहे थे। पंजाब विधानसभा की कुल 117 सीट में से 69 सीट इसी मालवा क्षेत्र में आती हैं। उन्होंने अपने संबोधन के समापन में पार्टी की राज्य इकाई का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए कहा, मैं कांग्रेस पार्टी को यह संदेश भी देना चाहता हूं कि काम टीम भावना से ही होता है। एक खिलाड़ी मैच नहीं जीत सकता। हमारी पूरी टीम यहां मौजूद है।

## आंध्र प्रदेश : पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट, 21 लोगों की मौत

**यशोभूमि/भाषा**

**वेटलापलेम (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को एक पटाखा निर्माण

### छह गंभीर रूप से घायल

इकाई में हुए विस्फोट में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गयी और छह गंभीर रूप से घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। काकीनाडा के पुलिस अधीक्षक जी. बिंदू माधव ने बताया, हमारे पास जानकारी है कि इस घटना में 21 लोग मारे गए हैं। राज्य की गृह मंत्री वंगालापुडी अनीता ने बताया कि पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने



बताया कि समरलाकोटा मंडल के वेटलापलेम गांव में हुए विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि शव पास के धान के खेतों में जा गिरे। काकीनाडा सरकारी जनरल अस्पताल के अधीक्षक ने बताया था कि अस्पताल में 90 से 100 प्रतिशत तक झुलसे हुए सात मरीज भर्ती हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनका इलाज चल रहा है।

## जौनपुर युवक मौत कांड: फडणवीस ने दिया जांच का आदेश

■ पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने सीएम को सौंपा ज्ञापन ■ मामले को डीजीपी और नवी मुंबई सीपी के संज्ञान में लाया गया

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**नवी मुंबई।** बॉयलर ब्लास्ट में झुलसकर मारे गए जौनपुर के युवक प्रमोद मिश्रा (30) मामले को गंभीरता

### पुलिस की लीपापोती के खिलाफ होगी जांच

से लेते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जांच का आदेश दिया है। दरअसल दैनिक यशोभूमि में शनिवार के अंक में प्रमोद मिश्रा के संदर्भ में खबर प्रकाशित होने के बाद महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता कृपाशंकर सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस



यशोभूमि इंपैक्ट

से मुलाकात की और उन्हें मृतक प्रमोद मिश्रा के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की। इस संदर्भ में श्री सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखित आवेदन भी दिया। इस पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तत्काल कार्यवाही करने और मामले की जांच करने का आदेश दिया। इससे पहले कृपाशंकर सिंह ने राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डॉ सदानंद दाते से फोन पर बात करके उन्हें नवी मुंबई के तुर्भे पुलिस की लीपापोती पर ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे से भी बात की और तुर्भे एमआईडीसी पुलिस की कार्यशैली से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी प्रमोद मिश्रा का 24 फरवरी, 2026 को नवी मुंबई के तुर्भे एमआईडीसी स्थित फिनोटेक्स कंपनी में बॉयलर विस्फोट हो जाने से बुरी तरह से झुलस गए थे जिनकी बाद में मौत हो गई। उनके परिवार को अभी तक न्याय और कानूनी मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मामले की अब तक हुई जांच पर भी सवाल उठ रहे हैं। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि इस मामले पर व्यक्तिगत ध्यान दें और निष्पक्ष जांच तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दें ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उल्लेखनीय है कि नवी मुंबई के तुर्भे एमआईडीसी स्थित फिनोटेक्स नामक एक कंपनी में मंगलवार, 24 फरवरी को बॉयलर ⏭ शेष पृष्ठ 4 पर...

### मुख्यमंत्री से न्याय दिलाने का निवेदन



"मुख्यमंत्री से पत्र के माध्यम से निवेदन किया है कि प्रमोद मिश्रा मामले पर व्यक्तिगत ध्यान दें और निष्पक्ष जांच तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई का निर्देश दें ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने कैबिनेट मंत्री गणेश नाईक से भी संपर्क किया और उनसे इस गरीब परिवार को न्याय दिलवाने की मांग की। श्री सिंह के मुताबिक श्री नाईक ने पीड़ित परिवार को उचित न्याय व यथोजित मुआवजा दिलवाएंगे। ■ कृपाशंकर सिंह






**श्रीकृष्ण उवाच**

**परित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुष्कृताम् ।**
**धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे-युगे ॥**

यशोभूमि
## संपादकीय

# सीमा पर भड़कती आग

पश्चिम एशिया और मध्य एशिया के संगम पर स्थित क्षेत्र एक बार फिर हिंसा के ऐसे चक्र में फंस गया है, जो केवल दो देशों के टकराव तक सीमित नहीं रहेगा। इस्लामाबाद और काबुल के बीच हालिया सैन्य टकराव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वर्षों से दबा हुआ अविश्वास अब खुली जंग का रूप ले चुका है। सीमावर्ती झड़पों और आरोप प्रत्यारोप के दौर से निकलकर संघर्ष सीधे सैन्य कार्रवाई तक पहुंच गया है, जिसने पूरे क्षेत्र की स्थिरता को गहरे संकट में डाल दिया है। हाल में शुरू किए गए अभियान के तहत अफगानिस्तान के भीतर कई ठिकानों पर किए गए हमलों ने एक नई लकीर खींच दी है। पहली बार राजधानी और प्रमुख धार्मिक राजनीतिक केंद्रों को निशाना बनाया गया, जिससे यह संकेत गया कि संघर्ष अब केवल चेतावनी या दबाव की नीति नहीं रह गया है। इस्लामाबाद का यह रुख दर्शाता है कि वह अब पड़ोसी शासन को अपनी आंतरिक सुरक्षा के लिए सीधा खतरा मानने लगा है। सैन्य बयानबाजी ने इस धारणा को और मजबूत किया है कि दोनों पक्ष पीछे हटने की स्थिति में नहीं हैं। दूसरी ओर काबुल की नीति और अधिक जटिल दिखाई देती है। एक तरफ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और संवाद की बात की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ सीमा के पास सैन्य जमावड़ा तेज किया जा रहा है। यह दोहरी रणनीति न केवल संदेह को जन्म देती है, बल्कि संघर्ष को लंबा खींचने के संकेत भी देती है। ऐसी स्थिति में सीमावर्ती इलाकों में रहने वाली आबादी सबसे पहले और सबसे अधिक प्रभावित हो रही है, जहां डर और अनिश्चितता रोजमर्रा की सच्चाई बन चुकी है। इस टकराव के मूल में सुरक्षा को लेकर गहरी आशंकाएं हैं। इस्लामाबाद का आरोप है कि अफगान क्षेत्र का उपयोग उसके खिलाफ हिंसक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, जबकि काबुल इन दावों को सिरे से नकारता है। समस्या यह है कि आपसी विश्वास की कमी ने किसी भी प्रकार के संयुक्त समाधान की संभावना को लगभग खत्म कर दिया है। जब संवाद के दरवाजे बंद होते हैं, तब हथियारों की भाषा ही प्रमुख हो जाती है और यही स्थिति अब सामने है। इस संघर्ष के प्रभाव केवल इन दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। मध्य एशिया से लेकर पश्चिम एशिया तक फैले व्यापारिक और परिवहन मार्ग इस अस्थिरता से सीधे प्रभावित होंगे। ऊर्जा, व्यापार और संपर्क से जुड़ी परियोजनाएं खतरे में पड़ सकती हैं, जिससे पहले से दबाव में चल रही अर्थव्यवस्थाओं पर और बोझ बढ़ेगा। साथ ही यह क्षेत्र उन शक्तियों के लिए भी चुनौती बन रहा है, जो संतुलन बनाए रखने और हिंसा को सीमित करने की कोशिश कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय शक्तियों द्वारा युद्धविराम और मध्यस्थता की अपीलें यह दिखाती हैं कि चिंता केवल मानवीय नहीं, बल्कि सामरिक भी है। यदि यह टकराव लंबे समय तक चला, तो यह एक ऐसे सुरक्षा शून्य को जन्म देगा, जहां चरमपंथ और अवैध गतिविधियों को पनपने का अवसर मिलेगा। इतिहास गवाह है कि ऐसे हालात अंततः पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लेते हैं। इसमें सबसे बड़ा नुकसान आम नागरिकों का है, क्योंकि सीमाओं के आरपार रहने वाले लोग पहले ही गरीबी, विस्थापन और हिंसा का सामना कर रहे हैं।

## प्रसंगतः कर्म किए बिना कुछ नहीं मिलता

एक लकड़हारा रोज जंगल में लकड़ी काटने जाता था। वहां उसे रोज एक अपाहिज लंगड़ी लोमड़ी दिखाई पड़ती थी। वह सोचता जंगल में इसे भोजन कैसे प्राप्त होता होगा? जबकि यह शिकार भी नहीं कर सकती। एक दिन उसने सोचा कि आज मैं पता लगाऊंगा की यह जीवित कैसे है? लकड़हारा उसी के पास के एक वृक्ष पर चढ़ कर बैठ गया। थोड़ी देर बाद उसने देखा कि एक शेर अपना शिकार लेकर आया और वहीं पास की एक झाड़ी में बैठकर खाने लगा। पेट भर जाने के बाद शेष शिकार को वह वहीं छोड़ कर चला गया। उस बचे हुए शिकार से लोमड़ी ने अपना पेट भर लिया। यह देखकर लकड़हारे ने सोचा कि मैं व्यर्थ ही भोजन के लिए इतनी मेहनत करता हूं। जब भगवान इस अपाहिज लोमड़ी का पेट भरते हैं। तो मेरा क्यों नहीं भरेंगे? यह सोचकर लकड़हारे ने अपनी कुल्हाड़ी नीचे फेंक दी। उसने वही पेड़ के नीचे अपना आसन जमा लिया और भोजन का इंतजार करने लगा। कई दिन बीत गए, लेकिन कोई उसके लिए भोजन लेकर नहीं आया।

**अखबारों के पंजीकरण केंद्रीय नियम १९५६ के नियम के तहत 'दै. यशोभूमि' मुंबई के स्वामित्व और अन्य विवरण के बारे में घोषणा। फार्म नं. ४**
**(नियम ८ देखें)**

१) प्रकाशन का स्थान : २१५, दूसरा मजला, नारायण उद्योग भवन, इंडस्ट्रियल इस्टेट, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर रोड, लालबाग, मुंबई-४०० ०१२
२) प्रकाशन काल : सुबह का दैनिक
३) मुद्रक का नाम : **प्रवीण मुरलीधर शिंगोटे**
क्या आप भारत के नागरिक है? : हां
पत्ता : २१४/२१५, नारायण उद्योग भवन, इंडस्ट्रियल इस्टेट, डॉ.बी. ए. रोड, लालबाग, मुंबई ४०० ०१२.
४) प्रकाशक का नाम : **प्रवीण मुरलीधर शिंगोटे**
क्या आप भारत के नागरिक है? : हां
पत्ता : २१४/२१५, नारायण उद्योग भवन, इंडस्ट्रियल इस्टेट, डॉ.बी. ए. रोड, लालबाग, मुंबई ४०० ०१२.
५) संपादक का नाम : **श्रीनारायण रघुनाथ तिवारी**
क्या आप भारत के नागरिक है? : हां
पत्ता : १/१०३,शिल्प टावर, दि रेसीडेंसी, कांप्लेक्स, एलबीएस रोड, वाग्ले इस्टेट, ठाणे (प.) ४००६०४
६) उन व्यक्तियों के नाम व पते जो अखबार के मालिक है।
कुल पूंजी के एक फीसदी से अधिक के स्वामित्व वाले शेयरधारक :

**भागधारकोंके नाम**
१) मुरलीधर अनंता शिंगोटे इस्टेट २) अरविंद मुरलीधर शिंगोटे
३) प्रवीण मुरलीधर शिंगोटे ४) देऊबाई मुरलीधर शिंगोटे
५) बबबाई मुरलीधर शिंगोटे

**भागधारक का पता**
२१४/२१५, नारायण उद्योग भवन, इंडस्ट्रियल इस्टेट, डॉ. बी. ए. रोड, लालबाग, मुंबई ४०० ०१२. तथा प्लॉट नं. एक्स-७९, वालूज एमआयडीसी, छत्रपती संभाजीनगर-४३१ १३६.

मै **प्रवीण मुरलीधर शिंगोटे** घोषित करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के मुताबिक सही है।

प्रवीण मुरलीधर शिंगोटे
**प्रकाशक**
**२८ फेब्रुवारी २०२६**

# अंतर्मन की शक्ति से संघर्ष की सीढ़ी पर चढ़कर ही मिलती है सफलता



**प्रो. आर. एन. त्रिपाठी**
**समाज शास्त्र विभाग**
**बीएचयू, वाराणसी**

दैनिक यशोभूमि आमंत्रित लेख

सफलता सभी चाहते हैं, परंतु सफलता प्राप्त करने का जो सही सूत्र है वहां तक सभी को पहुंचना बड़ा मुश्किल होता है। इसका सही सूत्र आपका 'शक्तिशाली मन' है, यही आपका हरपल का सच्चा साथी है। प्रत्येक व्यक्ति का मन असीम शक्तियों का स्रोत होता है। हम मन की शक्तियों से परिचित नहीं होते और यह भी नहीं जानते कि उसमें कितनी अपरमित शक्ति है, यदि हम उसको विकसित कर लें तो निश्चित रूप से हम जीवन में सफल रहेंगे। सफलता का सबसे बड़ा रहस्य शरीर और मन दोनों का एक साथ काम करना है, जब तक हमारे मन और शरीर में तादाम्य नहीं रहेगा, तब तक हम सफल नहीं हो सकते हैं। सफलता के लिए मन और मन के लिए स्वस्थ शरीर जरूरी है। मन मजबूत होगा तो शरीर भी साथ देता है, मन दुर्बल हुआ तो शरीर की शक्तियां भी क्षीण हो जाती हैं। मानसिक तनाव मन की शक्ति को और भावनात्मक तनाव आत्मा की शक्ति को क्षीण कर देता है।

दूसरा पक्ष संघर्ष है, हमारे यहां संघर्ष का सम्मान जिन लोगों ने किया, जिन लोगों ने उसके साथ अपनी जीवनधारा चलाई। वही लोग सफल हुये हैं, जिन लोगों ने संघर्ष से, परिश्रम से और विपरीत परिस्थितियों से भागने की कोशिश की वे कभी भी सफल नहीं हुए। जिन्होंने इसे आत्मसात किया, परिस्थितियां चाहे जितनी प्रतिकूल रही हों, साधन चाहे जितने सीमित रहे हों, राह चाहे जितनी कठिन रही, यदि सामना किये तो वे अंत में सफलता प्राप्त ही किये। जो व्यक्ति बिना थके, बिना किसी की शिकायत किये अपने कर्म क्षेत्र पर संघर्षों के साथ चलता है, उसका आत्मविश्वास विकसित होता है और वही मन और शरीर में तादाम्य बनाकर अपने श्रम और ज्ञान के बल पर सफलता का वरण करता है।

जीवन में जागरूकता भी जरूरी है, क्योंकि जब तक हम अपने जीवन की समग्रता के साथ यह नहीं समझ सकेंगे कि हमारा अन्य से क्या संबंध है, हमारे जीवन का उद्देश्य क्या है, कैसे हमें सजग रहना चाहिए। तब



तक हम सफल नहीं हो सकते। हमारे जो संबंध विचारों से हैं, भ्रांतियों से हैं, इच्छाओं से हैं, अपने अगल-बगल से हैं, उनसे जो अंतक्रियाएं उपजती हैं उन अन्तःक्रियाओं के प्रति भी हमें जागरूक होना चाहिए। जागरूकता का मतलब हमें संसार के इस भौतिक जगत के समस्त आयामों से जागरूक होने से है, जैसे हम पर्यावरण के प्रति हों, हम प्रकृति के प्रति हों, हम अपने पड़ोसी के प्रति हों, हम समाज के प्रति हों। हम देखते हैं, अगर हम जागरूक हैं तो हमारे में एक संवेदन होगा, संपर्क करने की इच्छा होगी और इसीसे हम जिज्ञासु बनेंगे और अंततः सफलता प्राप्त करेंगे। क्षमता सदा जिज्ञासु व्यक्ति के भीतर ही विकसित होती है, जो व्यक्ति जिज्ञासा से बचने की कोशिश करता है वह कभी क्षमतावान नहीं हो सकता है और यही क्षमता मनुष्य को सार्थक जीवन और सफलता प्रदान करती है।

बाधाएं कहां नहीं हैं, हर जगह हैं, ये हमारे मार्ग की शत्रु नहीं हैं, बल्कि हमारे धैर्य और संकल्प और शक्ति की परीक्षा लेने की, जैसे किसी मंदिर पर चढ़ने की सीढियां होती हैं, वैसे ही ये सीढ़ियां हैं और हम जितनी दृढ़ता, सतर्कता के साथ इन सीढ़ियों पर चढ़ते हैं, हम उतने ही मजबूत होते हैं, अनुभवी होते हैं, विनम्र होते हैं, धैर्यवान होते हैं और अंत में देवता का दर्शन अर्थात अपना अभीष्ट प्राप्त कर ही लेते हैं। इसीलिए आत्मविश्वास से अर्जित सफलता ही सदैव स्थाई और अर्थपूर्ण रही। सच्ची सफलता वही है, जो भीतर से मजबूत बनाये, चरित्र को ऊंचा करे, ताकि यह शरीर दूसरों की प्रेरणा और सतमार्ग और लोकोपकार के लिए काम आए।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि हम कितनी विपरीत परिस्थितियों में भी अपने नैतिक मूल्यों और स्वाभिमान से समझौता न करें क्योंकि स्वाभिमान हमारी स्थाई पूंजी है और निश्चित रूप से इस स्वाभिमान को विवेक की दीवार से और धैर्य की सीमेंट से सदा मजबूत करके रखना चाहिए, क्योंकि चुनौती सदा मिलती रहती है और जिन लोगों ने चुनौतियों को स्वीकार किया, वही सफल हुए। इतिहास भी यही कहता है किसी भी समाज की शक्ति केवल उसकी भौतिक समृद्धि, जनसंख्या या बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि उसके आत्माभिमान, स्वाभिमान और आत्मसम्मान में निहित होती है। जिस समाज ने अपने आत्माभिमान को त्याग दिया, जिसने अपने अस्तित्व और सम्मान की रक्षा करने के बजाय अपने विरोधियों और अपमान करने वालों के चरणों में झुकना स्वीकार कर लिया, उसका उद्धार कभी संभव नहीं होता, इजराइल इसका साक्षात उदाहरण है। इतिहास साक्षी है कि जो समाज स्वयं अपनी गरिमा का संरक्षण नहीं कर पाता, वह धीरे-धीरे अपनी पहचान, संस्कृति और स्वतंत्रता सब कुछ खो देता है। आत्मगौरव ही वह आधार है, जिस पर किसी भी सभ्यता का स्थायित्व टिका होता है और जब यही आधार कमजोर पड़ जाता है तो पतन अवश्यंभावी हो जाता है।

आज अपने देश में उभर रही कुत्सित विचारों के नायकों पर भी यही बात लागू होती है, जब किसी समाज के लोग अपने ही समाज के विरुद्ध खड़े हो जाते हैं और बाहरी शक्तियों का साथ देने लगते हैं, तब वे केवल अपने विरोधियों को ही नहीं सशक्त करते, बल्कि अपनी सामूहिक शक्ति को और देश को भी खंडित कर देते हैं। इतिहास में ऐसे अनेक प्रसंग मिलते हैं जब अपने ही लोगों ने अपने समाज के विरोध में आक्रांताओं का साथ दिया, आज वे घृणा के पात्र हैं। हमें सचेष्ट रहना चाहिए कि व्यक्तिगत स्वार्थ की पूर्ति के लिए ऐसा कोई काम न करें जो बाहरी शक्तियों का समर्थन करता हो, ऐसे करने वाले लोग अंततः सम्मान से सदा से बंचित ही रह जाते हैं।

> **"दूसरा पक्ष संघर्ष है, हमारे यहां संघर्ष का सम्मान जिन लोगों ने किया, जिन लोगों ने उसके साथ अपनी जीवनधारा चलाई। वही लोग सफल हुये हैं, जिन लोगों ने संघर्ष से, परिश्रम से और विपरीत परिस्थितियों से भागने की कोशिश की वे कभी भी सफल नहीं हुए। जिन्होंने इसे आत्मसात किया, परिस्थितियां चाहे जितनी प्रतिकूल रही हों, साधन चाहे जितने सीमित रहे हों, राह चाहे जितनी कठिन रही, यदि सामना किये तो वे अंत में सफलता प्राप्त ही किये। जो व्यक्ति बिना थके, बिना किसी की शिकायत किये अपने कर्म क्षेत्र पर संघर्षों के साथ चलता है, उसका आत्मविश्वास विकसित होता है और वही मन और शरीर में तादाम्य बनाकर अपने श्रम और ज्ञान के बल पर सफलता का वरण करता है।"**

# ग्यारहवां पाराः नैतिक बीमारी और इंसानी जिम्मेदारी



**सैयद सलमान**
वरिष्ठ पत्रकार
व स्वतंत्र लेखक

दैनिक यशोभूमि मुस्लिम जगत

आज बात करेंगे पवित्र कुरआन के ग्यारहवें पारे 'या' तजेरून' की यानी 'वे बहाने बनाते हैं'। यह पारा सूरह 'अल-तौबा' की आयत 93 से शुरू होकर सूरह 'हूद' की आयत 5 तक जाता है। यह हिस्सा केवल धार्मिक उपदेश के साथ-साथ मनुष्य के भीतर चलने वाले उस अंतर्द्वंद्व का विश्लेषण है, जहां सत्य और सुविधा के बीच संघर्ष होता है। इस पूरे हिस्से में एक ही सवाल बार-बार घूमता है; आदमी अपनी कमजोरियों को छुपाने के लिए बहाने क्यों गढ़ता है? और जब वह बहाने छोड़ देता है तो उसकी जिंदगी कैसे बदल जाती है? यह पारा सीधे-सीधे पाखंडी मानसिकता से टकराता है। इस पारे की पृष्ठभूमि तबूक के ऐतिहासिक अभियान से जुड़ी है, जो तपती धूप और कठिन परिस्थितियों का समय था। जब निष्ठा की परीक्षा घड़ी आई, तो समाज दो हिस्सों में बंट गया। एक वे, जो संसाधनों की कमी के बावजूद सत्य के साथ खड़े रहे, और दूसरे वे, जिन्होंने पीछे छूट जाने के लिए बहानों का अंबार लगा दिया।

आयत 94 में साफ कर दिया गया कि ये बहाने ईश्वर से छुपे नहीं हैं। यह प्रसंग आज के दौर में भी उतना ही प्रासंगिक है। इंसान अक्सर अपनी जिम्मेदारियों से बचने के लिए 'व्यस्तता', 'मजबूरी' या 'परिस्थितियों' का जो ताना-बना बुनता है, यह पारा उन तमाम कृत्रिम आवरणों को छिन्न-भिन्न कर देता है। यह बताता है कि 'बहाना' दरअसल वह आत्मघाती हथियार है, जिससे इंसान अपनी ही रूह का कत्ल करता है।

इस पारे में मुनाफिक (पाखंडी)

## रमजान-ग्यारहवां रोजा



की पहचान इस तरह से की गई है कि पढ़ने वाला खुद से सवाल करने पर मजबूर हो जाए। पाखंड सबसे बड़ी 'नैतिक बीमारी' है। यह वह बीमारी है जो इंसान के अंदर और बाहर में फर्क पैदा करती है। आयत 97 में बताया गया कि ये लोग सच्चाई और झूठ के बीच झूलते रहते हैं। यह पारा यह समझने का मौका देता है कि जीवन में सबसे बड़ी सफलता यह है कि इंसान का बाहरी रूप और भीतरी हालत एक जैसे हों। जब यह एकरूपता आ जाती है, तो जिंदगी से दिखावा खत्म हो जाता है।

सूरह 'यूनुस' की शुरुआत इसी पारे में होती है। आयत 2 में उन लोगों की हैरानी का जिक्र है कि एक इंसान को ईश्वर का संदेश कैसे मिल सकता है। यह उन लोगों के लिए चुनौती है जो सच्चाई को सिर्फ इसलिए ठुकरा देते हैं, क्योंकि वह उनकी सोच से मेल नहीं खाती। यहां हजरत मूसा और फिरऔन का वृत्तांत आता है, जो सत्ता के अहंकार और सत्य की सादगी के बीच का शाश्वत टकराव है। फिरऔन ने हजरत मूसा को जादूगर कहा, लेकिन सच्चाई सामने आने पर उसकी सारी ताकत बेकार हो गई। यह आज के बौद्धिक अहंकार पर भी एक चोट है, जहां इंसान अक्सर सत्य को इसलिए नकार देता हैं, क्योंकि वह पूर्व-स्थापित पूर्वाग्रहों को चुनौती देता है। सूरह 'यूनुस' की आयत 25 एक बेहद खूबसूरत संदेश देती है। यहां कहा गया है कि ईश्वर 'दारूल-सलाम' यानी सलामती के घर की ओर बुलाता है। यह संदेश अत्यंत सारगर्भित है। ईश्वर का मूल उद्देश्य मनुष्य को दंडित करना नहीं, बल्कि उसे शांति और संतुलन की ओर ले जाना है। वह इंसान को बार-बार सही रास्ते पर आने का मौका देता है। यह आयत निराशा में डूबे इंसान के लिए उम्मीद की किरण है। यह बताती है कि कितनी भी गलतियां हो जाएं, लौटने का रास्ता हमेशा खुला है।

ग्यारहवें पारे के आखिरी हिस्से में सूरह 'हूद' की शुरुआत होती है। आयत 3 में सबसे बड़ा संदेश है, ईश्वर से माफी मांगो, उसकी तरफ पलटो, वह 'मताअन हसना' यानी एक उत्कृष्ट और गरिमामय जीवन प्रदान करेगा। यह सूत्र जीवन के हर संकट का समाधान है। जब इंसान अहंकार छोड़कर ईश्वर की तरफ झुकता है, तो उसकी जिंदगी में बरकत आती है। यह पारा बताता है कि बहाने इंसान को उसकी कमजोरियों से रू-ब-रू नहीं होने देते। वे उसे बदलाव से रोकते हैं। यह पारा इंसानी बहानों की पोल खोलता है; फिर चाहे वे जिम्मेदारी से भागने के हों, या सच्चाई स्वीकार न करने के। यह पारा पढ़ने वाले से सीधा सवाल करता है, 'कहीं तुम भी अपनी जिम्मेदारियों से बचने के लिए बहानों की दीवार तो नहीं खड़ी कर रहे?'

ग्यारहवां पारा 'बहानों की राजनीति' से निकालकर 'सत्य की साधना' की ओर ले जाता है। दरअसल ईमान का दावा करना आसान है, लेकिन उस दावे पर कायम रहना बड़ी परीक्षा है। यह उन लोगों के लिए रहनुमाई है जो अपनी जिंदगी में सच्चाई और ईमानदारी को जगह देना चाहते हैं। यह इंसान के भीतर के उस छोटे से 'फिरऔन' को मारने की दावत देता है जो हर बार अपनी गलती पर तर्कों का पर्दा डाल देता है। यह पारा ईमान में मजबूती, मुनाफिकों से सतर्क रहने और हर हाल में अल्लाह की रजा हासिल करने का सबक देता है।

> **ग्यारहवां पारा 'बहानों की राजनीति' से निकालकर 'सत्य की साधना' की ओर ले जाता है। दरअसल ईमान का दावा करना आसान है, लेकिन उस दावे पर कायम रहना बड़ी परीक्षा है। यह उन लोगों के लिए रहनुमाई है जो अपनी जिंदगी में सच्चाई और ईमानदारी को जगह देना चाहते हैं। यह इंसान के भीतर के उस छोटे से 'फिरऔन' को मारने की दावत देता है जो हर बार अपनी गलती पर तर्कों का पर्दा डाल देता है। यह पारा ईमान में मजबूती, मुनाफिकों से सतर्क रहने और हर हाल में अल्लाह की रजा हासिल करने का सबक देता है।**

# रवि प्रदोष व्रतः जानें पूजा की आसान विधि और शुभ मुहूर्त

**सनातन धर्म में कई ऐसे व्रत होते हैं, जिनका पौराणिक महत्व है और माना जाता है कि इनके जरिए जिंदगी में आने वाली हर बाधा खत्म होती है। ऐसे ही एक व्रत होता है, जिसका नाम प्रदोष व्रत होता है। महीने में दो बार आने वाले प्रदोष व्रत की पूजा को काफी फलदायी माना जाता है। इसे हर महीने आने वाले कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष के त्रयोदशी तिथि पर ही रखा जाता है। इस खास दिन पर भगवान शिव और मां पार्वती को पूजा जाता है। फाल्गुन का महीना अब खत्म होने वाला है और इसमें पड़ने वाले आखिरी प्रदोष व्रत का विशेष महत्व है। बता दें कि ये प्रदोष व्रत मार्च के महीने में पड़ रहा है।**

### कब है अगला प्रदोष व्रत?

हिंदू पंचांग के हिसाब से अभी शुक्ल पक्ष चल रहा है और इस पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरुआत 28 फरवरी की रात से हो रही है और ये अगले दिन यानी 1 मार्च की शाम तक रहने वाला है। ऐसे में फाल्गुन महीने का आखिरी प्रदोष व्रत 1 मार्च को रखा जाएगा। नीचे विस्तार से जानें कि इसके लिए पूजा का शुभ मुहूर्त और विधि क्या है?

### इस बार कौन सा है प्रदोष व्रत

कैलेंडर के हिसाब से फाल्गुन महीने का आखिरी प्रदोष व्रत रविवार को पड़ रहा है और इस वजह से इसे रवि प्रदोष व्रत कहा जाएगा। प्रदोष व्रत जिस दिन भी पड़ता है, उसका नाम उसी दिन के हिसाब से पड़ जाता है। अगर प्रदोष व्रत शुक्रवार को पड़ेगा तो इसे शुक्र प्रदोष व्रत कहा जाएगा। वहीं अगर ये सोमवार को पड़ेगा तो इसे सोम प्रदोष व्रत कहा जाएगा।

### रवि प्रदोष व्रत की पूजा के शुभ मुहूर्त

हिंदी पंचांग के हिसाब से त्रयोदशी तिथि की शुरुआत 28 फरवरी की रात 8:05 पर शुरू हो रहा है। वहीं इस तिथि का समापन 1 मार्च को शाम 6:30 तक होगा। बात की जाए पूजा के लिए शुभ मुहूर्त की तो 1 तारीख की सुबह 7:40 से लेकर 12:02 के बीच कभी भी पूजा कर सकते हैं। वहीं प्रदोष काल की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त शाम को 5:51 से लेकर 8:56 के बीच रहेगा।

## आपका राशिफल 01 मार्च

**मेष** – समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। ले-देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-6

**वृषभ** – परिश्रम-प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में न पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-4-5

**मिथुन** – जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर-प्रपंच में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-6-6

**कर्क** – शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-7-8-9

**सिंह** – पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। शुभांक-7-8-9

**कन्या** – शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-7-8-9

**तुला** – समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। ले-देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-4-7-9

**वृश्चिक** – किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले-देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-9

**धनु** – बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-4-7-8

**मकर** – व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा। शुभांक-6-8-9

**कुंभ** – आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। शुभांक-4-7-8

**मीन** – कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-4-6-9

## दैनिक पंचांग

**1 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.07 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मेष | 08.38 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.18 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.16 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.29 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.46 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.57 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.08 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.23 ब.से |
| | | धनु | 01.39 बजे से |
| | | मकर | 03.44 बजे से |
| | | कुंभ | 05.30 बजे से |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

**रविवार** 2026 वर्ष का 60 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 19.10 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 08.35 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 14.33 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 07.55 बजे तदनन्तर तैतिल 19.10 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 40'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872635
**जूलियन दिन** 2461100.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान
**तारीख** 11
**विशेष** रवि प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**– **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

**वर्ष 31 । अंक 34 ।** यह दैनिक **श्री अंबिका प्रिंटर्स एण्ड पब्लिकेशन्स** के लिए **मुद्रक-प्रकाशक श्री. प्रविण मुरलीधर शिंगोटे** ने श्री अंबिका प्रिंटर्स एण्ड पब्लिकेशन्स, प्लाट नं. डी - 222/1/बी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, एमआइडीसी, शिरवने, डी. वाई. पाटील स्टेडियम के सामने, मुंबई-पुणे हाइवे, नेरुल (पूर्व), नई मुंबई, थाने - 400706 में मुद्रित कर 215, दूसरा माला, नारायण उद्योग भवन, इंडस्ट्रियल इस्टेट, पुराने पोस्ट ऑफिस के पास, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मार्ग, लालबाग, मुंबई - 400012 में प्रकाशित किया। **संस्थापक : स्व. मुरलीधर अनंता शिंगोटे, संपादक : श्री श्रीनारायण रघुनाथ तिवारी*** (*पी.आर.बी. अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी।) ■ इस अंक में प्रकाशित हुई खबरों व लेखों में व्यक्त मतों से संपादक / संचालक सहमत ही होंगे ऐसा नहीं। R. N. I. No. 64822/96 ■ दूरध्वनी : (022) 27618843 ■ E-mail- yashobhumi@gmail.com ■ **मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित**

# 'खुशखबरी! मुंबई से विजयदुर्ग रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन'

**यशोभूमि/एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई से विजयदुर्ग रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन शनिवार को हुआ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस परियोजना की तारीफ करते






## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दी जानकारी

हुए समुद्री मार्ग से यात्रा करने में काफी महत्वपूर्ण बताया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर खुशखबरी साझा करते हुए लिखा, 'खुशखबरी! मुंबई से विजयदुर्ग रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन। मुंबई और विजयदुर्ग (जिला सिंधुदुर्ग) के बीच रो-पैक्स फेरी सेवा कल, 1 मार्च 2026 से शुरू हो रही है।' उन्होंने आगे बताया, 'इससे कोंकण निवासियों को समुद्री मार्ग से यात्रा का एक तेज, आरामदायक और आनंददायक विकल्प मिलेगा। इस सेवा के माध्यम से मुंबई से विजयदुर्ग की यात्रा मात्र 6 से 7 घंटे में पूरी की जा सकेगी।' यह सेवा महाराष्ट्र सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कोंकण क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी। राज्य के मत्स्यव्यवसाय एवं बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने भी इस परियोजना को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' बताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना 2014-2019 के दौरान फडणवीस के बंदरगाह विभाग संभालने के समय से ही चली आ रही है। रो-पैक्स (रो-पैक्स) फेरी सेवा रोल-ऑन/रोल-ऑफ और पैसेंजर दोनों सुविधाओं वाली है। इसमें यात्री अपने वाहन (दो-पहिया, चार-पहिया) के साथ यात्रा कर सकते हैं।

### ट्रैफिक से मिलेगा छुटकारा

मुंबई के भाऊचा धक्का (फेरी व्हार्फ) से सुबह निकलकर यह विजयदुर्ग पहुंचेगी। शुरुआती चरण में मार्च में 16 दिनों का पायलट फेज चलेगा, जिसमें मुंबई और विजयदुर्ग से 8-8 प्रस्थान होंगे। रोजाना यात्रा का समय सड़क मार्ग से 10-14 घंटे (ट्रैफिक सहित) लगता है, जबकि यह समुद्री मार्ग मात्र 6-7 घंटे में पूरा होगा। इससे समय की बड़ी बचत होगी और यात्रा आरामदायक बनेगी। विशेष रूप से शिमगा (होली) और गर्मी की छुट्टियों में कोंकण जाने वाले लाखों लोगों को फायदा होगा। पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि कोंकण के बीच, विजयदुर्ग किला, सिंधुदुर्ग जैसे आकर्षण आसानी से पहुंच सकेंगे।

# करोड़ों की चरस जब्त, चार गिरफ्तार

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में करीब 2.81 करोड़ रुपये कीमत की चरस जब्त की गई है और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह ऑपरेशन मुंबई पुलिस की वर्ली यूनिट ने चलाया। तस्करी का माल रेलवे नेटवर्क के जरिए नेपाल से मुंबई तक पहुंचता



था। यह सिंडिकेट पिछले कुछ महीनों से सक्रिय था और मुंबई में लगातार ड्रग्स पहुंचा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों में दो नेपाली नागरिक हैं, जिनकी पहचान दीपक लामा (31) और सुंदर रुम्बा (28 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, मुंबई के विले पार्ले वेस्ट के रहने वाले आबिद और उसकी पत्नी को भी पकड़ा गया है। इस दौरान 2.81 किलो चरस बरामद हुई, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 2.81 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस द्वारा दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई और उनके पास से 1.715 किलोग्राम चरस और कुछ नकदी मिली।

# मुंबई-पुणे हाइवे: खतरनाक टैंकर पलटने पर एयरलिफ्ट की तैयारी

**यशोभूमि/एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर हाल ही में एक गैस टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने से लगे 36 घंटे लंबे ट्रैफिक जाम से सबक लेते हुए महाराष्ट्र सरकार ने भविष्य के लिए सख्त मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने का निर्णय लिया है। शनिवार को विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

## महाराष्ट्र सरकार बनाएगी नई एसओपी

पर चर्चा के दौरान परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने घोषणा की कि सरकार आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। मंत्री सरनाईक ने सदन को बताया कि दुर्घटनाग्रस्त टैंकर अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ ले जा रहा था और उसके पास वैध लाइसेंस भी था। एक्सप्रेसवे के एक विशेष हिस्से पर चालक के नियंत्रण खोने से टैंकर पलट गया था, जिससे बड़ा खतरा पैदा हो गया था। हालांकि, अधिकारियों की मुस्तैदी से गैस रिसाव या आग लगने जैसी बड़ी आपदा को समय रहते टाल दिया गया, जिससे 500 मीटर के दायरे में होने वाले संभावित नुकसान को रोका जा सका। ट्रैफिक पुलिस, एमएसआरडीसी



और आरटीओ के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षित तरीके से ज्वलनशील पदार्थ को दूसरे टैंकर में स्थानांतरित किया। चर्चा के दौरान शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने एचपीसीएल और बीपीसीएल जैसी कंपनियों द्वारा खतरनाक और वाष्पशील पदार्थों के परिवहन के दौरान सुरक्षा तैयारियों पर चिंता जताई। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि राजमार्गों पर विशेष 'खतरनाक सामग्री प्रतिक्रिया इकाइयां' स्थापित करने और विशेष रूप से सुरंगों में फोम एवं पानी आधारित आधुनिक अग्निशमन प्रणालियों को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, उन्होंने जाम की अवधि के दौरान वसूले गए 5 करोड़ रुपये से अधिक के फास्टैग टोल को वाहन मालिकों को वापस करने की भी घोषणा की।

### ऐसे हादसों से निपटने के लिए स्पष्ट प्रोटोकॉल नहीं

मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया कि कई ट्रांसपोर्टरों के पास ऐसे हादसों से निपटने के लिए स्पष्ट प्रोटोकॉल नहीं हैं, इसलिए अब संबंधित कंपनियों को पर्याप्त बचाव उपकरण रखने के निर्देश दिए गए हैं। राकांपा (एसपी) विधायक जयंत पाटिल ने गंभीर जाम के दौरान त्वरित सहायता के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं के उपयोग का सुझाव दिया, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हेलीकॉप्टर उपलब्ध हैं लेकिन रात में उड़ान भरने की पाबंदियां एक चुनौती हैं। भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए 'इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम' को उन्नत किया जाएगा, ताकि संकट के समय यात्रियों को साइनबोर्ड और एसएमएस के जरिए रियल-टाइम जानकारी मिल सके और वे प्रभावित मार्ग पर जाने से बच सकें।

# शिवड़ी-वरली ब्रिज से लोहे की छड़ गिरने से युवक घायल

**यशोभूमि/एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई के सेवरी-वरली ब्रिज से शुक्रवार रात एक लोहे की छड़ गिरने के कारण 22 वर्षीय एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा मुंबई के आचार्य दोंदे मार्ग पर रात करीब 8:48 बजे हुआ, जब ब्रिज के निर्माण या रखरखाव से जुड़ी एक लोहे की छड़ अचानक नीचे गिर गई। हादसे में घायल युवक की पहचान गणेश विष्णु बुधाले के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय निवासियों ने तत्परता दिखाते हुए घायल गणेश को परेल स्थित ग्लेनीगल्स अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, गणेश को इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया है और वर्तमान में उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# अंधेरी के एक होटल में अंतरराष्ट्रीय सेक्स रैकेट का मुंबई पुलिस ने किया भंडाफोड़

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** नौकरी का झांसा देकर भारत लाई गई युगांडा की दो विदेशी महिलाओं को जबरन देह व्यापार में धकेले जाने का आरोप है। पुलिस ने होटल के चार कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है, जबकि होटल मालिक और एक केन्याई महिला, जो इस रैकेट की मुख्य कड़ी बताई जा रही है, फरार हैं। मुंबई पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई सांताक्रूज पुलिस स्टेशन की एक महिला अधिकारी की शिकायत पर की गई। पुलिस को अंधेरी (पूर्व) के एके रोड स्थित होटल विला पैलेस में संदिग्ध गतिविधियों की गोपनीय सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में पता चला कि 30 और 36 साल की दोनों युगांडाई महिलाओं को रोजगार दिलाने के बहाने भारत लाया गया था। बाद में उन्हें होटल में ही रखा गया और ग्राहकों के लिए मजबूर किया गया। पुलिस के अनुसार, केन्याई नागरिक जैस्मीन ने महिलाओं को मुंबई लाने, उनके ठहरने और ग्राहकों की व्यवस्था करने में अहम भूमिका निभाई। पीड़ित महिलाओं की आवाजाही पर भी सख्त पाबंदी थी।

# केजरीवाल का बरी होना सियासी प्रतिशोध की कार्रवाई पर है 'तमाचा'

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) ने आबकारी नीति मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को बरी किए जाने को शनिवार को राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई पर एक करारा 'तमाचा' करार दिया और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ मामले

## आरोप 'राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित' थे: शिवसेना (उबाठा)

'गढ़ने' वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विपक्षी दल ने आरोप लगाया कि आबकारी नीति मामले में लगाए गए आरोप 'राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित' थे और दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं, दिल्ली के उपराज्यपाल तथा ईडी एवं सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों ने राष्ट्रीय राजधानी में आप सरकार को हटाने के लिए मिलीभगत की थी। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21



अन्य लोगों को आबकारी नीति मामले में बरी कर दिया। आबकारी नीति मामले से आप सरकार की छवि धूमिल हुई थी। अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को फटकार लगाते हुए कहा कि उसे नीति में कोई व्यापक षड्यंत्र या आपराधिक मंशा नहीं मिली। केजरीवाल को 21 मार्च, 2024 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति मामले में और बाद में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।


रेपल अडुलसा व बजर-रंगी लेप के निर्माता का

रेपल लाइसनिट

20ml Pack - MRP Rs. 60/-

१००% आयुर्वेदिक तेल




जुओं, लीखों एवं रुसी को एक ही बार में जड़ से नष्ट करने वाला


विषकारी रसायन विरहित

बच्चों के लिए १००% सुरक्षित

Only Whatsapp : 8369087234

रेपल बजरंगी मालिश तेल | रेपल अडुलसा १००% आयुर्वेदिक कफ सिरप | बजर-रंगी लेप






सस्नेह निमंत्रण



श्री गुरु नानक देव जी

महाराष्ट्र शासन

अल्पसंख्यक विकास विभाग
एवं राज्यस्तरीय समागम समिति
द्वारा आयोजित



श्री गुरु गोबिंद सिंघ जी




"हिंद-दी-चादर"

श्री गुरु तेग बहादुर साहिबजी

३५० वाँ शहीदी समागम




दिनांक : १ मार्च, २०२६
समय : सुबह ८ से १० बजे तक।

स्थान : ओवे मैदान, सेक्टर २९, खारघर, नवी मुंबई, महाराष्ट्र – ४१० २१०



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

प्रमुख उपस्थिती



अमित शाह – केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
एकनाथ शिंदे – उपमुख्यमंत्री
सुनेत्रा अजित पवार – उपमुख्यमंत्री
माधुरी मिसाळ – राज्यमंत्री, अल्पसंख्याक विकास व औकाफ



देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री

आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

चलिए, मिलकर भागीदार बने इस महान शौर्य गाथा के।

"हिंद-दी-चादर" धार्मिक गीत के लिए कृपया QR कोड स्कॅन करें।

निमंत्रक

'हिंद-दी-चादर' श्री गुरु तेग बहादुर साहिबजी ३५० वाँ शहीदी समागम राज्यस्तरीय समिती, समस्त गुरु नानक नाम लेवा संगत, सिख, सिकलीगर, बंजारा, लबाना, सिंधी, मोहयाल, वाल्मीकी, उदासीन एवं भगत नामदेव(वारकरी) संप्रदाय-समाज, महाराष्ट्र राज्य।

संक्षिप्त समाचार

## अवकाश दिनों में बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

यशोभूमि/एजेंसी

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत मार्च में सभी अवकाश दिनों में बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुले रहेंगे। जनसंपर्क अधिकारी राजेश पांडेय ने शनिवार को बताया कि सात मार्च, 14 मार्च, 21 मार्च, 28 मार्च शनिवार एवं एक मार्च, आठ मार्च, 15 मार्च, 22 मार्च, तथा 29 मार्च रविवार, तीन मार्च होली,19 मार्च गुड़ी पड़वां, 20 मार्च जमात- उल-विदा/ ईद उल-फितर के ठीक पूर्व का दिवस/ रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस, 27 मार्च रामनवमी तथा 31 मार्च महावीर जयंती को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे।

## होली पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट

यशोभूमि/एजेंसी

**जांजगीर-चांपा।** आगामी होली पर्व के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय (आईपीएस) के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में विशेष टीमों का गठन कर व्यापक पेट्रोलिंग और निगरानी की व्यवस्था की गई है। होलिका दहन 3 मार्च की रात और 4 मार्च को होली पर्व मनाए जाने के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। पुलिस द्वारा जांजगीर, नैला, अकलतरा, कोटमीसोनार, मुलमुला, बलौदा, पंतोरा, पामगढ़, शिवरीनारायण, राहौद, नवागढ़, चांपा, बम्हनीडीह, बिर्रा और सारागांव सहित सभी थाना क्षेत्रों में अलग-अलग पेट्रोलिंग पार्टियां तैनात की गई हैं।

## शिवाय हॉस्पिटल का 7 मार्च को होगा शुभारंभ

यशोभूमि/एजेंसी

**कोरबा।** शहर में शिवाय हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ 7 मार्च शनिवार को किया जाएगा। 100 बेड क्षमता वाला यह अत्याधुनिक अस्पताल क्षेत्र के नागरिकों को उच्चस्तरीय, सुरक्षित और समयबद्ध चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अस्पताल प्रबंधन के डॉ. दिविक मित्तल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, अस्पताल परिसर को आधुनिक स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है, जहाँ स्वच्छता, सुरक्षा और रोगी सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

## जौनपुर युवक मौत कांड: फडणवीस ने दिया ...

पृष्ठ 1 का शेष... ब्लास्ट में झुलसकर मारे गए जौनपुर के युवक प्रमोद मिश्रा (30) के परिजन न्याय पाने के लिए भटक रहे हैं । उक्त दुर्घटना में उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के गांव चकिया, पोस्ट-बरपुर थाना -बक्सा के मूल निवासी प्रमोद मिश्रा सहित कुल 4 कर्मचारी झुलस गए थे। सभी को ऐरोली स्थित नेशनल बर्न सेंटर में भर्ती कराया गया था। मिली जानकारी के मुताबिक इसमें से प्रमोद मिश्रा की 26 फरवरी को मौत हो गई। घटना के बाद से प्रमोद के परिजन न्याय के लिए अथक प्रयास किए, लेकिन उन्हें ठकेदार (जिसने प्रमोद को काम पर रखा था) की तरफ से उनके हाल पर छोड़ दिया गया। वहीं इस दुर्घटना में स्थानीय तुर्भे एमआईडीसी पुलिस की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।

# संकटों से जूझ रहा है मध्य प्रदेश का गरीब किसान : जीतू पटवारी

यशोभूमि/एजेंसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा वर्ष 2026-27 के बजट को 'किसान कल्याण' का बजट बताए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता के प्रति समर्पण के दावे करने से खेतों की बदहाली छिपाई

### आय दोगुनी करने के वादे से पीछे हट चुकी है सरकार

नहीं जा सकती। सरकार 'खेतों के सशक्तिकरण' की बात कर रही है, जबकि हकीकत यह है कि प्रदेश का किसान घटती वास्तविक आय, बढ़ती लागत, फसल जोखिम और कर्ज के दुष्चक्र से जूझ रहा है। जीतू पटवारी ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि कृषि वृद्धि के सरकारी दावे तब खोखले साबित होते हैं, जब किसानों की शुद्ध आय लागत के अनुपात में



नहीं बढ़ती। डीजल, खाद, बीज, कीटनाशक और बिजली की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन समर्थन मूल्य पर पूरी और समयबद्ध खरीदी अब भी सुनिश्चित नहीं हो पा रही। फसल कटने के बाद भुगतान में देरी, भंडारण की कमी और बाजार में उचित मूल्य न मिलना किसानों को साहूकारों और बैंकों के कर्ज पर निर्भर बनने को मजबूर कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की आय दोगुनी करने के वादे से सरकार पीछे हट चुकी है और अब केवल आंकड़ों की बाजीगरी से भ्रम फैलाया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दिसंबर 2023 से जनवरी 2026 के बीच किसानों और कृषि श्रमिकों की आत्महत्याओं के मामलों पर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा।

### आपदा राहत और बीमा पर जवाबदेही

प्रदेश में असामान्य वर्षा, ओलावृष्टि और सूखे से प्रभावित जिलों का उल्लेख करते हुए पटवारी ने पूछा कि बजट में प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई के लिए कितनी राशि निर्धारित की गई है और कितने किसानों को वास्तविक मुआवजा मिला है। उन्होंने फसल बीमा योजना में पारदर्शिता, बीमा दावों के समयबद्ध निपटारे और निजी बीमा कंपनियों की जवाबदेही तय करने की मांग भी की।

### फसल-नुकसान का आंकड़ा करें सार्वजनिक

जीतू पटवारी ने मांग की कि राज्य सरकार प्रत्येक जिले के लिए वर्ष 2025-26 और 2026-27 का वास्तविक फसल-नुकसान आंकड़ा सार्वजनिक करे, कर्जग्रस्त किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करे तथा आत्महत्या और कर्ज बोझ की शिकायतों की जांच के लिए एक स्वतंत्र और पारदर्शी समिति गठित करे। उन्होंने कहा कि किसान केवल वोट बैंक नहीं हैं, वे प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यह भी कहा कि यदि बजट वास्तव में 'किसान कल्याण' के लिए है तो सरकार को विज्ञापन अभियान नहीं, बल्कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, सिंचाई विस्तार, शून्य ब्याज कृषि ऋण, समयबद्ध भुगतान और आपदा राहत की प्रभावी व्यवस्था लागू करनी चाहिए।

# कूनो राष्ट्रीय उद्यान पहुंचे बोत्सवाना से लाए गए नौ चीते

यशोभूमि/भाषा

**श्योपुर।** बोत्सवाना से नौ चीतों को हवाई मार्ग से शनिवार को मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाया गया और उन्हें एक बाड़े में छोड़ दिया गया। इसके साथ ही देश में चीता पुनर्वास कार्यक्रम के तहत चीतों

### चीतों का यह तीसरा समूह विमान से ग्वालियर पहुंचा

की कुल संख्या बढ़कर 48 हो गई है। मध्यप्रदेश के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एल. कृष्णमूर्ति ने बताया कि केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने छह मादा और तीन नर चीतों को पृथकवास (क्वारंटीन) के लिए बाड़े में छोड़ा। श्योपुर की जिला जनसंपर्क अधिकारी अवंतिका श्रीवास्तव ने संवाददाताओं को बताया कि अफ्रीका से चीतों का यह तीसरा समूह शनिवार को भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के विमान से ग्वालियर पहुंचा। इसके बाद वायु सेना के हेलीकॉप्टरों से कूनो लाया गया।



अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु सेना चीता पुनर्वास कार्यक्रम में सहयोग कर रही है। इससे पहले, सितंबर 2022 में नामीबिया और फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से भी चीतों को इसी तरह लाया गया था। परियोजना 'चीता' के निदेशक उत्तम शर्मा ने कहा, और अधिक चीतों के आने से पुनर्वास कार्यक्रम को मजबूती मिलेगी।

### अब तक कूनो में 39 शावकों का हुआ है जन्म

पिछले वर्ष कूनो में 12 शावकों का जन्म हुआ था, हालांकि इनमें से छह जीवित नहीं रह सके। इस वर्ष सात फरवरी से 18 फरवरी के बीच दो अलग-अलग प्रसव में नौ शावकों का जन्म हुआ है। वर्ष 2023 से अब तक कूनो में कुल 39 शावकों का जन्म हुआ है, जिनमें से 27 जीवित हैं। नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला और आशा, दक्षिण अफ्रीका से लाई गई गामिनी, वीरा और निरवा तथा भारत में जन्मी मुखी ने अब तक शावकों को जन्म दिया है।

# पुलिस अधीक्षक ने की सभी थानों एवं चौकियों के कार्यों की समीक्षा

यशोभूमि/एजेंसी

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ शशि मोहन सिंह ने माह फरवरी 2026 में जिले के समस्त थाना एवं चौकियों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर शनिवार को थाना-वार रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। समीक्षा में अपराध पंजीयन एवं निराकरण, शिकायतों का निकाल, मर्ग प्रकरण, गुम इंसान की दस्तयाबी, माइनर एक्ट, आबकारी एक्ट, जुआ-सट्टा, पशु क्रूरता, एनडीपीएस एक्ट, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, समंस-वारंट की तामिली तथा विभिन्न पुलिस पोर्टलों में प्रविष्टियों की स्थिति का आकलन किया गया। वर्चुअल बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं



थाना/चौकी प्रभारियों को संबोधित करते हुए एसएसपी ने प्रत्येक थाने का रिपोर्ट कार्ड पढ़कर सुनाया। संतोषजनक कार्य करने वालों की सराहना की गई, जबकि अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन करने वाले थाना प्रभारियों को कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

# महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में रंग-गुलाल ले जाने पर प्रतिबंध

यशोभूमि/एजेंसी

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में होली पर रंग-गुलाल ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया

### जांच के बाद ही मिलेगा मंदिर परिसर में प्रवेश

गया है। श्रद्धालु मंदिर परिसर और महाकाल लोक में श्रद्धालु होली नहीं खेल सकेंगे। यहां 2 और 3 मार्च को सख्त जांच के बाद ही भक्तों को प्रवेश मिलेगा। यह फैसला मंदिर प्रबंध समिति द्वारा लिया गया है। दरअसल, साल 2024 की धुलेंडी पर भस्म आरती के दौरान महाकालेश्वर मंदिर में भीषण आग



लग गई थी। इस घटना में पुजारी सहित करीब 14 लोग झुलस गए थे। इसी को ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति ने इस बार विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, गर्भगृह, नंदी मंडपम, गणेश मंडपम, कार्तिकेय मंडपम सहित संपूर्ण मंदिर परिसर और महाकाल लोक क्षेत्र में किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल ले जाना प्रतिबंधित है। रंग उड़ाना या विशेष उपकरण से रंग फैलाना और एक-दूसरे को रंग लगाना पूरी तरह वर्जित रहेगा। भगवान श्री महाकालेश्वर की त्रिकाल आरती में प्रत्येक आरती के दौरान 1-1 किलोग्राम हर्बल गुलाल प्रतीकात्मक रूप से अर्पित किया जाएगा।

# रायपुर : वाहन चेकिंग में व्यक्ति के पास से मिले 75 लाख रुपए



यशोभूमि/एजेंसी

**रायपुर।** एंटी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट तथा थाना आजाद चौक पुलिस ने शुक्रवार की रात वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के पास से 75 लाख रुपये नकद जब्त किये हैं। पुलिस ने आयकर विभाग को सूचना दे दी है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत समता कॉलोनी में शुक्रवार की रात वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के पास से 75 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मिलन शर्मा, निवासी आजाद चौक, रायपुर बताया।

# मुख्यमंत्री साय ने दी किसानों को बड़ी सौगात

यशोभूमि/एजेंसी

**जांजगीर-चांपा।** होली पर्व से पहले प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कृषक उन्नति योजना

### खातों में पहुंची 450 करोड़ से अधिक की धन राशि

अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय धान बोनस वितरण कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत किसानों को 10,324 करोड़ रुपये की आदान सहायता राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने



वर्चुअल माध्यम से जांजगीर-चांपा जिले के विकासखंड नवागढ़ के ग्राम भैंसमुड़ी के किसान सर्मथ सिंह से संवाद किया। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत जांजगीर-चांपा जिले के 1,18,927 किसानों के खातों में कुल 450 करोड़ 85 लाख 45 हजार 132 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे अंतरित की गई। राशि सीधे बैंक खातों में पहुंचने से किसानों में उत्साह का माहौल है। यह आर्थिक सहायता किसानों को आगामी फसल की तैयारी, कृषि निवेश एवं घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक होगी। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम भवन, जांजगीर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## कलेक्टर ने होली उत्पाद स्टॉल का किया शुभारंभ

यशोभूमि/एजेंसी

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शनिवार को मंदसौर में कलेक्टर अदिति गर्ग ने होली उत्पाद स्टॉल का शुभारंभ किया। यह स्टॉल 28 फरवरी 2026 से 01 मार्च 2026 तक जनपद पंचायत मंदसौर परिसर में प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से रात्रि तक आमजन के लिए खुला रहेगा। मेले में जिले के विभिन्न स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है।

# धनखड़ ने किए बाबा महाकाल के दर्शन

यशोभूमि/एजेंसी

**उज्जैन।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को उज्जैन पहुंचकर विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के दर्शन

### भस्म आरती में हुए शामिल

किए। उन्होंने करीब दो घंटे तक नंदी हाल में बैठकर भगवान महाकाल का जाप किया और प्रातःकालीन भस्म आरती में सहभागिता कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ तड़के (चार बजे) निर्धारित समय पर महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। इस



दौरान उन्होंने ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल के दर्शन किए और भस्म आरती की दिव्य व्यवस्था को श्रद्धा भाव से निहारा। इस दौरान उन्होंने भगवान महाकाल से देश की तरक्की, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। आरती के बाद उन्होंने देहरी से दर्शन कर बाबा महाकाल को जल अर्पित किया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने धनखड़ का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर मंदिर प्रशासन की ओर से उन्हें प्रसाद एवं स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

# ग्वालियर : छह जरूरतमंद महिलाएं बनी 'शक्ति दीदी'



यशोभूमि/एजेंसी

**ग्वालियर ।** ग्वालियर जिले में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से कलेक्टर रुचिका चौहान ने 'शक्ति दीदी' के नाम से अभिनव पहल की है। जिला प्रशासन द्वारा अब तक जिले की 101 जरूरतमंद महिलाओं को 'शक्ति दीदी' बनाकर पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में नौकरी दिलाई जा चुकी है। इनमें शनिवार को बनीं छह शक्ति दीदी शामिल हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने शनिवार को डबरा के रेस्ट हाउस के पास स्थित गुप्ता पेट्रोल पंप पर रजिया खान व आरती जाटव को शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही उनका हौसला बढ़ाया।

# धमतरी जिले में अवैध महुआ शराब जब्त

यशोभूमि/एजेंसी

**धमतरी।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 110 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब तथा 25 सौ किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया

### कारोबारियों में मच गया हड़कंप

है। कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी निरुपमा लोनहरे के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। टीम ने शनिवार को मगरलोड क्षेत्र के पहांदा नाला और सिंगपुर नाला में



दबिश दी, जहां अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण और भंडारण किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान मौके से भारी मात्रा में हाथ भट्टी महुआ शराब और लाहन बरामद किया गया। आबकारी अधिनियम की धारा के तहत दो प्रकरण दर्ज किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और विक्रय के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक आशीष ध्रुव (वृत्त प्रभारी, मगरलोड) और आबकारी उपनिरीक्षक (परि) गिरिजा शंकर बघेल की अहम भूमिका रही।

# अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर किया बड़ा हमला, कई लोग मरे

पृष्ठ 1 का शेष... लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने कहा, हमारा संयुक्त अभियान बहादुर ईरानी लोगों के लिए ऐसी परिस्थितियां पैदा करेगा, जिससे वे अपने भविष्य का फैसला खुद अपने हाथों में ले सकें। इन हमलों ने ईरान में अमेरिकी हस्तक्षेप के एक चौंकाने वाले नए अध्याय की शुरुआत कर दी और यह आठ महीनों के भीतर दूसरी बार है जब ट्रंप प्रशासन ने इस्लामी गणराज्य के खिलाफ सैन्य बल का इस्तेमाल किया है। अमेरिका के एक अधिकारी और हमलों के बारे में जानकारी रखने वाले एक अन्य व्यक्ति के अनुसार, जिन लोगों को निशाना बनाया गया था उनमें ईरान के नेतृत्व के सदस्य शामिल हैं।



इस बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली कि शीर्ष अधिकारी मारे गए हैं या नहीं। ये हमले ऐसे समय में हुए जब हाल के हफ्तों में तनाव काफी बढ़ गया था।


महापारेषण
महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित

**जाहीर निवेदन**

पालघर विभागातील सर्व औद्योगिक, वाणिज्यक तसेच घरगुती विद्युत ग्राहकांना सूचित करण्यात येत आहे की, महापारेषण (MSETCL) बोईसर विभागाअंतर्गत अति उच्च दाब (EHV) १३२ केव्ही उपकेंद्र, पालघर येथे ५० एम.व्ही.ए. टान्सफॉर्मर नं. १,२ व ३ चे हॉटस्पॉट अटेन्ड करणे व बस ते बस कपलर डिस्कनेक्ट करणे आणि देखभालीचे काम रविवार **दि. ०१.०३.२०२६ रोजी सकाळी ०८:०० ते दुपारी १५:०० वाजेपर्यंत ७ तास** हाती घेणार आहेत. त्याकरिता खालील फिडरवर लोडशेडिंग राहणार आहे याची सर्व ग्राहकांनी नोंद घ्यावी.

**५० एम.व्ही.ए. ट्रान्सफॉर्मर नं. २ वेळ – (०८:०० ते ०९:३०)**
१) ३३ के.व्ही. फिडर नंबर –१ ( सफाळे) करिता ९.० मेगा वॅट
२) ३३ के.व्ही. फिडर नंबर – २ ( वलन) करिता ४.९ मेगा वॅट
३) ३३ के.व्ही. फिडर नंबर – ३ ( पालघर ) करिता ४.४ मेगा वॅट

**५० एम.व्ही.ए. ट्रान्सफॉर्मर नं. १ वेळ – (१०:०० ते १२:३०)**
१) ३३ के.व्ही. फिडर नंबर – ६ (मासवण) करिता ५.१५ मेगा वॅट
२) ३३ के.व्ही. फिडर नंबर – ७ (मनोर) करिता १६.६ मेगा वॅट

**५० एम.व्ही.ए. ट्रान्सफॉर्मर नं.३ वेळ – (१३:०० ते १५:००)**
१) ३३ के.व्ही. फिडर नंबर – १० (CIDCO २) करिता १.३ मेगा वॅट
२) ३३ के.व्ही. फिडर नंबर – ११ ( पीटीआयसी–१) करिता ४.४ मेगा वॅट
३) ३३ के.व्ही. फिडर नंबर – १२ ( अल्याळी ) करिता ९.० मेगा वॅट

सही/–
कार्यकारी अभियंता
अउदा संवसु विभाग, बोईसर, ता. पालघर, जि. पालघर–४०१ ५०१


## चार सड़कों के लिए 46.65 करोड़ स्वीकृत


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रम सं0: 1 **ई–निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरण** : टेण्डर नं. – ''54–जीकेपी–एमडब्ल्यूएस–2025–26'' ''रिफारबिशमेंट ऑफ टिमकेन मेक यु आइ सी:130 सीटीआरबी ऑफ एल एच बी टाइप कोचेज थ्रू ओईम फॉर 2 ईयर्स ऐज़ फॉर स्कोप ऑफ'' **अनुमानित लागत (रु. में)** : 25,91,40,385.28 **धरोहर राशि (रु.में)**: 14,45,700.00 **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि**: 11.00 बजे 23.03.2026 **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु0 शून्य **संविदा की अवधि** : 24 माह ● उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या **http://www.ireps.gov.in.** पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी.(रिपेयर) गोरखपुर

मुजाधि/यांत्रिक–148

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


यशोभूमि/एजेंसी

**रायपुर।** राज्य शासन ने बिलासपुर जिले में चार सड़कों के लिए 46 करोड़ 65 लाख रुपये मंजूर किए हैं। इस राशि से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में करीब 21 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। लोक निर्माण विभाग ने बिलासपुर में पेण्ड्रीडीह चौक से नेहरू चौक मार्ग के लिए 40 करोड़ 79 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इस राशि से 15.38 किमी सड़क का मजबूतीकरण किया जाएगा। विभाग ने बिलासपुर में एनएच-130ए से नेहरू चौक उसलापुर पुल तक 3.20 किलोमीटर में सड़क निर्माण के लिए चार करोड़ 25 लाख 21 हजार रुपये भी मंजूर किए हैं।

# कृषि को बनाया जाएगा लाभकारी व्यवसाय

यशोभूमि/एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश ने पिछले दशक में कृषि क्षेत्र में 16 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक विकास दर हासिल कर स्वयं को

### म.प्र. देश के कृषि पॉवर-हाउस के रूप में स्थापित

देश के 'कृषि पॉवर-हाउस' के रूप में स्थापित किया है। फसल उत्पादन, उत्पादकता, दुग्ध और मत्स्य पालन में हुई इस अभूतपूर्व प्रगति के बाद अब राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य कृषि को पारंपरिक उत्पादन से आगे बढ़ाकर एक 'लाभकारी व्यवसाय' के रूप में परिवर्तित करना है। मुख्यमंत्री



डा. यादव ने शनिवार को अपने संदेश में कहा कि कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के इस संकल्प के केंद्र में कृषि के उत्पादन और उत्पादकता को तकनीक के माध्यम से बढ़ाते हुए, मार्केटिंग और प्रोसेसिंग से जोड़ना है। समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के लिए वर्ष-2026 कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि और किसानों पर केन्द्रित पूरे वर्ष संचालित होने वाली गतिविधियों से किसानों की आय में स्थाई वृद्धि सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया जायेगा।

### 'विदेश अध्ययन भ्रमण योजना'

'विदेश अध्ययन भ्रमण योजना' कृषि क्षेत्र में वैश्विक नवाचारों को आत्मसात करने के लिए किसानों और अधिकारियों के लिए 'विदेश अध्ययन भ्रमण योजना' को पुनः प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे विश्व की उन्नत तकनीकों को स्थानीय स्तर पर लागू किया जा सके। इसके साथ ही, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देते हुए ग्रीष्मकालीन मूंगफली की खेती के लिए एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जो किसानों के लिए आय का एक अतिरिक्त और मजबूत स्रोत बनेगी।

**अनुसंधान केंद्रों की होगी स्थापना**

डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में कृषि को 'लाभकारी व्यवसाय' बनाने के इस संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सरकार कृषि अनुसंधान और मौसम आधारित जोखिम प्रबंधन को एक नई दिशा देने जा रही है। इस संकल्प के अंतर्गत राज्य की विशिष्ट फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करते हुए उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए महत्वपूर्ण अनुसंधान केंद्रों की स्थापना की जा रही है, 'मध्यप्रदेश राज्य श्रीअन्न अनुसंधान केंद्र' के माध्यम से मिलेट्स के उत्पादन एवं पोषण सुरक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में सिपाही हो गया घायल

यशोभूमि / एजेंसी

**जौनपुर।** सिकरारा थाना क्षेत्र के समाधगंज बाजार में शुक्रवार देर शाम को सड़क दुर्घटना में मुंगरा बादशाहपुर थाने में तैनात एक सिपाही घायल हो गया। उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। उक्त थाने में तैनात सिपाही 30 वर्षीय जितेंद्र यादव कोर्ट के काम से जिला मुख्यालय गए थे। वहां से देर शाम थाने पर लौट रहे थे। समाधगंज बाजार के निकट पहुंचे ही थे कि अचानक सड़क पर बाइक के सामने कुत्ता आ गया। उसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के बगल गड्ढे में चली गई। मौके पर मौजूद अगल-बगल के लोगों ने सिपाही को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर भेजा।

### प्रतापगढ़ : ट्रेन से कटकर युवक की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज से लखनऊ की ओर जा रही मालगाड़ी से कटकर नवाबगंज के आलापुर के पास शुक्रवार की देर शाम एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आलापुर गांव के रहने वाले राम प्रसाद का 40 वर्षीय बेटा रामराज सरोज शुक्रवार की देर शाम को घर के पास रेल लाइन के किनारे टहल रहा था। तभी प्रयागराज से लखनऊ की ओर कोयला लादकर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। मालगाड़ी गुजरने के बाद गांव के लोगों ने देखा, तो उसकी मौत हो गई थी।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव

यशोभूमि / एजेंसी

**कौशांबी ।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के गंभीरा पूरब गांव निवासी एक युवक का शव संदिग्ध दशा में घर के भीतर फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। गंभीरा पूरब निवासी 25 वर्षीय राजकुमार पुत्र राम लखन किसानी करता था। उसकी पत्नी भानुमती देवी आलू बीनने खेत गई थी। बेटी और बेटे को भी साथ लेकर गई थी। शाम को भानुमती बच्चों संग लौटकर घर पहुंची, तो काफी आवाज लगाने के बाद भी भीतर से कोई उत्तर नहीं मिला। इस पर पड़ोसियों की मदद से परिवार वाले किसी तरह अंदर पहुंचे। कमरे का नजारा देख उनकी चीख निकल गई। वहां राजकुमार का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था।

### कार की टक्कर से पूर्व प्रधानपुत्र की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**प्रतापगढ़।** रात करीब डेढ़ बजे जौनपुर की ओर से घर जा रहे बाइक सवार पूर्व प्रधानपुत्र की कार की टक्कर से मौत हो गई। कार मौके पर छोड़कर उस पर सवार लोग भाग निकले। आसपुर देवसरा क्षेत्र के पूरा गांव के पूर्व प्रधान रमापति यादव के 48 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र यादव रात करीब डेढ़ बजे जौनपुर की ओर से बाइक से घर जा रहे थे। ढकवा बाजार में फोरलेन पर अपने गांव के मोड़ पर वाराणसी की ओर जा रही एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। कार मौके पर छोड़कर उस पर सवार लोग भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल वीरेंद्र यादव को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ भेजा, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।

### वैन की चपेट में आने से बालिका की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बसौधा गांव मे ननिहाल में रह रही तीन वर्षीय बालिका की स्कूल वैन की चपेट में आने से मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन के साथ फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। जहानागंज निवासी तीन वर्षीय आरूही पुत्री मंदीप अपनी मां के साथ ननिहाल में मुबारकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बसौंधा निवासी नाना लालबिहारी मौर्य के घर रहती थी। आरूही के माता-पिता ने प्रेम विवाद किया था। दोनों में विवाद चल रहा था, जिससे मां-बेटी बसौधा में रहती थीं। सुबह आरूही नाना के घर से निकली और सड़क पर पहुंच गई। इस दौरान स्कूल वैन की चपेट में आ गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

# घाट पर जलती चिताओं के बीच खेली गई चिता भस्म की होली

यशोभूमि / एजेंसी

**वाराणसी ।** धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में रंगभरी एकादशी के अगले दिन शनिवार को मोक्षतीर्थ मणिकर्णिका घाट पर परंपरागत चिता भस्म की होली धधकती चिताओं के बीच श्रद्धा और पूरे उल्लास के साथ खेली गई। हजारों काशीवासियों ने 'हर-हर महादेव' के

#### हजारों काशीवासियों ने की उत्सव में भागीदारी

#### 'हर-हर महादेव' के जयघोष की रही गूंज

जयघोष और विशाल डमरुओं की निनाद के बीच बाबा महाश्मशाननाथ के विग्रह पर चिता भस्म, अबीर और गुलाल अर्पित कर उत्सव में भागीदारी की। घाट पर 'खेलें मसाने में होरी दिगंबर' गीत की स्वर-लहरियों पर युवा देर तक जलती चिताओं के मध्य सामूहिक रूप से थिरकते रहे। काशी में मृत्यु को भी उत्सव के रूप में स्वीकार करने की परंपरा का जीवंत दृश्य महाश्मशान घाट पर देखने को मिला। इससे पूर्व चिता भस्म की होली में शामिल होने के लिए घाट पर औघड़, अघोरी, साधु-संत, शिवभक्त, स्थानीय नागरिक और बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक उमड़ पड़े। नव-निर्माण कार्य के कारण घाट पर श्रद्धालुओं के लिए स्थान सीमित रहा। एक ओर अंतिम संस्कार के लिए शवों की कतार थी, तो दूसरी ओर 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी उद्घोष करते युवाओं का हुजूम। काशी की मान्यता के अनुसार, बाबा विश्वनाथ के गौना उत्सव में उनके गण–पिशाच, भूत-प्रेत, डाकिनी-शाकिनी, औघड़ और अघोरी ससुराल पक्ष के आग्रह पर सम्मिलित नहीं हो पाते। ऐसे में महादेव अपने गणों को निराश नहीं करते और गौना के अगले दिन मणिकर्णिका पर उनके साथ चिता-भस्म की होली खेलते हैं।



#### अनूठी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है यह होली

**चिता भस्म की होली से पूर्व मणिकर्णिका घाट स्थित बाबा महामशानेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत मध्याह्न आरती संपन्न हुई। आरती के उपरांत आयोजन समिति के पदाधिकारियों और युवाओं की टोली डमरू और नगाड़ों की थाप पर 'हर–हर महादेव' के जयकारों के साथ चिता–भस्म की होली में शामिल हुई। राग और विराग के इस अद्वितीय संगम को कैमरे में कैद करने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक घाट पर डटे रहे। काशी में जीवन और मृत्यु को समभाव से स्वीकार करने की परंपरा के बीच चिता भस्म की यह होली आस्था, अध्यात्म और अनूठी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।**

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कंटेनर और टैंकर की टक्कर में युवक की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**सुल्तानपुर ।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शनिवार को हलियापुर थाना क्षेत्र में एक कंटेनर ने सड़क किनारे खड़े गैस टैंकर को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद टैंकर से गैस

#### हादसे में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल

#### टक्कर के बाद शुरू हो गया गैस का रिसाव

का रिसाव शुरू हो गया, जिसके चलते एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात रोक दिया गया था। थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरी ने बताया कि यह घटना माइल स्टोन 87.500 पर हुई।

एक टैंकर सड़क किनारे खड़ा था। हरियाणा का एक कंटेनर सड़क किनारे खड़े टैंकर से जा टकराया। टक्कर के कारण टैंकर से तरल पदार्थ सड़क पर फैल गया और गैस का रिसाव भी शुरू हो गया।

सूचना मिलते ही हलियापुर थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरी और उनकी टीम ने राहत-बचाव कार्य किया। इस दौरान एहतियातन एक्सप्रेसवे पर यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया गया था, ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।



#### कुछ समय के लिए रोक दिया गया था यातायात

**थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरी ने बताया कि यह घटना माइल स्टोन 87 .500 पर हुई। एक टैंकर सड़क किनारे खड़ा था। हरियाणा का एक कंटेनर सड़क किनारे खड़े टैंकर से जा टकराया। टक्कर के कारण टैंकर से तरल पदार्थ सड़क पर फैल गया और गैस का रिसाव भी शुरू हो गया। सूचना मिलते ही हलियापुर थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरी और उनकी टीम ने राहत–बचाव कार्य किया। इस दौरान एहतियातन एक्सप्रेसवे पर यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया गया था, ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।**

## अमेठी : सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवती की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**अमेठी ।** जिले के थाना संग्रामपुर क्षेत्र में शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवती की इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। थाना संग्रामपुर क्षेत्र के कंसापुर निवासी पशुपालक किसान शारदा

#### छोटे भाई का अस्पताल में चल रहा है इलाज

चौरसिया की पुत्री गुड़िया (18) अपने छोटे भाई प्रांजल (10) के साथ शुक्रवार शाम लगभग 7 बजे के करीब साइकिल से अमेठी-किठावर मार्ग स्थित कंसापुर चौराहा मेला का बगिया दुग्ध क्रय केंद्र पर गाय का दूध बेचने गई थी। दूध बेचकर दोनों भाई-बहन साइकिल से वापस घर



लौट रहे थे। जैसे ही गुड़िया सड़क पार करने के लिए आगे बढ़ी, तभी तेज गति से आ रही एक अज्ञात बोलेरो ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गुड़िया के सिर में गंभीर चोट आई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग घायल गुड़िया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## युवा कांग्रेस के संसदीय जनसंपर्क कार्यालय मार्च को पुलिस ने रोका

यशोभूमि / एजेंसी

**वाराणसी ।** भारतीय युवा कांग्रेस की वाराणसी महानगर इकाई ने शनिवार को 'पीएम कम्प्रोमाइज' कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री के संसदीय जनसंपर्क कार्यालय की ओर कूच किया। हालांकि, पुलिस ने मैदागिन क्षेत्र में ही कार्यकर्ताओं को रोक दिया, जिसके

#### आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

बाद उन्होंने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मैदागिन स्थित पार्टी कार्यालय से पैदल मार्च निकालकर जवाहर नगर एक्सटेंशन, गुरुधाम स्थित प्रधानमंत्री के संसदीय जनसंपर्क कार्यालय की ओर बढ़ रहे थे। मार्च के




आगे बढ़ते ही अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ उन्हें रोक दिया। इससे आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कुछ देर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के स्थानीय महानगर अध्यक्ष चंचल शर्मा ने आरोप लगाया कि कार्यकर्ता शांतिपूर्ण ढंग से हाथों में तख्तियां और संविधान की प्रस्तावना लेकर मार्च कर रहे थे, लेकिन जिला प्रशासन ने उन्हें पार्टी कार्यालय के नीचे ही बलपूर्वक रोक दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से निकाले जा रहे मार्च को रोकना सरकार की असहिष्णुता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे देश के युवा स्वीकार नहीं करेंगे।

## आजमगढ़ : दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**आजमगढ़।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के बघौरा गांव के समीप शुक्रवार की रात दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। गाजीपुर जनपद के

#### दुर्घटना में दो लोग हो गए घायल

दिलदारनगर कस्बा निवासी 25 वर्षीय विश्वजीत कुशवाहा पुत्र शिवमंगल कुशवाहा सबमर्सिबल पंप की बोरिंग का काम करते थे। वे दिलदारनगर बाजार निवासी 24 वर्षीय लालू यादव पुत्र सुरेंद्र यादव के साथ कई दिनों से सरायमीर क्षेत्र में एक व्यक्ति के यहां सबमर्सिबल पंप की बोरिंग कर रहे थे। काम खत्म होने के बाद विश्वजीत शुक्रवार की रात करीब आठ बजे अपने साथी लालू के साथ बाइक पर पाइप लेकर कहीं अन्य जगह बोरिंग करने के लिए जा रहे थे। वे बघौरा गांव के पास पहुंचे थे, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। दुर्घटना में विश्वजीत, उनके मित्र लालू के अलावा दूसरी बाइक पर सवार 25 वर्षीय पंकज यादव पुत्र सुभाष यादव निवासी संजरपुर थाना सरायमीर घायल हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को रानी की सराय सीएचसी भेजवाया।



## ट्रेन में यात्रियों के सामान चोरी करने वाले चार चोर गिरफ्तार

यशोभूमि / एजेंसी

**आजमगढ़ ।** राजकीय रेलवे थाना पुलिस ने आजमगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो से ट्रेन में यात्रियों के सामान चोरी करने वाले चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

#### 1.60 लाख नकद और चोरी के आभूषण बरामद

पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने 1.60 लाख रुपये के अलावा चोरी के आभूषण बरामद किए। मुखबिर से मिली सूचना पर जीआरपी प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन, सब इंस्पेक्टर धर्मराज ने आजमगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो के पूर्वी छोर पर खड़े चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से एक लाख 60 हजार रुपये, सोने के मंगलसूत्र, एक जोड़ी बाली, नथुनी और चांदी की एक जोड़ी पायल बरामद की। पकड़े गए चोरों में नदीम शाह उर्फ चिंटू पुत्र मोहम्मद कादिर, मोहम्मद अजीम पुत्र मोहम्मद कयूम ग्राम गजहड़ा थाना मुबारकपुर, नसरुद्दीन शाह पुत्र फरीद शाह ग्राम बीबीगंज थाना दीदारगंज एवं हरिशचंद्र कुमार पुत्र सोम्मर ग्राम दामोदरपुर थाना मुबारकपुर के निवासी हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार चोरों ने बताया कि ट्रेनों में घूमकर वे यात्रियों के बैग देखते थे। बैग में ताला बंद देख अनुमान लगा लेते थे कि उसमें कीमती सामान रखा है। बाद में ब्लेड से बैग का चेन काटकर उसमें रखे कीमती सामान चुरा लेते थे। चुराए गए सामान और जेवर बेचकर रुपये आपस में बांट लेते थे। इन चोरों ने 21 फरवरी को शाहगंज से बलिया जा रही पैसेंजर ट्रेन में सवार एक महिला यात्री के बैग से तीन मंगलसूत्र, हार, झुमका, तीन अंगूठी, पायल, बाली, नथुनी और 28 हजार रुपये चोरी कर लिए थे।



## एसपी ने पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में किए बदलाव

यशोभूमि / एजेंसी

**सुल्तानपुर ।** होली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने शनिवार को बड़े पैमाने में पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

#### सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखना है उद्देश्य

किया। एसपी ने एक निरीक्षक, पंद्रह उप निरीक्षक और हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल को इधर से उधर किया है। इनमें निरीक्षक पंडित त्रिपाठी को जांच प्रकोष्ठ से अपराध शाखा लंभुआ का निरीक्षक बनाया है। उप निरीक्षक वासुदेव यादव को फील्ड यूनिट में भेजा है। उप निरीक्षक ज्ञान बहादुर यादव को प्रभारी फिंगर प्रिंट बनाया गया है।

उप निरीक्षक राम सिंह को जेल सुरक्षा पर लगाया गया है। इनके अलावा उप निरीक्षक रमेश शुक्ला को लंभुआ, उप निरीक्षक महेंद्र कुमार राय को बल्दीराय, उप निरीक्षक जीतेन्द्र सिंह चौहान को कुड़वार, उप निरीक्षक बृजेन्द्र कुमार सिंह को कुड़वार, उप निरीक्षक श्याम कुमार सिंह को न्यायालय सुरक्षा, उप निरीक्षक जगदीश यादव को लंभुआ, उप निरीक्षक संजय चौबे को लंभुआ, उप निरीक्षक भरत सिंह को बल्दीराय, उप निरीक्षक विजय प्रताप को बल्दीराय, उप निरीक्षक राम बाबू सिंह को बल्दीराय, उप निरीक्षक नदीम अहमद को न्यायालय सुरक्षा में तैनात किया गया है। हेड कांस्टेबल दुर्गा प्रसाद पांडेय को हेड पेशी पर भेजा गया है।



## जौनपुर : मौसा के घर करंट लगने से बालक की हुई मौत

यशोभूमि / एजेंसी

**जौनपुर।** चंदवक थाना क्षेत्र के बरैछे गांव से अपने मौसा के घर गाजीपुर के सैदपुर में गए एक नौ वर्षीय बालक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। गत शाम को हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार, बरैछे गांव निवासी सुजीत यादव का नौ वर्षीय पुत्र अभी परिजनों के साथ सैदपुर अपने मौसा के घर गया था। वहां छत के ऊपर से गुजरे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। बताया जाता है कि सुजीत यादव की दो संतान एक बेटा और एक बेटी थे। मृतक बेटा कक्षा 4 का छात्र था। जन्मदिन समारोह के दौरान वह घर की छत पर चला गया। इसी दौरान छत के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन आनन-फानन में उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### घटना से परिजनों में मच गया कोहराम

## सुल्तानपुर : पुलिस ने तीन गोकशों को किया गिरफ्तार

यशोभूमि / एजेंसी

**सुल्तानपुर ।** लंभुआ कोतवाली पुलिस ने तीन गोकशों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। इससे पहले उनके दो साथी गिरफ्तार किए गये थे।

#### पहले उनके दो साथी किए गये थे गिरफ्तार

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अखण्ड प्रताप सिंह ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि लंभुआ थाना प्रभारी धीरज कुमार के नेतृत्व में टीम शुक्रवार रात को चौकिया रोड से सरैया गौतमपुर को जाने वाली नहर पट्टी के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान तीन गोकशों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान मोहम्मद जावेद, मोहम्मद परवेज और सैद उर्फ सलमान के रूप में हुई है। ये तीनों जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र स्थित सारी जहांगीरपट्टी के निवासी हैं। एएसपी ने बताया कि इस मामले में अभियुक्त अरबाज और सुभान को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस ने जब दोनों को गिरफ्तार किया था, तो उनके कब्जे से एक गाय और तीन बछड़ों को मुक्त कराते हुए पिकअप वाहन और अन्य चीजें बरामद की थी। उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही थी। उन्होंने बताया कि आरोपित अपने सह-अभियुक्तों के साथ मिलकर गोवंश पशुओं का वध कर गोमांस बेच रहे थे। इस संबंध में लंभुआ कोतवाली में एक मुकदमा दर्ज था।



### घर के बाहर खेल रहे किशोर को सर्प ने काटा

यशोभूमि / एजेंसी

**जौनपुर।** शुक्रवार की देर शाम घर के बाहर खेल रहे किशोर को सर्प ने काट लिया। किशोर का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के खरुआंवा गांव निवासी 16 वर्षीय अंशु सरोज पुत्र अशोक सरोज शुक्रवार की देर शाम घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान एक सर्प ने उसे काट लिया। किशोर ने देखा कि सर्प काटने के बाद वहीं बगल की एक बिल में घुस गया। उसने चिल्लाकर परिजनों को बुलाया और सारी बात बताई।

## सोनभद्र : दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की सजा

यशोभूमि / भाषा

**सोनभद्र।** जिले की एक अदालत ने सात वर्ष पूर्व एक नाबालिग दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई और अर्थदंड भी लगाया। अभियोजन

#### 56 हजार रुपए का लगाया गया अर्थदंड

पक्ष ने यह जानकारी दी। शासकीय अधिवक्ता दिनेश प्रसाद अग्रहरि ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (पाक्सो अधिनियम) अमित वीर सिंह की अदालत ने जिले के चापेन थाना क्षेत्र के रजधन निवासी राज मिश्रा को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 56 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। दोषी को अर्थदंड अदा नहीं करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने अर्थदंड की राशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया। अग्रहरि ने बताया कि 25 अक्टूबर 2018 की शाम एक महिला ने राबर्ट्सगंज थाने में एक लिखित तहरीर दी थी कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को उसका परिचित राज मिश्रा बहला-फुसलाकर एक जंगल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि दुष्कर्म के बाद आरोपी ने उसकी पुत्री के साथ मारपीट की तथा उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपशब्द भी कहे। उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की तथा पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।



## जौनपुर : होली को लेकर बाजारों में बढ़ गई है रौनक

यशोभूमि / एजेंसी

**जौनपुर।** रंगों का पर्व होली इस बार रंगभरी एकादशी से शुरू होकर मुख्य पर्व तक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। त्योहार नजदीक आते ही शहर से लेकर गांव तक बाजारों में रौनक बढ़ गई है। रंग, गुलाल और पिचकारियों से सजी दुकानों पर खरीदारों की भीड़

#### हर्बल गुलाल के प्रति देखा जा रहा विशेष आकर्षण

उमड़ रही है। खास बात यह है कि इस वर्ष लोगों में हर्बल गुलाल के प्रति विशेष आकर्षण देखा जा रहा है। शहर के प्रमुख बाजारों में ओलंदगंज, कोतवाली चौराहा, चहारसू चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा, लाइन बाजार और कचहरी क्षेत्र में रंग-बिरंगे गुलाल और अबीर से दुकानें सजी हुई हैं। बच्चों के लिए आकर्षक पिचकारियां और पानी के टैंक भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार लोग केमिकल रंगों की बजाय त्वचा के अनुकूल हर्बल उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं। होली के पारंपरिक व्यंजनों की तैयारी भी जोरों पर है। आलू, साबूदाना और मूंग के पापड़ के साथ-साथ चावल, मक्का और साबूदाना के चिप्स की दुकानों पर अच्छी बिक्री हो रही है। मैदा, रिफाइंड तेल और मसालों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग शहर पहुंचकर त्योहार से जुड़ी खरीदारी कर रहे हैं। जिले के अन्य प्रमुख बाजारों-शाहगंज, खेतासराय, मछलीशहर, मड़ियाहूं, केराकत और जलालपुर में भी होली की तैयारियां तेज हैं। इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च को तथा रंगोत्सव 4 मार्च को मनाया जाएगा।



#### त्योहार से जुड़ी खरीदारी कर रहे हैं लोग

**शहर के प्रमुख बाजारों में ओलंदगंज, कोतवाली चौराहा, चहारसू चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा, लाइन बाजार और कचहरी क्षेत्र में रंग–बिरंगे गुलाल और अबीर से दुकानें सजी हुई हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार लोग केमिकल रंगों की बजाय त्वचा के अनुकूल हर्बल उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं। होली के पारंपरिक व्यंजनों की तैयारी भी जोरों पर है। आलू, साबूदाना और मूंग के पापड़ के साथ–साथ चावल, मक्का और साबूदाना के चिप्स की दुकानों पर अच्छी बिक्री हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग शहर पहुंचकर त्योहार से जुड़ी खरीदारी कर रहे हैं।**

## संक्षिप्त समाचार

### रेलिंग से टकराकर बाइक सवार की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मिर्जापुर।** चुनार कोतवाली क्षेत्र में चुनार-मिर्जापुर एनएच-35 पर ग्लेनहिल स्कूल के पास दर्दनाक हादसे में 53 वर्षीय सूर्यकांत मणि मौर्य उर्फ गुड्डू बाबा की मौत हो गई। सराय टेकौर निवासी सूर्यकांत मणि मौर्य रामबाग स्थित एक उत्सव लॉन में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। मृतक के साले दुर्गा प्रसाद मौर्य की तहरीर के अनुसार, ग्लेनहिल स्कूल के पास हाइवे पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चचेरी मोड़ ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने दी जान

**यशोभूमि / एजेंसी**

**बिजनौर।** जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र के ताजपुर पुलिस चौकी इलाके में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। परिवार का आरोप है कि युवक एक लड़की से प्रेम करता था। उसके परिजनों ने घर आकर गाली-गलौज की, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया है। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाला संजय का बेटा अभिषेक (22) मोहल्ले की एक लड़की से प्रेम करता था। जब लड़की पक्ष को उनके इस प्रेम संबंध का पता चला, तो उन्होंने अभिषेक के घर पहुंचकर कथित तौर पर उसे व उसके परिजनों के साथ गाली-गलौज की। इस घटना से अभिषेक बेहद आहत हो गया और उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### डीजे का साउंड गिरने से अधेड़ की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**हमीरपुर।** जिले में ट्रैक्टर- ट्राली में बैठकर बारात में जा रहे अधेड़ सफाई कर्मचारी के ऊपर डीजे का साउंड गिरने से वह घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बिंवार थाना क्षेत्र के बिगहना निवासी राजा (54) पुत्र बाबूलाल पेशे से ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारी का काम करता था। अपने परिचित नरायच निवासी सजातीय सफाई कर्मचारी के पुत्र की शादी में डीजे की ट्राली में बैठकर नरायच से छिरका जा रहा था। उसी दौरान नेशनल हाइवे पर छिरका के निकट अचानक डीजे का साउंड राजा के ऊपर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### सड़क हादसे में चालक की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रयागराज ।** जिले में स्थित कर्नलगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात सड़क हादसे में एक विक्रम चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की देर रात एक हादसे में सराय इनायत थाना क्षेत्र के ककरा दुबावल निवासी विक्रम चालक सूरज केशरवानी (20) पुत्र रमेश चंद्र केसरवानी की मौत हो गई। पूछताछ में पता चला है कि मृतक अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसके पिता पिछले छह वर्षों से बीमार चल रहे हैं। मां महिमा ने कुछ समय पूर्व दूसरी शादी कर ली थी। उसकी बहन करिश्मा की शादी हो चुकी है।

### दीवार गिरने से बच्चे की दबकर मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**हमीरपुर।** जिले के मौदहा कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को मकान की कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर एक बच्चे की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। कोतवाल संतोष सिंह ने बताया कि मौदहा कोतवाली क्षेत्र के खंडेह गांव निवासी मातादीन श्रीवास का 11 वर्षीय बेटा आशीष अपने चाचा संतोष के निर्माणाधीन मकान में खेल रहा था। इसी दौरान मकान की दूसरी ओर की कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई और आशीष मलबे में दब गया। परिजनों और आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए मलबा हटाया और बच्चे को तत्काल मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# किसी भी जिले में न हो जहरीली शराब का उत्पादन और बिक्री

## आबकारी व्यवस्था की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

## होली पर विशेष सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

**यशोभूमि / एजेंसी**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर होली पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था एवं आबकारी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहार के अवसर पर विशेष सतर्कता बरती जाए और अवैध तथा जहरीली शराब के किसी भी प्रकार के उत्पादन एवं बिक्री को पूर्णतः रोका जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी जनपद में अवैध मदिरा के सेवन से कोई दुर्घटना न होने पाए। इसके लिए संवेदनशील जनपदों में विशेष चौकसी सुनिश्चित की जाए तथा अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाए।



### शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो होली

**मुख्य सचिव ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि होली पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शराब की दुकानों को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक बंद न रखा जाए, क्योंकि इससे अवैध तरीके से शराब की क्रय-विक्रय को बढ़ावा मिल सकता है तथा अवैध एवं जहरीली शराब के सेवन से दुर्घटनाओं की संभावना रहती है। स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर ही जिला प्रशासन दुकानों की बंदी के संबंध में निर्णय ले, ताकि व्यवस्था संतुलित एवं नियंत्रित बनी रहे।**

उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी क्षेत्र में न तो अवैध एवं जहरीली शराब का निर्माण हो और न ही उसकी बिक्री होने पाए। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों, ढाबों एवं अन्य संभावित स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी अवैध शराब की बिक्री न हो तथा अधिक दर पर मदिरा विक्रय की शिकायत न मिले। सीमा क्षेत्रों, विशेषकर अंतरराज्यीय बार्डर पर सतर्कता बढ़ाई जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। साथ ही भांग की अधिकृत दुकानों पर किसी भी दशा में गांजा की बिक्री न होने देने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने प्रशासन को अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जाए।

# पुलिस मुठभेड़ में घायल कुख्यात इनामी बदमाश पवन उर्फ कल्लू की हो गई मौत

## उपचार के लिए अस्पताल में कराया गया था भर्ती

## ताजगंज में दर्ज रंगदारी के मामले में था वांछित

**यशोभूमि / एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ की नोएडा यूनिट और आगरा पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई में कुख्यात इनामी बदमाश पवन उर्फ कल्लू की मौत हो गई। 27 फरवरी को थाना एकता क्षेत्र में एसटीएफ की नोएडा यूनिट और आगरा पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए कुख्यात इनामी बदमाश को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार किया था। मुठभेड़ के दौरान बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। अस्पताल में पवन उर्फ कल्लू की मौत हो गई। पवन कमिश्नरेट आगरा के थाना ताजगंज में दर्ज रंगदारी के एक मामले में वांछित था और उस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार पवन शासन द्वारा चिन्हित कुख्यात रणदीप भाटी-अमित कसाना गैंग का सक्रिय शूटर था। उस पर हत्या के चार और रंगदारी के दो समेत कुल 18 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक वर्ष 2021 में हत्या के एक मामले में उस पर एक लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। उस समय उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल में रहने के दौरान वह हरियाणा के कुख्यात हिमांशु भाऊ गैंग के संपर्क में आ गया। वर्ष 2025 में जेल से रिहा होने के बाद उसने बड़े पैमाने पर रंगदारी मांगना शुरू कर दिया था।



### भाटी-कसाना गैंग का था सक्रिय शूटर

**कुख्यात इनामी बदमाश पवन उर्फ कल्लू कमिश्नरेट आगरा के थाना ताजगंज में दर्ज रंगदारी के एक मामले में वांछित था और उस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार पवन शासन द्वारा चिन्हित कुख्यात रणदीप भाटी-अमित कसाना गैंग का सक्रिय शूटर था। उस पर हत्या के चार और रंगदारी के दो समेत कुल 18 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक वर्ष 2021 में हत्या के एक मामले में उस पर एक लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। उस समय उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।**

# सिद्धार्थनगर : लाखों की हुई चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

## दोस्त ने ही दिया था चोरी की वारदात को अंजाम

**यशोभूमि / एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** जिले की खेसरहा थाना एवं सर्विलांस टीम ने बीते दिनों हुए लाखों की चोरी की घटना का खुलासा शनिवार को किया। पुलिस का दावा है कि चोर ने अपने ही दोस्त के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने शनिवार को बताया कि क्षेत्र में ग्राम बरगदवा निवासी शैलेश गौतम ने 26 फरवरी को खेसरहा थाना में तहरीर दी कि बीते दिसंबर 2025 माह में वह माता-पिता और पत्नी के साथ कारोबार के सिलसिले में गुजरात गया था। घर पर दादी, उसका छोटा भाई साहिल और उसकी पत्नी मौजूद थी। 10 दिसंबर 2025 को चोर उसके घर से लाखों रुपये के जेवर चोरी कर ले गये। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस मामले में पुलिस ने शनिवार को बरगदवा निवासी विशाल उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया।



उसके पास से चोरी के गहने के बिक्री के एक लाख 98 हजार पांच सौ रुपये और 20 लाख रुपये के जेवर बरामद किये। पूछताछ में अभियुक्त विशाल ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले हुई थी। शादी में काफी रुपये का कर्जा हो गया था। साहिल उसका दोस्त है और अक्सर उसके घर पर आना-जाना था। एक दिन जब वह साहिल के घर पर था, तो उसने साहिल की पत्नी को कमरे की रखी अलमारी में जेवर व चाभी रखते हुए देख लिया था। 10 दिसंबर की रात वह कमरे में पहुंचा और सारे जेवर चोरी कर अपने घर ले आया। जनवरी महीने में मौका पाकर उसने नेपाल में जाकर छह लाख भारतीय रुपये में बेच दिया। चार लाख रुपये परिवार पर खर्च कर दिए।

# पूर्व सैनिकों ने डीएम और एसपी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

## विभिन्न मामलों में की कार्रवाई की मांग

**यशोभूमि / एजेंसी**

**बिजनौर।** जनपद में एक्स-सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले पूर्व सैनिकों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मामलों में तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि फरवरी 2025 में चांदपुर तहसील के ग्राम पुरैना में एक पूर्व सैनिक पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था। आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने का प्रयास किया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद नामजद आरोपितों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एक अन्य घटना बिजनौर के भरत बिहार से संबंधित है, जहां एक पूर्व सैनिक का पोता 24 दिसंबर 2025 से लापता है। पुलिस अधीक्षक को सूचित करने और प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद लापता पोते का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। अफजलगढ़ थाना क्षेत्र में एक पूर्व सैनिक की बैनामाशुदा संपत्ति पर निर्माण कार्य में उपद्रवियों द्वारा बाधा डालने का आरोप है। उन्हें धमकियां भी दी जा रही हैं। नजीबाबाद के ग्राम धंसानी में पार्किंग विवाद को लेकर एक सेवारत सैनिक को पुलिस कांस्टेबल संजय कसाना पर धमकाने और अभद्र व्यवहार करने का आरोप है। पूर्व सैनिकों का कहना है कि पुलिस अधीक्षक को सूचित करने के बाद भी इस मामले में कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व सैनिकों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से इन सभी मामलों का व्यक्तिगत संज्ञान लेने और संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की।



# रामगंगा में मिला युवक का शव

## शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी पुलिस

**यशोभूमि / एजेंसी**

**फर्रुखाबाद।** जिले में थाना राजेपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डबरी के पास शनिवार दोपहर रामगंगा नदी में एक युवक का शव उतराया मिला। पानी से बाहर निकलवाया और मौके पर मौजूद ग्रामीणों व आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। विधिक प्रक्रिया कर शव



पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मृतक की पहचान करने में जुट गई है। राजेपुर थाना में तैनात उप निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि ग्राम डबरी के चौकीदार वीरपाल ने थाना क्षेत्र से जुड़ने वाली रामगंगा नदी में एक शव होने की सूचना थाना पुलिस को दी। थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से शव को का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में जिला कंट्रोल रूम और आसपास के जनपदों के थानों को हुलिए के आधार पर सूचना भेज दी गई है, ताकि गुमशुदा लोगों के रिकॉर्ड से मिलान किया जा सके।

# हादसे में ई-रिक्शा सवार पिता-पुत्री घायल

**यशोभूमि / एजेंसी**

**कौशांबी।** पिपरी थाने के तिल्हापुर मोड़ बाजार में बेकाबू डंपर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्री दोनों घायल हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने घायलों को उठाकर इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। बूंदा गांव निवासी मुजम्मिल पुत्र छोटे मियां अपनी बेटी मुनीजा को लेने के लिए तिल्हापुर मोड़ स्थित स्कूल गए थे। बेटी को लेकर वह ई-रिक्शा से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तिल्हापुर मोड़ बाजार के समीप प्रयागराज की तरफ से आ रहे बेकाबू डंपर ने खड़ी ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने भागकर घायलों को उठाया और इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# अवैध कच्ची शराब संग सात गिरफ्तार

**यशोभूमि / एजेंसी**

**देवरिया।** तरकुलवा थाना पुलिस और आबकारी विभाग ने सयुंक्त कार्रवाई कर सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए मौके से 600 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने शनिवार को बताया कि एक सूचना के बाद संयुक्त पुलिस टीम ने ग्राम कोन्हवलिया थाना तरकुलवा में छापेमारी की।

# हादसे में स्कूटी सवार पति-पत्नी की मौत

## खबर मिलते ही परिवार में मच गया कोहराम

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मिर्जापुर ।** वाराणसी-मिर्जापुर हाइवे पर बरईपुर गांव के सामने शनिवार शाम करीब चार बजे दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार पति-पत्नी की मौत हो गई। सर्विस रोड की ओर मुड़ते समय पीछे से आ रहे टेलर ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी। जमालपुर थाना क्षेत्र के रीवा जयपट्टी कलां निवासी 63 वर्षीय नन्दू राम पुत्र कल्लू राम और उनकी 55 वर्षीय पत्नी कृष्णावती वाराणसी से नरायनपुर की ओर स्कूटी से लौट रहे थे। बरईपुर के पास सोनभद्र कट मार्ग पर अचानक पीछे से आई तेज रफ्तार टेलर की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें रामनगर स्थित लालबहादुर शास्त्री चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। सूचना पर रामनगर थाना पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक नन्दू राम खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके दो पुत्र और तीन पुत्रियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुत्र नागेंद्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




# कौशांबी: महिला की हत्या के दोषी पति और देवर को आजीवन कारावास

## 20-20 हजार रुपए लगाया गया जुर्माना

**यशोभूमि / भाषा**

**कौशांबी।** जिले की एक अदालत ने एक महिला की हत्या के मामले में उसके पति एवं देवर को दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उन पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। एक अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अनिरुद्ध मिश्रा ने बताया कि जनपद न्यायालय की अपर जिला सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) फरीदा बेगम ने सुनवाई पूरी करने के बाद मृत महिला के पति अमरदेव एवं देवर मनोज कुमार को दोषी करार दिया तथा उन्हें सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। मिश्रा ने बताया कि 21 फरवरी 2017 को जिले के करारी थाने में वादी इंदल प्रसाद (निवासी गुवारा तैयबपुर ग्राम) ने सूचना दी कि उसकी बहू ज्ञानमती एवं उसके बेटे अमरदेव के बीच किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद ज्ञानमती ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई है। तहरीर के आधार पर करारी थाने में मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि ज्ञानमती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके गले, पैरों और कंधों पर गंभीर चोट के निशान पाए गए, जिससे हत्या की पुष्टि हुई। मिश्रा ने बताया कि इसके बाद जांच अधिकारी ने अमरदेव एवं मनोज को आरोपी बनाते हुए आरोप पत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा कि अदालत ने सुनवाई पूरी करने के बाद सजा सुनाई।



# पेड़ से लटका मिला विवाहिता का शव

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रयागराज।** जिले में स्थित औद्योगिक थाना क्षेत्र के मुंगारी बल्लू का डेरा गांव में शनिवार को घर के पीछे एक पेड़ से विवाहिता का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। विवाहिता के मायके वालों ने थाने में तहरीर देकर हत्या की आशंका जताई है। पुलिस जांच कर रही है। यमुनानगर इलाके के पुलिस उपायुक्त विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि प्रयागराज के औद्योगिक थाना में शनिवार को सूचना मिली कि औद्योगिक के मुंगारी बल्लू का डेरा गांव निवासी संजू यादव (32) पत्नी मनोज यादव का शव घर के पीछे स्थित एक पेड़ से लटका मिला है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

# यात्रियों को नशीला पदार्थ खिलाकर लूटने वाले गिरोह के तीन सदस्य हुए गिरफ्तार

## कब्जे से नशीला पाउडर व चार मोबाइल बरामद

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मिर्जापुर।** कोतवाली कटरा पुलिस ने यात्रियों को नशीला/जहरीला पदार्थ खिलाकर लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए शनिवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से आठ पुड़िया नशीला पाउडर, एक हजार रुपये नकद व चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। 27 फरवरी को रामबाग कुरैशनगर निवासी रियाज अहमद ने तहरीर देकर बताया था कि उनके बहनोई को अज्ञात व्यक्तियों ने नशीला पदार्थ खिलाया, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, पड़री निवासी राधेश्याम ने भी तहरीर देकर आरोप लगाया कि उन्हें नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश किया गया और एक हजार रुपये चोरी कर लिए गए। दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रितेश सिंह ने बताया कि क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना व इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर रेलवे कालोनी हनुमान मंदिर के पास से उमेश कुमार यादव, वीरेन्द्र सोनकर व कर्नल यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे रेलवे स्टेशन व रोडवेज के आसपास यात्री बनकर घूमते थे और भोले-भाले लोगों को खाने-पीने में नशीला पदार्थ मिलाकर लूट लेते थे। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह, उपनिरीक्षक मेराज अली व उपनिरीक्षक नान्हक सिंह सहित पुलिस टीम शामिल रही। आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है।



# कानपुर : रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की मिली धमकी

## गहन तलाशी में नहीं मिली कोई संदिग्ध वस्तु

**यशोभूमि / भाषा**

**कानपुर।** कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर 36 घंटे के भीतर दूसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद रेलवे स्टेशन पर व्यापक सुरक्षा अभियान चलाया गया। हालांकि गहन तलाशी के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे 112 नियंत्रण कक्ष पर एक आपातकालीन फोन आया, जिसमें चेतावनी दी गई थी कि रेलवे स्टेशन को उड़ा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अलर्ट मिलने के बाद भारी संख्या में पुलिस बल, बम निरोधक दस्ता (बीडीएस), एंटी सबोटाज टीम और श्वान दस्ते के साथ पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्टेशन पहुंचे और उच्च सुरक्षा जांच शुरू की गई। पुलिस और सुरक्षा टीम ने किसी भी खतरे से बचने के लिए सभी प्लेटफार्म, यात्रियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों, विश्राम कक्ष, पार्सल कार्यालयों और पार्किंग क्षेत्रों में गहन जांच की। अभियान के दौरान सभी संदिग्ध वस्तुओं की जांच की गई और यात्रियों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी गई। इस दौरान कोई विस्फोटक सामग्री या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। स्टेशन पर 36 घंटे से भी कम समय में बम की धमकी की यह दूसरी घटना है। इससे पहले बृहस्पतिवार सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर बम की धमकी का ऐसा ही फोन आया था, जिसके बाद बड़े पैमाने पर सुरक्षा जांच की गई।



### कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण कर रही पुलिस

**पुलिस उपायुक्त (पूर्व) सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे 112 नियंत्रण कक्ष पर एक आपातकालीन फोन आया, जिसमें चेतावनी दी गई थी कि रेलवे स्टेशन को उड़ा दिया जाएगा। डीसीपी गुप्ता ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि जिस नंबर से फोन किया गया था, वह अनिल नामक व्यक्ति का है। हालांकि, पूछताछ के दौरान उसने अधिकारियों को बताया कि उसका मोबाइल फोन 24 फरवरी से गायब था, जिससे संदेह पैदा होता है कि धमकी देने के लिए खोए हुए फोन का उपयोग किया गया होगा। डीसीपी ने कहा कि पुलिस अब कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण कर रही है।**

# 40 विकास योजनाओं का धामी ने किया लोकार्पण और शिलान्यास

यशोभूमि/एजेंसी

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में 147 करोड़ 28 लाख 56 हजार रुपये की 40 विकास योजनाओं का लोकार्पण

## नैनीताल जनपद को मिलेगी विकास की नई गति

और शिलान्यास किया। इनमें 72 करोड़ 38 लाख की 23 योजनाओं का लोकार्पण तथा 74 करोड़ 90 लाख 56 हजार की 17 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से नैनीताल जनपद को विकास की नई गति मिलेगी और राज्य सरकार विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। लोकार्पित योजनाओं में भवाली के पास शिप्रा नदी पर 30 मीटर स्पान का मोटर पुल, राजकीय औद्योगिक संस्थान हल्द्वानी में प्रोद्योगिकी प्रयोगशाला, कोटाबाग महादेवपुरम व झलुवाझाला, बेलपोखरा और बैलपड़ाव में नलकूप, हल्द्वानी के महिला महाविद्यालय में प्रयोगशाला निर्माण, लालकुआं में नलकूपों पर स्टेबलाइजर तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत हरिपुर लच्छी, कालूपुर पोखरिया, जीतपुर रैक्वाल, देवला तल्ला, भवान सिंह नवाड़, बसंतपुर, किशनपुर रैक्वाल, चोरगलिया आमखेड़ा जयराम परमा, हल्दूचौड़ जग्गी, भवानीपुर कृष्णा, पाडलीपुर, भगवानपुर दुर्गापुर और बकुटिया पेयजल योजनाएं सहित पशु चिकित्सालय रामगढ़ भवन के निर्माण कार्य शामिल हैं। वहीं शिलान्यास की गई योजनाओं में कसियालेख-धारी मोटर मार्ग, रानीबाग-खुटानी, चाफी-पदमपुरी-धानाचुली मार्ग का सुधार, मोतियापाथर-शहरफाटक मार्ग, भेंटी दियारी खोली मोटर मार्ग, पांडे नवाड़ नशा मुक्ति केंद्र की मरम्मत, नवाबी रोड सीवरेज, 28 एमएलडी एसटीपी निर्माण, काठगोदाम के नारीमन तिराहे से गौलापुल तक सड़क की मरम्मत, देवरामपुर में गौला गेट सुधार, हल्दूचौड़ में गौला रोड का कार्य, चांदनी चौक-घुड़दौड़ मार्ग, पीपल पोखरा में आरसीसी कार्य, हिम्मतपुर बैजनाथ वृंदावन विहार व चांदनी चौक में पीसी निर्माण, गुसाईपुर में सड़क सुधार तथा पनचक्की-चौफुला-कठघरिया नहर कवरिंग के कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष योजनांतर्गत सहायता कार्यक्रम के तहत स्वीकृत 154 करोड़ 43 लाख रुपये लागत की हल्द्वानी-काठगोदाम स्रोत एवं ट्रीटमेंट संवर्धन पेयजल योजना का भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विकसित उत्तराखंड बनाने की ओर प्रत्येक क्षेत्र में तीव्रता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार विकास के साथ विरासत को भी आगे बढ़ा रही है। राज्य में समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण कानून,जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि राज्य की संस्कृति, विरासत और पवित्रता से किसी को भी खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, राम सिंह कैड़ा, सरिता आर्या, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी और अन्य उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री ने की थाल सेवा, हर माह देते हैं योगदान

मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी में लिटिल मिरेकल फाउंडेशन की पहल 'थाल सेवा' में पहुंचकर थालसेवक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने टीम को बर्तन सहित अन्य सामग्री भी भेंट की और स्वयं जरूरतमंदों को भोजन परोसा। इस दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता भी परखी। वर्ष 2018 से संचालित यह सेवा डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज में आने वाले तीमारदारों को मात्र 5 रुपये में भोजन उपलब्ध करा रही है। प्रतिदिन लगभग 1000 से 1200 लोग यहां भोजन करते हैं और अब तक 30 लाख से अधिक थाल परोसी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि उनके परिवार की ओर से भी प्रतिमाह एक दिन थाल सेवा की जाती है और शनिवार को उसी क्रम में वह स्वयं थालसेवक बने हैं।

# टीएसपीसी का सब-जोनल कमांडर गिरफ्तार

यशोभूमि/एजेंसी

**रांची।** पुलिस ने टीएसपीसी के सब-जोनल कमांडर आदिल अंसारी उर्फ देवा को लोहरदगा शहर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के दौरान वह भागने की कोशिश में घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए पहले सदर अस्पताल लोहरदगा और बाद में बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया है।


**मध्य रेल**

**ओएचई संशोधन कार्य**

**खुली निविदा सूचना स.: BB.LD.585.W.893.CONTR1, दिनांक 25.02.2026. कार्य का नाम:** मुंबई मंडल में 15- कोच उपनगरीय ट्रेन हेतु CSMT में प्लेटफॉर्म संख्या 4, 5, 6 के विस्तार तथा यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के संबंध में 25 के. वी. ए.सी. ओएचई संशोधन कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 4,73,78,462/-. **बिड सिक्योरिटी:** रु. 3,86,900/-. **ऑफर की वैधता:** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा फार्म का मूल्य:** रु. 0/-. **I) उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय: दिनांक 20.03.2026 को 11:00 बजे तक, और 11:00 बजे के बाद खोला जाएगा। II)** शुध्दिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। **III)** केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्टॉनिकलि ई-टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई-टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नही है। हस्तचलित रूप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। **IV)** निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। **V)** अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, सीएसएम टी मुंबई - 400001 | फोन - 022-22612355. निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएम टी मुंबई - 400001 के "नोटिस बोर्ड" पर भी उपलब्ध है। AK-942

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें



**मध्य रेल**

**ई-निलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामुग्री प्रबंधक, स्क्रैप की बिक्री : **मार्च – 2026** माह में निम्नानुसार नीलामी करेंगें: **सुचना** :- भविष्य मे माह की ई-नीलामी कार्यक्रम का प्रकाशन समाचार पत्रिका मे बंद कर दिया जायेगा। तब खरिदार मध्य रेल्वे की वेब साईट - **www.ireps.gov.in** पर माह की ई-नीलामी का कार्यक्रम देख सकते है। **मार्च - 2026 माह** के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम निम्नानुसार प्रस्तावित है :-

| निलामी आयोजन करने वाले अधिकारी | मूल निलामी तिथि एवं दिन | | | | संपर्क क्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक नागपुर | 05.03.2026 गुरूवार | 10.03.2026 मंगलवार | 18.03.2026 बुधवार | 30.03.2026 सोमवार | 7219612750 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक भुसावल और मनमाड डिपो | 05.03.2026 गुरूवार | 11.03.2026 बुधवार | 19.03.2026 गुरूवार | 30.03.2026 सोमवार | 7219611751 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक पुणे | 06.03.2026 शुक्रवार | 12.03.2026 गुरूवार | 23.03.2026 सोमवार | 30.03.2026 सोमवार | 7219613750 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक मुंबई | 09.03.2026 सोमवार | 13.03.2026 शुक्रवार | 24.03.2026 मंगलवार | 30.03.2026 सोमवार | 8828119750 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक सोलापुर | 05.03.2026 गुरूवार | 16.03.2026 सोमवार | 27.03.2026 शुक्रवार | 30.03.2026 सोमवार | 7219614750 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (एम) परेल, वरि. सामुग्री प्रबंधक (जी) करी रोड के लिये | 06.03.2026 शुक्रवार | 12.03.2026 गुरूवार | 23.03.2026 सोमवार | 30.03.2026 सोमवार | 8828119755 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (एम) परेल | 06.03.2026 शुक्रवार | 12.03.2026 गुरूवार | 23.03.2026 सोमवार | 30.03.2026 सोमवार | 8828119755 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक (सीडब्ल्यूई) माटुंगा | 05.03.2026 गुरूवार | 11.03.2026 बुधवार | 19.03.2026 गुरूवार | 30.03.2026 सोमवार | 8828119770 |
| वरि. मंडल सामुग्री प्रबंधक मुंबई सहा.सामुग्री प्रबंधक हाजीबंदर डिपो के लिये | 09.03.2026 सोमवार | 13.03.2026 शुक्रवार | 24.03.2026 मंगलवार | 30.03.2026 सोमवार | 8828119750 |
| उप मुख्य सामुग्री प्रबंधक [एसीएल] भुसावल | 05.03.2026 गुरूवार | 16.03.2026 सोमवार | 27.03.2026 शुक्रवार | 30.03.2026 सोमवार | 7219611750 |

**टिप्पणी**: यदि आवश्यक हो, तो पात्र लॉट्स के लिए पूरक नीलामी मूल तिथि के अगले कार्य दिवस पर आयोजित की जाएगी। रेलवे प्रशासन को किसी भी पूरक नीलामी को अपने विवेकानुसार रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

**अन्य निर्देश**: • रेलवे को किसी भी लॉट को ई-नीलामी से हटाने का अधिकार है। रेलवे को किसी भी डिपो / डिवीजन के लॉट को किसी भी उपयुक्त तरीके से आगामी नीलामी में शामिल करने का अधिकार भी सुरक्षित है। किसी भी डिपो / डिवीजन के अप्रयुक्त लॉट्स को केंद्रीय रेलवे के अन्य डिपो / डिवीजन की आगामी नीलामी में बेचा जा सकता है। • भारत सरकार की नीति के अनुसार, जहां स्क्रैप सामग्री के पुनर्चक्रण में पर्यावरण और प्रदूषण से संबंधित मुद्दे शामिल हैं, ऐसे लॉट्स केवल उन्हीं अधिकृत बोलीदाताओं को बेचे जाएंगे जिनके पास केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) या राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (SPCB) द्वारा जारी वैध लाइसेंस हो। • ई - निलामी पुस्तिका **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी। • यदि ई-नीलामी, डिजिटल हस्ताक्षर, पंजीकरण प्रक्रिया या भागीदारी से संबंधित किसी सहायता की आवश्यकता हो, तो कृपया उपरोक्त संबंधित नीलामी अधिकारियों या **उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (बिक्री)/मुख्यालय** से संपर्क करें: • **मोबाइल: 8828110761.** • **ईमेल: dycmm.s.cstm@gmail.com / dycmms@cr.railnet.gov.in**

AK-948 **प्रधान मुख्य सामुग्री प्रबंधक**

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें


# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया उत्तराखंड में एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ

यशोभूमि/एजेंसी

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अजमेर से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण का वर्चुअली



शुभारंभ किया। इसी के साथ यहां गांधी शताब्दी चिकित्सालय में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने भी राज्य में प्रदेश-व्यापी इस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह अभियान राष्ट्र की बेटियों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में अत्यंत संवेदनशील और दूरदर्शी पहल है। बेटियां राष्ट्र का भविष्य हैं, स्वस्थ नारी ही परिवार और समाज की सशक्त रीढ़ होती है।

## स्वस्थ नारी ही परिवार और समाज की होती है रीढ़

उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिला स्वास्थ्य सुरक्षा का एक मजबूत संकल्प है, जो सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने बड़े स्तर पर वैक्सीनेशन मिशन प्रारंभ किया है, जो महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल आने वाले वर्षों में महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। राज्यपाल ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रदेशभर में 155 एचपीवी टीकाकरण केन्द्रों की पहचान की गई है, जो सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्थित हैं। इन केंद्रों पर 14 वर्ष आयु की पात्र किशोरियों को वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर एचपीवी टीका लगाया जाएगा, जिससे संक्रमण से पूर्व अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# लातेहार : सामूहिक दुष्कर्म करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

यशोभूमि/एजेंसी

**लातेहार।** पुलिस ने एक आदिवासी नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के पांच आरोपियों को पकड़ लिया है। इन आरोपियों में तीन नाबालिग हैं। दो बालिग आरोपियों को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया है, जबकि तीन नाबालिगों को निरुद्ध कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। बालिग आरोपियों की पहचान असित तिर्की (20) पिता स्व. निर्मल तिर्की और रेमीस तिर्की (19) पिता हेरमोन तिर्की के रूप में की गयी है। घटना जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता गांव के ही किसी शादी में गयी थी। उक्त सभी आरोपी भी उसी शादी में बाराती के रूप में आये थे। बताया जाता है कि शनिवार की तड़के तीन से चार बजे बीच उक्त आरोपी उसे नाबालिग लड़की को जबरदस्ती अपने साथ जंगल में ले गये और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी किशोरी को वहां छोड़ कर फरार हो गए। पीड़िता जब अपने घर पहुंची तो उसने इसकी जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर महुआडांड़ थाना पहुंचे। उन्होंने एक आवेदन सौंपकर मामले की जानकारी दी।

# वाहन खाई में गिरने से चालक की मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**देहरादून।** जनपद के त्यूणी क्षेत्र अंतर्गत कांडा बैंड के पास शनिवार को एक वाहन गहरी खाई में गिरने से चालक की मौत हो गई। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम ने मौके पर पहुंच शव को खाई से बाहर निकाला। थाना त्यूणी को सूचना मिली कि कांडा बैंड के समीप एक फोर्स ट्रैक्स तूफान वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 400 मीटर गहरी खाई में गिर गया है। सूचना पर पोस्ट त्यूनी से उप निरीक्षक प्रेम सिंह के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम के जवानों ने गहरी खाई उतर कर वाहन से चालक का शव निकाला। मृतक की पहचान महेश थापा (35) पुत्र खड़क बहादुर, निवासी त्यूणी के रूप में हुई है।

# निकाय चुनाव: झारखंड के 13 शहरों में बने भाजपा समर्थित मेयर-अध्यक्ष

यशोभूमि/एजेंसी

**रांची।** झारखंड के 48 शहरी निकायों में हुए चुनाव के 47 परिणाम घोषित हो चुके हैं और तस्वीर



काफी हद तक साफ हो गई है। घोषित नतीजों के अनुसार, अब तक भाजपा-समर्थित प्रत्याशियों ने 13 नगर निकायों में जीत दर्ज की है, झामुमो-समर्थित उम्मीदवार 11 निकायों में विजयी रहे हैं, कांग्रेस-समर्थित प्रत्याशी तीन स्थानों पर जीते हैं, जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 18 निकायों पर कब्जा जमाया है। इसके अलावा एक सीट सीपीआई(एमएल) समर्थित प्रत्याशी के खाते में गई है। नौ नगर निगमों में से आठ में मेयर पद के परिणाम घोषित हो चुके हैं। रांची नगर निगम में भाजपा समर्थित रोशनी खलखो ने कांग्रेस समर्थित रमा खलखो को पराजित किया। मेदिनीनगर में भाजपा समर्थित अरुणा शंकर ने कांग्रेस समर्थित नम्रता त्रिपाठी को हराया। हजारीबाग में स्वतंत्र प्रत्याशी अरविंद राणा ने जीत दर्ज की। देवघर में झामुमो समर्थित रवि राउत विजयी रहे, जबकि गिरिडीह में झामुमो समर्थित प्रमिला मेहरा ने जीत हासिल की। आदित्यपुर में भाजपा समर्थित संजय सरदार ने बाजी मारी और मानगो नगर निगम में कांग्रेस समर्थित सुधा गुप्ता विजयी रहीं। धनबाद नगर निगम में स्वतंत्र प्रत्याशी संजीव सिंह झामुमो समर्थित चंद्रशेखर अग्रवाल पर बढ़त बनाए हुए हैं और अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा है। वहीं 39 छोटे शहरी निकायों, नगर पंचायत और नगर परिषद के परिणाम भी सामने आ चुके हैं। इनमें 17 पर निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे, 10 पर भाजपा समर्थित, 9 पर झामुमो समर्थित, 2 पर कांग्रेस समर्थित और 1 पर सीपीआई(एमएल) समर्थित प्रत्याशी ने जीत दर्ज की।

## 11 शहरों में लहराया झामुमो का झंडा


दैनिक यशोभूमि CLASSIFIED

क्लासीफाइड के लिए ई-मेल आईडी adambika@gmail.com • आज ही संपर्क करें – 8108110772

''यशोभूमि - विज्ञापन का विश्वसनीय सहयोगी'' जरूरत आपकी विज्ञापन हमारा

चाहिए | शैक्षणिक | व्यवसाय | विवाह | जगह संबंधी | ट्रवेल | ऑटो मोबाइल

**चाहिए**

**Arunodaya University**
( Established Under Section 2(f) of UGC Act. 1956 )
REQUIRED
◆ COOK ◆ SUPERVISOR ◆ DRIVERS
LOCATIONS
MUMBAI / VARANASI / NORTH EAST / NAVI MUMBAI
+91 9821400040
hr@arunodayauniversity.ac.in
LAL2026-02Y.5-007706

पेस्ट कंट्रोल कंपनी बोरीवली में, लोअरपरेल, थाने ब्रान्च के लिए अनुभवी / बिनअनुभवी लड़के चाहिए. 9619720303/ 9594821525 LAL2026-02S.55-007101

दुपट्टा कंपनी के लिये चेकिंग, पॅकिंग एवं हेल्पर काम के लिये लडके और लडकीयाँ तुरंत चाहिये पता: मिलीये गाला नं. 11, खेतानी इंडस्ट्रियल इस्टेट, 106/7 बाजार वॉर्ड, सोनापूर लेन, कुर्ला वेस्ट, मुंबई -400070 (आगाशे हॉस्पिटल के पीछे) LAL2026-02Y.5-007218

घरकाम केलिए महिला लड़कियाँ लड़के चाहिए. (भारी तनख्वाह) (रहने - खाने की सुविधा) 8424984004 / 9820234040 ( थाने - पूर्व) LAL2026-02S.55-006153

बांद्रा / चेंबूर में पाईप, स्ट्रक्चरल वेल्डर, फिटर, हेल्पर चाहिए। 9820162551 LAL2026-02Y.5-007433

अनुभवी सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष/महिला) और सुपरवाइजर चाहिए। आयु 40 वर्ष से कम होनी चाहिए। 26 दिन की छुट्टी, वेतन 22000/- रुपये + PF + ESIC स्थान: चकाला,अंधेरी (पूर्व) 9594871694/ 9821406617 LAL2026-02Y.5-007321

बोरीवली में ऑफिस काम के लिए ऑफिस बॉय चाहिए। बायोडाटा के साथ मिलिए: समय- सुबह 11 से 5, नेत्रा कन्सल्टंट, टी.जी.एन.स्क्वेअर बिल्डिंग (यशोधन), 9वी मंजिल, चंदावरकर रोड, घंटापानवाला के सामने, बोरीवली(प), मुंबई - 400092 LAL2026-02Y.5-007295

वॉशिंग सेंटरपर काम के लिय पुरुष और महिला चाहिये रहने कीसुविधा है मो. 9922427747 PUN2026-02C.6-005629

ठाणे हॉटेल के लिए अनुभवी चाहिए। वेटर, क्लिनर, मोरीवाला : 9892232200 LAL2026-02Y.5-007110

कंपनी में हेल्पर चाहिए। 8वीं पास, रहने की सुविधा। पगार 18000/- अहमदनगर 9372690193 / 7977581372 LAL2026-02Y.5-007808

Urgent Security Officer Guard–Thane & Dombivli, Age 40 Max, 12th Pass + Experience, Sal Rs.27k to 38k, Phn - 9819574835 / 8369129457 WBL2026-02Y.5-000118

**मंगलकार्यालय**

थाना जिले वज्रेश्वरीमें शादी, मुंज, सम्मेलन, बर्थडे, समारंभ भव्य सुशोभित 1बिल्डिंग एवं 4हॉल रुम, 28-एसी रुम जाना आना, खाना, रहने सुविधा 9869287349 MUM2025B.2102583375

क्लासिफाईड के लिए ई-मेल आयडी adambika@gmail.com

**परिसस्पर्श मल्टीपर्पज फाउंडेशन** संचालित
**प्रेमकुंज वृद्धाश्रम एवं मरीज सेवा केंद्र**
9970678945/9970678914
व्यायाम योगा, हॉबी क्लास, लायब्ररी, स्पोर्ट्स रूम, देवघर मनोरंजन कक्ष, डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य का निरीक्षण सेहतमंद भोजन + RO पीने का पानी
PM 7500/- Only
निराधार सेवा देकर रहनेवाली महिलाओं के लिए मात्र ४००० रुपये प्रति माह
मयंक नागरी सुविधा केंद्र, २८ सेक्शन, श्रीराम नगर पूनम हॉटेल के पीछे उल्हासनगर-४.
MUM2025S.5502610351

**ज्योतिष**

सागर ज्योतिष, नौकरीधंदा, प्रेमविवाह, शत्रुनाश, गुप्तसमस्या, वशीकरण यंत्र, जन्मकुंडली. : 9870126299 (नवी मुंबई) LAL2026-01S.55-003464

**कर्ज**

**पाठकों हेतु नियम सूचना**

''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र में प्रकाशित होनेवाले विविध प्रकार के विज्ञापनों के मसौदा की जांच-पड़ताल करके ही पाठकों को इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करना चाहिए. विज्ञापन में अपने उत्पाद के संदर्भ में या सेवा के संबंध में विज्ञापनदाता, जो दावा करते हैं इसका ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र कोई भी गारंटी नहीं लेता. विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्तता विज्ञापनदाता की ओर से नहीं हुई, तो इसके परिणाम के बारे में ''दै. यशोभूमि'' समाचार-पत्र समूह के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक एवं मालिक **जवाबदार नहीं होंगे**, इसका कृपया पाठकों को ध्यान देना चाहिए.
WAL2026-01SA0-000066

पुण्य नगरी | मुंबई चौफेर | यशोभूमि | कर्नाटक
**ब्रेकिंग न्यूज !**
क्लासीफाइड विज्ञापनों का प्रचंड प्रतिसाद ! आकर्षक पैकेजेस और योजनाओं की बरसात !
संपर्क : विश्वजीत चव्हाण - 7720898111
LAL2025-12S.127-002905



LAL2026-02S.55-007336



LAL2025-12S.127-002890

**पाठकों को सूचना**

**विशेष सूचना**

विज्ञापन का बिल लेते समय विज्ञापन के फॉर्म पर दिये गये मूल शब्दों की पंक्ति अनुसार ही विज्ञापन का बिल लिया जाता है. इस संदर्भ में आगे ऐसा स्पष्ट किया जा रहा है कि प्रकाशन के लिए दिया गया मसौदा अंग्रेजी में होने पर विज्ञापन के फॉर्म में होनेवाली मूल अंग्रेजी पंक्ति की संख्या अनुसार ही बिल लिया जायेगा. इसके लिए भाषांतरित किये गये (मराठी या हिंदी) मसौदा की पंक्तियों के अनुसार नहीं लिये जायेंगे. विज्ञापन फॉर्म पर पंक्ति एवं प्रकाशित हुए विज्ञापन की पंक्ति में फर्क हो सकता है, इसका एजेंसी एवं विज्ञापनदाताओं को ध्यान देना चाहिए.
– प्रबंधक
AUR2025SA002605983

**क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए कृपया अपने निकटतम एजेंसी से संपर्क करें.**

मुंबई विभाग • फोर्ट - जे. के. ॲडव्हर्टायझर 9821175699 / 9821170286 • चर्नीरोड (पू.) - खुशी क्रिएशन्स 9869000624 / 7977013553 / 22425899 • गिरगांव - अवि ॲडव्हर्टायजिंग 9820136936 / 9819819768 • गिरगांव - अचिव्हर्स ॲडव्हर्टायजिंग एजन्सी 9820659533 • माझगांव - पिंटो ॲडव्हर्टायझिंग 9870464739 • क्लासिक ॲडव्हर्टायजिंग • 022-23734638 / 23708196 / 8888337371 • काळाचौकी - वैभवी ॲडव्हर्टायजिंग 9892152876 / 9702492786 • करी रोड - ओम साई राम ॲडव्हर्टायजिंग 9967375573 • परेल (पू.) - आर्यन पब्लिसिटी 9870011876 • दादर (प.) - बी. वाय. पाध्ये पब्लिसिटी सर्विस 24229241 / 0445 • कुशे ब्रदर्स 9920640689 • माटुंगा रोड (प.) - टाईम ॲडव्हर्टायजिंग 24466191 / 24468556 / 9222134174 / 9224376294 • माहीम - सेंट्रल ॲडव्हर्टायजिंग एजन्सी, 9820427972 / 9167375468 • विलेपार्ले - मनज्योत ॲडस 9820460262/ 9930095311 • अंधेरी (प.) - झोया क्रिएशन 9833364551 / 8356888123 • कार्ल ॲडव्हर्टायजिंग प्रा. लि. 98202323369/ 022-66963441 / 66963442 • जोगेश्वरी (प.) - पी. व्ही. ॲडव्हर्टायझर 26768888• मालाड (प.) - परफेक्ट पब्लिसिटी 7506903255 • ॲड सपोर्ट ॲडव्हर्टायजिंग एजन्सी 9224428435 / 9869463650 • कांदिवली (पू.) - जीत पब्लिसिटी 9920917145 / 9619611794 • सिटी फोकस मिडिया ग्रुप 9820819101 / 8898924110 • कांदिवली (प.) - सिध्दिविनायक ॲडव्हर्टायजिंग 9892007232 • पँथर ॲडव्हर्टायजिंग 9223425907/9082640551 • बोरीवली (पू.) श्रीपाद ॲडव्हर्टायजिंग 9869693423 • बोरीवली (प.) - एक्सप्रेस ॲडव्हर्टायजिंग सर्विस 9820401099 / 9820401077 / 9820401039 • टेंडर ॲडव्हर्टायजिंग 9821112796 / 9819846901 • श्री व्हर्सटाईल 9699888986 / 02228993348 /02228993349 • शाह पब्लिसिटी 9930898947 / 9930894472 / 9930898262 • ॲड्स फास्ट 9820454421 • दहिसर (प.) - केनिया ॲड एजन्सी 9870155993 / 8097377542 • मिरारोड (पू.) - किऑन पब्लिसिटी 9920992393 / 9820230550 • चेंबूर - प्रेस विंग्ज ॲडव्हर्टायजिंग 022-2528 5478 • विद्याविहार (प.) - गौतम ॲडव्हर्टायजिंग 9821054179 / 8080453839 • घाटकोपर (प.) - रियो ॲडव्हर्टायजिंग 9821061330 • के पार्थ पब्लिसिटी 9619408884 • विक्रोळी (प.) - सदगुरू ॲडव्हर्टायजिंग प्रा. लि. 9820319546 • भांडुप (प.) - संदिप ॲडव्हर्टायजिंग 9820750922 • मुलुंड (प.) - मॅड इंडिया प्रा. लि. 9819298388 • एमपीजे ॲडव्हर्टायजिंग 9769697969 / 02225917575 • स्माईट पब्लिसाईस 9821364422 / 9324811105


जय भवानी, जय शिवाजी

दैनिक **यशोभूमि**

नया तेवर, नया कलेवर



3 ‘खुशखबरी! मुंबई से विजयदुर्ग रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन’

4 कूनो राष्ट्रीय उद्यान पहुंचे बोत्सवाना से लाए गए नौ चीते

6 पुलिस मुठभेड़ में घायल कुख्यात इनामी बदमाश पवन उर्फ कल्लू ...




## संक्षिप्त समाचार

### विश्वगुरु की असलियत आई दुनिया के सामने

**यशोभूमि/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पाकिस्तान की तारीफ और अफगानिस्तान के साथ उसके युद्ध में समर्थन पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया है। कांग्रेस ने इसे ‘भारतीय हग्लोमेसी’ के लिए एक और झटका बताया है और कहा है कि दुनिया खासकर अमेरिका अब ‘स्वयंभू विश्वगुरु’ की असलियत समझ चुकी है। कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने इस मुद्दे पर शनिवार को अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रंप ने एक बार फिर पाकिस्तान की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं, जिनके भड़काऊ बयानों ने पाकिस्तान द्वारा रचे गए आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की थी।

### प्रतिबंधित संगठन के चार उग्रवादी गिरफ्तार

**यशोभूमि/एजेंसी**

**इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न जिलों से सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन प्रीपैक (पीआरओ) से जुड़े चार उग्रवादियों को जबरन वसूली की गतिविधियों में कथित संलिप्तता में गिरफ्तार किया है। बयान के अनुसार, इन उग्रवादियों को पिछले 48 घंटों के दौरान गिरफ्तार किया गया। इंफाल पश्चिम जिले में बृहस्पतिवार को क्षत्रिमयुम लाइबा मेइती (42) को लामदेंग खुनू स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। उसी दिन संगठन के एक अन्य सदस्य को खुमान लाम्पक क्षेत्र से पकड़ा गया। सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को थौबल जिले के उयाल मखा लेइकाई क्षेत्र से संगठन के एक अन्य सदस्य को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान थोकचोम रबीचंद्र सिंह (36) के रूप में हुई है। पुलिस के बयान के अनुसार, संगठन के एक अन्य सदस्य खुरैजाम रोजितकुमार सिंह (37) को इंफाल पूर्व जिले के थोंगजू पार्ट-द्वितीय मखा लेइकाई स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया।

# ‘यूजीसी’ का मुद्दा संविधान के दायरे में ही सुलझाया जाए

## कलराज मिश्र ने किया सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत



यशोभूमि/एजेंसी लखनऊ। यूजीसी नियमों को लेकर हो रहे विरोध-प्रदर्शन से निजात पाने के लिए पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने समाधान का तरीका बताया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा, यूपी विधानसभा चुनाव से पहले यूजीसी के नियमों को लागू करने से पैदा होने वाले किसी भी विवाद को सामाजिक मतभेद को रोकने के लिए संविधान के दायरे में ही सुलझाया जाना चाहिए। मिश्रा ने इस बात पर जोर दिया कि संविधान के आर्टिकल 14, 15 और 21-जो कानून के सामने बराबरी की गारंटी देते हैं, भेदभाव को रोकते हैं और व्यक्तिगत सम्मान की रक्षा करते हैं इस मुद्दे के समाधान के लिए जरूरी होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि पहले के यूजीसी नियमों की कुछ व्याख्याओं जो 2012 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से जुड़े नियमों के संबंध में बनाए गए हैं, उसने समाज के कुछ हिस्सों में भ्रम और चिंता पैदा की है।

उन्होंने कहा, अगर कोई गलत मतलब निकाला गया है या प्रोसेस में कोई कमी हुई है, तो उसे सही संवैधानिक तरीकों से ठीक किया जाना चाहिए ताकि लोगों में किसी भी तरह की शिकायत को दूर किया जा सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शासन में संविधान की प्रस्तावना हम, भारत के लोग की भावना दिखनी चाहिए।

### जाति विशेष नहीं है यूजीसी का मुद्दा

उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समुदाय के कुछ हिस्सों में नाराजगी की खबरों पर, कलराज मिश्रा ने इस मुद्दे को जाति-विशेष बताने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यूजीसी मामले पर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और दूसरे समुदायों ने चिंता जताई हैऔर एक बड़ी पॉलिसी बहस को एक छोटी सामाजिक कहानी तक सीमित करने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा, एजुकेशनल संस्थानों को सीखने और एकता का सेंटर बने रहना चाहिए। कोई भी कदम जिससे फूट पड़े, उसकी सावधानी से जांच होनी चाहिए, उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में स्थिरता और विकास के लिए सामाजिक सद्भाव जरूरी है।

> “ इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के दखल का स्वागत करते हुए, उन्होंने कहा कि केंद्र ने न्यायिक जांच का विरोध नहीं किया है, जो, उन्होंने कहा, संवैधानिक सही होने के प्रति कमिटमेंट दिखाता है। उन्होंने आगे कहा, सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। लोगों का न्यायपालिका पर बहुत भरोसा है, और जो भी सुधार जरूरी होगा, वह उसकी टिप्पणियों के अनुसार किया जाएगा।

# ‘करो या मरो’ के मुकाबले में आज भिड़ेंगे वेस्टइंडीज-भारत

**यशोभूमि/भाषा**

**कोलकाता।** भारतीय बल्लेबाज अब अपने पुराने रंग में दिख रहे हैं लेकिन गेंदबाज अब भी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसी परिस्थितियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ के मैच में उसे इस विभाग में अपना बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका से हार और भारत की जिम्बाब्वे पर जीत ने ग्रुप एक के सुपर आठ के इस मैच को दोनों टीम के लिए करो या मरो जैसा बना दिया है। इसलिए अब दोनों टीम कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और ऐसे में ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस मैच के विजेता को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में खेलने का मौका मिलेगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बल्लेबाज सही समय पर लय में लौट आए हैं और अब गेंदबाजों की बारी है। पिछले मैच में शीर्ष क्रम में वापसी करने वाले संजू सैमसन सहित चोटी के सभी छह बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया।

### गेंदबाजी में भारत को करना होगा बेहतर प्रदर्शन




**टीम हैं इस प्रकार**

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह। **वेस्टइंडीजः** शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, शिमरोन हेटमायर, ब्रेंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेस, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्डे, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती और जेडन सील्स। मैच शुरू होने का समयः भारतीय समयानुसार शाम सात बजे।

# बटुकों की ‘चोटी’ खींचने के विवाद पर इस्तीफा दें उपमुख्यमंत्री

**यशोभूमि/भाषा**

**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने माघ मेले के दौरान बटुकों की ‘चोटी’ कथित तौर पर खींचे जाने के मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की हालिया टिप्पणी की निंदा की है। अखिलेश यादव ने उपमुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि अगर पाठक इस घटना को लेकर इतने गंभीर हैं तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। सपा प्रमुख ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी के शासनकाल में भी पुलिस कार्रवाई की घटनाएं हुई थीं, लेकिन तत्कालीन सरकार ने अपनी गलती स्वीकार की, संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की और संतों से माफी मांगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे शासनकाल में भी लाठीचार्ज हुआ था। हमने इसे गलती माना, अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की और जब मुझे मौका मिला, तो मैंने तत्कालीन शंकराचार्य से माफी मांगी और यह आश्वासन भी दिया कि ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। अखिलेश ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि उपमुख्यमंत्री घटना के लगभग एक महीने बाद इस बारे में बात कर रहे हैं। पाठक ने हाल में एक बयान में कहा था कि बटुक ब्राह्मणों की ‘चोटी’ खींचना एक गंभीर पाप है।

### हमारी सरकार ने मांगी थी संतों से माफी : अखिलेश



# आचार्य बालकृष्ण एथनो-फार्माकोलॉजिस्ट पुरस्कार से सम्मानित

**मोहाली।** भारत एवं विश्व स्तर पर आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसन्धान को बल देने वाले अग्रणी वैज्ञानिक और आयुर्वेदाचार्य, आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसन्धान संस्थान मोहाली में आयोजित सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलॉजी की 13वीं अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसलेशनल रिसर्च इन एथनोफार्माकोलॉजी - इंटेग्रटिंग ट्रैडिशनल मेडिसिन इन मॉडर्न हेल्थकेयर में एसएफई उत्कृष्ट राष्ट्रीय एथनो-फार्माकोलॉजिस्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान सोसायटी फॉर एथनोफार्माकोलॉजी द्वारा एथनोफार्माकोलॉजी एवं पारंपरिक औषधियों के शोध तथा विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शोधकर्ताओं को प्रदान किया जाता है।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह कोई व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह आयुर्वेद की उपलब्धि है, यह सम्पूर्ण भारत की उपलब्धि है। पतंजलि, आयुर्वेद के उत्थान और जनमानस को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसी दिशा में प्रगतिशील है।




उन्होंने बताया कि पतंजलि द्वारा विकसित 90 से अधिक साक्ष्य-आधारित आयुर्वेदिक दवाइयां और प्राकृतिक उपचार आज लोगों को सुरक्षित तथा प्रभावी स्वास्थ्य विकल्प प्रदान कर रहे हैं। पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे शोधकार्य प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो रहे हैं, जो आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों तथा पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों पर वैज्ञानिक ध्यान केंद्रित करते हैं। इस अवसर पर पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण जी की यह उपलब्धि हमारी प्राचीन चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद के वैज्ञानिक प्रमाणीकरण और साक्ष्य-आधारित शोधों की दिशा में पतंजलि की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का मजबूत प्रमाण है। आचार्य बालकृष्ण के नेतृत्व में पतंजलि ने आयुर्वेद को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण में प्रस्तुत करने के लिए अनेक शोध कार्य किए हैं।

# जम्मू कश्मीर ने पहली बार जीता रणजी ट्रॉफी का खिताब

- 67 साल के इंतजार को किया खत्म
- आठ बार के चैंपियन कर्नाटक को हराया




**यशोभूमि/भाषा**

**हुबली।** जम्मू कश्मीर ने अपने जोश और जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए शनिवार को यहां कर्नाटक के खिलाफ ड्रॉ रहे फाइनल में पहली पारी की बढ़त के आधार पर पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीतकर 67 साल का इंतजार खत्म किया और अपना नाम इतिहास में दर्ज कर दिया। जम्मू कश्मीर ने यह शानदार जीत आठ बार के चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ दर्ज की। उसने पांच दिन तक चले मुकाबले में शुरू से ही अपना दबदबा बनाए रखा और इस सत्र में अपने अभियान का शानदार अंत किया। जम्मू कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 584 रन बनाए थे जिसके जवाब में कर्नाटक की टीम 293 रन ही बना पाई थी। इस तरह से जम्मू कश्मीर को 291 रन की बढ़त मिली और उसने कर्नाटक को फॉलोआन के लिए आमंत्रित करने की बजाय दूसरी पारी खेलने का फैसला किया। मैच के पांचवें और अंतिम दिन जम्मू कश्मीर ने जब अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 342 रन बनाए थे तब दोनों टीम के कप्तान मैच को ड्रॉ करने पर सहमत हो गए और जम्मू कश्मीर पहली बार चैंपियन बन गया। इस तरह से जम्मू कश्मीर में अपनी कुल बढ़त 633 रन कर दी थी। जम्मू कश्मीर ने सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 186 रन से आगे बढ़ाई। कामरान इकबाल और साहिल लोत्रा ने कर्नाटक को एक भी सफलता हासिल नहीं करने दी और नाबाद शतक लगाए। इससे जम्मू कश्मीर के दबदबे का पता चलता है।

### जम्मू की शुरुआत शानदार रही

जम्मू कश्मीर की इस सत्र की शुरुआत श्रीनगर में मुंबई से हार के साथ शुरू हुई थी, लेकिन इसके बाद हर अगले मैच में उसके प्रदर्शन में सुधार होता गया। उसने कल्याणी में खेले गए सेमीफाइनल में बंगाल को हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाई थी। इस मैच में बंगाल ने पहली पारी में बढ़त हासिल की थी लेकिन जम्मू कश्मीर में उसे इसका फायदा नहीं उठाने दिया। फाइनल में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के बाद उसका लक्ष्य बड़ा स्कोर बनाना था जिससे कि वह पहली पारी में बढ़त हासिल कर सके और वह इसमें सफल भी रहा। फाइनल में शुभम पुंडीर ने शानदार शतक बनाया, जिससे जम्मू कश्मीर में बड़े स्कोर की नींव रखी। उसने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा।



## खेल जगत

# जीतकर भी टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हुआ पाक

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पाल्लेकल।** पाकिस्तान की टीम टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गई है। टीम को टॉप-4 में पहुंचने के लिए 213 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंका को 147 रन पर रोकना था। लेकिन, श्रीलंकाई टीम ने 16वें ओवर में 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। इसी के साथ पाकिस्तानी टीम टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गई और न्यूजीलैंड की टीम टॉप-4 में पहुंच गई। पाकिस्तान इस मैच में श्रीलंका को 5 रन हरा दिया है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से साहिबजादा फरहान (100 रन) ने शतक लगाया। जबकि फखर जमान (84 रन) ने फिफ्टी बनाई। दोनों के बीच रिकॉर्ड 176 रन की साझेदारी हुई। श्रीलंका की ओर से दिलशान मदुशंका ने 3 विकेट झटके। दो विकेट दसुन शनाका को मिले। दुष्मंथा चमीरा के हिस्से एक विकेट आया। श्रीलंकाई टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन बनाया।

### श्रीलंका को 5 रन से हराया, फरहान का शतक बेकार




पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (100) और फखर जमां (84 रन) के बीच टी20 विश्व कप इतिहास में किसी भी विकेट के लिए 176 रन की रिकॉर्ड साझेदारी से शनिवार को यहां सुपर आठ मैच में श्रीलंका के खिलाफ आठ विकेट पर 212 रन का विशाल स्कोर बनाया। पाकिस्तान को नेट रन रेट में न्यूजीलैंड को पीछे छोड़ने और सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए श्रीलंका को 147 रन से कम के स्कोर पर रोकना होगा। सलमान आगा की कप्तानी वाली टीम को कम से कम 64 रन या उससे ज्यादा से जीत दर्ज करनी होगी। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाजों ने बड़ा स्कोर बनाने के लिए आक्रामक बल्लेबाजी की लेकिन श्रीलंका के मैदान पर खराब प्रदर्शन ने प्रतिद्वंद्वी टीम को फायदा पहुंचाने में योगदान दिया।

## अंत करने उतरेगा जोशीला जिम्बाब्वे

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाने के बावजूद जोश से भरी जिम्बाब्वे की टीम को अगर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का शानदार अंत करना है तो उसे बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के मैच में अपनी गेंदबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा। जिम्बाब्वे ने लीग चरण में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सुपर आठ में जगह बनाई थी लेकिन इस चरण में उसे वेस्टइंडीज और भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद सिकंदर रजा की अगुवाई वाली यह टीम दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

# भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी लवलीना और निकहत

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन 28 मार्च से 11 अप्रैल तक मंगोलिया में होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी। भारत ने एक महीने तक चली गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद 20 सदस्यीय टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया गया था। चयन नीति के अनुसार एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए चुना जाएगा। इससे इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप का महत्व बढ़ गया है। स्पेन में हाल ही में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली लवलीना (75 किग्रा) महिला टीम की अगुवाई करेंगी। स्पेन में स्वर्ण पदक जीतने वाली अन्य खिलाड़ियों प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) को भी टीम में शामिल किया गया है।

**एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप**



### चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम

पुरुषः विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा), जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा), दीपक (70 किग्रा), आकाश (75 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा), लोकेश (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा), नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक)। महिलाः मिनाक्षी (48 किग्रा), निकहत ज़रीन (51 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), जैस्मिन (57 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा), अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा), अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 से अधिक किग्रा)।

दैनिक
# यशोभूमि
नया तेवर, नया कलेवर
Smart maharashtra
मुंबई । रविवार, 1 मार्च 2026



## एयरपोर्ट पर नौकरी देने के बहाने ठगी

**यशोभूमि/एजेंसी, मुंबई।** मानखुर्द की एक 28 वर्षीय लड़की, जो ऑनलाइन नौकरी की तलाश में थी, को साइबर स्कैमर्स ने धोखा दिया। खुद को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का रिक्रूटमेंट एचआर ऑफिसर बताकर मुंबई एयरपोर्ट टर्मिनल -2 पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 लाख 58 हजार 420 रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ज्योति रमेश राऊत ने नौकरी के लिए एक जॉब पोर्टल पर अपना प्रोफाइल बनाया था। 24 जनवरी 2026 को विहान मेहरा नाम के व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर संपर्क किया। उसने खुद को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में रिक्रूटमेंट एचआर बताते हुए अपनी प्रोफाइल देखकर चयनित होने का दावा किया।

## आयुष्मान और महात्मा फुले जन आरोग्य योजना का बढ़ेगा दायरा

# मुंबई के बड़े अस्पताल भी जुड़ेंगे

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई महानगर क्षेत्र के प्रमुख और मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के दायरे में लाने के लिए एक महीने के भीतर एक विशेष बैठक बुलाने का निर्णय लिया

### सरकार ने बुलाई विशेष बैठक

है। शनिवार को राज्य विधानसभा में चर्चा के दौरान यह जानकारी दी गई। यह कदम उन शिकायतों के बाद उठाया गया है जिनमें कहा गया था कि कम प्रतिपूर्ति दर के कारण मुंबई के बड़े निजी अस्पताल इन योजनाओं से जुड़ने में कतरा रहे हैं।



विधानसभा में सदस्यों ने मुद्दा उठाया कि केंद्र की 'आयुष्मान भारत' और राज्य की 'महात्मा फुले जन आरोग्य योजना' का बड़े पैमाने पर प्रचार होने के बावजूद, मुंबई और उपनगरों के नागरिकों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

विधायकों का आरोप था कि मुंबई जैसे महानगरों में इलाज का खर्च अधिक है, जबकि सरकार द्वारा निर्धारित पैकेज दरें काफी कम हैं। उन्होंने मांग की कि परिचालन लागत को देखते हुए मेट्रो शहरों के लिए एक अलग रेट स्ट्रक्चर तैयार किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य राज्य मंत्री मेघना बोर्डीकर ने चर्चा का जवाब देते हुए बताया कि 1 जुलाई, 2024 से आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और महात्मा फुले जन आरोग्य योजना को एकीकृत मोड में लागू किया जा रहा है। इसके तहत राज्य के लगभग 2.5 करोड़ परिवारों (12.5 करोड़ लाभार्थी) को 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत कवर की जाने वाली बीमारियों की संख्या 1,369 से बढ़ाकर 2,399 कर दी गई है।

### 2,000 से अधिक बांग्लादेशी निर्वासित

महाराष्ट्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों का मुद्दा शनिवार को राज्य विधान परिषद में गरमाया रहा। विधायक प्रवीण दरेकर ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश करते हुए गंभीर आरोप लगाए कि मुंबई की



डेमोग्राफी को बदलने और एक विशिष्ट समुदाय की आबादी बढ़ाने के लिए एक सोची-समझी साजिश रची जा रही है। उन्होंने इसे मुंबई को तबाह करने की साजिश करार दिया। दरेकर के सवालों का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने सदन को बताया कि सरकार अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है। उन्होंने आंकड़ों के जरिए बताया कि साल 2025 में महाराष्ट्र से 2,037 अवैध बांग्लादेशियों को उनके देश वापस भेजा गया (डिपोर्ट किया गया) है। मंत्री ने पिछले वर्षों का विवरण देते हुए कहा कि 2021 में 109, 2022 में 77, 2023 में 127 और 2024 में 202 अवैध प्रवासियों को निर्वासित किया गया था।

### विमान हादसे की रिपोर्ट हो सार्वजनिक

महाराष्ट्र की महिला एवं बाल विकास मंत्री और राकांपा नेता अदिति तटकरे ने शनिवार को मांग की कि उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की जान लेने वाले विमान हादसे से जुड़ी सभी रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों को एक साझा मंच पर संकलित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन जानकारियों को सार्वजनिक जांच के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि आम जनता और लोग इस हादसे की सच्चाई को समझ सकें। यह मांग विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो द्वारा शनिवार को जारी की गई प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद आई है।

### महाराष्ट्र की कृषि एआई नीति सराहनीय

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने शनिवार को विधानसभा में राज्य की कृषि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) नीति पर चर्चा के दौरान सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और एआई का स्वागत है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसके कार्यान्वयन की गति बहुत धीमी है। पाटिल ने चिंता जताई कि सरकार की घोषणाएं और नीतियां केवल कागजों और सम्मेलनों तक सीमित रह गई हैं, जबकि किसान आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है।

### सुनेत्रा पवार के विभागों की जिम्मेदारी संभालेंगे वरिष्ठ मंत्री



महाराष्ट्र विधानमंडल के चल रहे बजट सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के पास मौजूद आबकारी, खेल और अल्पसंख्यक मामलों के विभागों से संबंधित उत्तर देने की जिम्मेदारी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ मंत्रियों को सौंपी गई है। शनिवार को विधानसभा और विधान परिषद के पीठासीन अधिकारियों ने सदन में इस प्रशासनिक व्यवस्था की औपचारिक घोषणा की। नयी व्यवस्था के अनुसार, आबकारी विभाग अब हसन मुश्रिफ संभालेंगे। खेल और अल्पसंख्यक विभाग की जिम्मेदारी दत्तात्रय भरणे को दी गई है। बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान ये मंत्री अपने आवंटित विभागों से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्तावों और अन्य चर्चाओं का जवाब देंगे। उल्लेखनीय है कि अजीत पवार के असामयिक निधन के बाद, उनके पास मौजूद वित्त विभाग को छोड़कर अन्य सभी विभागों का प्रभार उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को सौंपा गया था।

### मुंबई के गार्डन बने नशेड़ियों का अड्डा


मुंबई के उद्यानों में नशेड़ियों की बढ़ती मौजूदगी से पैदा हो रही असुरक्षा और गंदगी का मुद्दा शनिवार को विधानसभा में उठाया गया। इस पर राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। अब मुंबई शहर और उपनगरों के उद्यानों की सुरक्षा के लिए पूर्व सैनिकों की तैनाती की जाएगी। यह जानकारी राज्य के मंत्री शंभूराज देसाई ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान दी। शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक दिलीप लांडे ने चांदीवली क्षेत्र सहित कई उपनगरीय उद्यानों में रात के समय नशेड़ियों के जमावड़े, गंदगी और टूटे कांच से नागरिकों की सुरक्षा को खतरा होने का मुद्दा उठाया था। इसके जवाब में मंत्री देसाई ने कहा कि पूर्व सैनिक अनुशासित, शारीरिक रूप से सक्षम और सुरक्षा प्रबंधन में प्रशिक्षित होते हैं, इसलिए असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

## मुंबई: ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति

### एआई-पावर्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम पर काम कर रही सरकार

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** मुंबई की सड़कों पर रोजाना होने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए महाराष्ट्र सरकार अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद लेने जा रही है। राज्य के आईटी मंत्री और मुंबई के पालक मंत्री आशीष शेलार ने शनिवार को विधानसभा में घोषणा की कि सरकार मुंबई के लिए एक 'एआई-पावर्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम' की योजना पर काम कर रही है और इसके ढांचे व कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए जल्द ही एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई जाएगी। शेलार ने जोर देकर



कहा कि प्रस्तावित एआई-आधारित प्रणाली न केवल यातायात के प्रवाह को सुव्यवस्थित करेगी, बल्कि नियमों के प्रवर्तन को भी अधिक प्रभावी बनाएगी। मंत्री ने सदन को यह भी आश्वासन दिया कि सड़कों के किनारे लावारिस पड़े कबाड़ वाहनों की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने इस दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है।


### उपलब्ध कराए जाएंगे टॉयलेट और चेंजिंग रूम

मैदानों पर टॉयलेट और चेंजिंग रूम की कमी से होने वाली परेशानी को रोकने के लिए, राज्य सरकार आगामी अधिवेशन से पहले विधि विभाग, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन और संबंधित संगठनों की एक संयुक्त मीटिंग लेकर कोई ठोस हल निकालेगी, यह भरोसा राज्य मंत्री माधुरी मिसाल ने विधान परिषद में दिया। शिवसेना (उबाठा) के विधायक मिलिंद नार्वेकर ने प्रश्नकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। मिसाल ने कहा कि लोकायुक्त के निर्देशों के मुताबिक, राज्य के सभी मैदानों की गूगल मैपिंग चल रही है, और 2,000 स्क्वायर मीटर से बड़े मैदानों पर टॉयलेट होना जरूरी है। हालांकि, ओवल ग्राउंड जैसे कुछ मामले कोर्ट में हैं, इसलिए पक्के कंस्ट्रक्शन में दिक्कतें आ रही हैं। इस चर्चा में चित्रा वाघ ने रात



### विधान परिषद में सरकार ने दिया भरोसा

में प्रैक्टिस करने वाले खिलाड़ियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। जबकि अनिल परब और प्रवीण दरेकर ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण इस मामले में देरी हो रही है।



### अस्थायी श्रमिकों के लिए सुरक्षा बोर्ड गठित

महाराष्ट्र के श्रम मंत्री आकाश फुंडकर ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के हितों के लिए एक सामाजिक सुरक्षा संहिता पेश की है, जिसमें उनके लिए एक राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड गठित करने का प्रावधान है। गिग वर्कर्स उन श्रमिकों को कहा जाता है जिनका काम अस्थायी होता है। प्लेटफॉर्म वर्कर्स वे होते हैं जो डिजिटल या ऑनलाइन मंच के जरिए काम करते हैं। मंत्री ने विधानसभा को अवगत कराया कि बोर्ड ऐसे श्रमिकों को स्वास्थ्य सेवा, बीमा और परिवार कल्याण लाभ प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र ने सभी राज्यों को इस संहिता के प्रावधानों का पालन करने और उन्हें लागू करने का निर्देश दिया है।

### मीडिया कर्मियों के लिए दो एम्बुलेंस समर्पित

आपातकालीन परिस्थितियों में मीडिया कर्मियों को तत्काल चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाराष्ट्र टीवी जर्नलिस्ट एसोसिएशन को दो सुसज्ज एम्बुलेंस समर्पित की गईं। विधान भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तथा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों एम्बुलेंस का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक और रोजगार गारंटी योजना मंत्री भरत गोगावले उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा की पत्रकार प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना या संवेदनशील परिस्थितियों में कार्य करते हैं।

---

**संक्षिप्त समाचार**

### कस्टम क्लीयरेंस के नाम पर धोखाधड़ी

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**मुंबई।** विलेपार्ले में सोशल मीडिया पर गिफ्ट भेजने का झांसा देकर कस्टम क्लीयरेंस के नाम पर 1 लाख 40 हजार की ठगी का मामला सामने आया है। 16 फरवरी को शिकायतकर्ता महिला की फेसबुक आईडी पर डॉ. स्टीफन मॉरिस नाम के शख्स की फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली, रिक्वेस्ट स्वीकार करने के बाद मैसेंजर और फिर व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हुई। संबंधित व्यक्ति ने खुद को जर्मनी का निवासी और ब्रिटेन में ऑर्थोपेडिक सर्जन होने का दावा किया। 22 फरवरी को उसने कहा कि उसने शिकायतकर्ता महिला के लिए एक महंगा उपहार भेजा है। 24 फरवरी को एक अज्ञात नंबर से कॉल आई, जिसमें कहा गया कि पार्सल में सोने के आभूषण और बड़ी रकम है और क्लीयरेंस के लिए 1.50 लाख रुपये के भुगतान की मांग की गई।

### निर्माणाधीन इमारत से गिरकर मजदूर की मौत

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** मुंबई के उपनगरीय चेंबूर स्थित सुभाष नगर इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत से शनिवार को पांच मजदूर गिरे, जिसमें एक की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हुए। दमकल अधिकारी ने यह जानकारी दी। 55 वर्षीय मजदूर राम अल्लू की इस दुर्घटना में मौत हो गई। घायल व्यक्तियों में 22 वर्षीय गुणाधार राय, जिनकी स्थिति गंभीर है, 30 वर्षीय उसराई, 25 वर्षीय रमेश राय, 35 वर्षीय विजय और 27 वर्षीय संदीप शामिल हैं। सभी घायलों को नगर निगम द्वारा संचालित राजवाड़ी अस्पताल में भर्ती किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना के अन्य विवरण अभी प्राप्त हो रहे हैं। इस घटना से निर्माण स्थलों पर सुरक्षा उपायों की गंभीरता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

## रोहित शेट्टी के घर फायरिंग मामला

# नेपाल से की गई थी फंडिंग

**यशोभूमि/एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई में प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग मामले में लगातार जांच जारी है और मुंबई क्राइम ब्रांच के हाथ बड़े-बड़े सुराग भी लग

### अंतरराष्ट्रीय साजिश का कनेक्शन आया सामने

रहे हैं। अब मामले में क्राइम ब्रांच ने खुलासा किया है कि शूटर्स को एटीएम के जरिए घटना को अंजाम देने के लिए मोटी रकम दी गई थी और फंडिंग पड़ोसी देश नेपाल से हुई थी। फंडिंग की पुष्टि के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच ने जांच को और गहन कर दिया है। फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग की घटना ने अब अंतरराष्ट्रीय साजिश का रूप लेना शुरू कर दिया है। मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच में सामने



आया है कि फायरिंग को अंजाम देने वाले शूटर्स को दी गई रकम सीधे बैंक खातों में जमा कराई गई थी, जिसमें एटीएम के जरिए कैश ट्रांजैक्शन का इस्तेमाल किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपियों के खाते में रकम अज्ञात व्यक्ति के जरिए डाली गई थी, जिसके बैंक डिटेल्स को पुलिस खंगालने की कोशिश कर रही है।

### इस केस में हो सकते हैं बड़े और अहम खुलासे

पुलिस को शक है कि मामले में बाहर की आतंकी शक्तियां भी शामिल हो सकती हैं, जो अपने इशारों पर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रही हैं। क्राइम ब्रांच पूरी कोशिश कर रही है कि खाते की डिटेल जल्द से जल्द निकाली जा सके क्योंकि इसी के जरिए फंडिंग करने वाले साजिश के मास्टरमाइंड का खुलासा हो सकेगा। जांच एजेंसियों का मानना है कि जांच निर्णायक मोड़ पर पहुंच रही है और आने वाले दिनों में इस फायरिंग केस में बड़े और अहम खुलासे हो सकते हैं। बता दें कि रोहित शेट्टी के जुहू वाले बंगले पर अचानक कुछ हमलावरों ने गोलीबारी की थी।

### रेलवे में नौकरी का लालच देकर लाखों की धोखाधड़ी

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**मुंबई।** रेलवे में नौकरी का लालच देकर लाखों की धोखाधड़ी का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमे फर्जी नियुक्ति पत्र, मेडिकल रिपोर्ट, पहचान पत्र और ज्वाइनिंग लेटर दिखाकर पीड़ितों को काफी समय तक गुमराह किया गया। इस मामले में माटुंगा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माटुंगा के कैटरिंग प्रोफेशनल अब्दुल लतीफ खान (49) ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार, उनकी भतीजी सना खान के कॉलेज मित्र अभिनवकुमार अजयकुमार पाठक ने 2021 में उनसे संपर्क किया। उन्होंने दावा किया कि पहचान के माध्यम से कोई भी बिना परीक्षा दिए भारतीय रेलवे में नौकरी पा सकता है। इसके बाद उन्होंने पटना से आर. के. सिंह उर्फ राजू अशोक सिंह से मिलवाया। ग्रुप-डी पद के लिए 6.20 लाख रुपये की मांग की गई थी। विश्वास कर खान ने संबंधित रकम बैंक खाते में जमा करा दी। फिर उन्हें सरकारी डाक से एक कथित नियुक्ति पत्र भेजा गया और दानापुर (पटना) रेलवे डिवीजन में प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया। वहां फर्जी रेलवे पहचान पत्र और मेडिकल दस्तावेज दिये गये।

## वसई में तेज रफ्तार का कहर, तीन युवकों की दर्दनाक मौत

**यशोभूमि/एजेंसी**

**वसई।** वसई में मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके

### दूर तक घिसटती चली गई बाइक




पर ही मौत हो गई। इस हादसे से परिवार शोक में डूबे हैं। घटना के बाद नायगांव पुलिस ने शनिवार को मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात दो युवक मोटरसाइकिल से मुंबई से नालासोपारा की ओर जा रहे थे। बाइक तेज रफ्तार में थी। जैसे ही वे चिंचोटी इलाके में साधना होटल के पास पहुंचे, उसी दौरान ईश्वर साव (19) नामक युवक सड़क पार कर रहा था। अचानक सामने आए युवक को बचाने का मौका न मिलने पर तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ईश्वर साव की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल चला रहे शाहरुख फुलजहा खान और पीछे बैठे अर्जन शेट्टी भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्होंने कुछ देर बाद घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद बाइक दूर तक घिसटती चली गई, जिससे हादसा और भी भयावह हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना नायगांव पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पुलिस ने किया मामला दर्ज

प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना के बाद अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही दुर्घटना के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। इस हादसे ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर कर दिया है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस क्षेत्र में ट्रैफिक नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## श्रद्धालुओं के लिए खारघर में भव्य पार्किंग व्यवस्था


**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**नवी मुंबई।** अल्पसंख्यक विकास विभाग और राज्य स्तरीय समागम समिति की ओर से 28 फरवरी और 1 मार्च को खारघर

### श्री गुरु तेग बहादुर साहिबजी का 350वां शहीदी समागम

में आयोजित श्री गुरु तेग बहादुर साहिबजी के 350वें शहीदी समागम कार्यक्रम 'हिंद दी चादर' के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 33 स्थानों पर व्यापक और कलर-कोडेड पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए बसों, कारों और दोपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग स्थान तय किये गये हैं। प्रत्येक पार्किंग स्थल से कार्यक्रम स्थल तक निःशुल्क पिक और ड्रॉप



सेवा प्रदान की गई है। इसलिए श्रद्धालुओं के लिए वाहन पार्क करने के बाद कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए अलग से सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ओला-उबर समेत सभी टैक्सी सेवाओं के लिए अलग-अलग पिक-अप-ड्रॉप पॉइंट भी तय किए गए हैं। कार्यक्रम के लिए आने वाले वाहनों की भीड़ से बचने के लिए पार्किंग स्थल को तीन रंगों 'नीला', 'नारंगी' और 'गुलाबी' में वर्गीकृत किया गया है। प्रत्येक रंग के अनुसार विशिष्ट मार्ग और जिले निर्धारित किए गए हैं, जिसके अनुसार वाहन चालकों को पार्किंग स्थल तक निर्देशित किया जाएगा। ब्लू पार्किंग (नासिक, धुले, जलगांव, नंदुरबार, छत्रपति संभाजीनगर, अहिल्यानगर आदि से आने वाले वाहनों के लिए) ओवे कैंप ग्राउंड, इनामपुरी क्रिकेट ग्राउंड, श्री सत्य साईं अस्पताल परिसर, मेट्रो स्टेशन के पास मैदान आदि में बस और कार पार्किंग सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इस खंड में लगभग 550 बसों और 1135 कार पार्किंग की क्षमता है।

### विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

मानवता के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सिख पंथ के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी समागम के अवसर पर खारघर में एक भव्य जनकल्याण चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री सहायता निधि कोष के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में देशभर से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में फिजियोथेरेपी, दंत रोग, अस्थि रोग, हृदय रोग और ईसीजी जैसी बहुआयामी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। विशेष रूप से कैंसर स्क्रीनिंग और मुफ्त कीमोथेरेपी की सुविधा भी दी गई।

## अब एमबीए/एमएमएस के सीईटी आवेदनों में संशोधन 2 मार्च तक

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**मुंबई।** मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एमबीए/एमएमएस) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के सीईटी के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी को समाप्त हो गई। इस

### 1 लाख 80 हजार से अधिक छात्र देंगे प्रवेश परीक्षा

परीक्षा के लिए 1 लाख 80 हजार 792 आवेदन आए हैं। स्टेट कॉमन एंट्रेंस टेस्ट चैंबर (सीईटी चैंबर) ने इन छात्रों द्वारा पंजीकरण के लिए आवेदन करते समय की गई किसी भी गलती को सुधारने के लिए 28 मार्च से 2 मार्च तक की समय सीमा दी है। छात्र आवेदन पत्र में ऑनलाइन सुधार कर सकते हैं। एमबीए/एमएमएस पाठ्यक्रम के लिए सीईटी प्रवेश पंजीकरण 10 जनवरी 2026 से शुरू हुआ। पंजीकरण की अंतिम तिथि 12 फरवरी थी। फिर हला विस्तार 20 फरवरी तक और अंतिम विस्तार 25 फरवरी तक दिया गया। उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने इस साल से एमबीए/एमएमएस पाठ्यक्रमों के लिए सीईटी देने वाले छात्रों को प्रवेश परीक्षा के लिए दो मौके देने का फैसला किया है।

### दूसरे अवसर की प्रवेश परीक्षा 9 मई को होगी

सीईटी चैंबर ने छात्रों को आवेदन पत्र में सुधार करने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है ताकि इन गलतियों से छात्रों को परीक्षा के दौरान या प्रवेश प्रक्रिया के दौरान कोई कठिनाई न हो। इसके मुताबिक 28 फरवरी से 2 मार्च के बीच छात्र आवेदन पत्र में ऑनलाइन संशोधन कर सकेंगे। छात्रों को अपने लॉगिन पर जाकर यह सुधार करना होगा। विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में उनके नाम, जन्मतिथि, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, लिंग में सुधार एवं परिवर्तन की सुविधा प्रदान की जाएगी। एमबीए/एमएमएस के लिए प्रथम अवसर प्रवेश परीक्षा 6 से 8 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएगी, जबकि दूसरे अवसर की प्रवेश परीक्षा 9 मई 2026 को आयोजित की जाएगी।

# कई उतार-चढ़ाव से भरा रहा हेजल कीच का सफर



ब्रिटिश मूल की अभिनेत्री और मॉडल हेजल कीच हिंदी सिनेमा में भले ही ज्यादा नजर नहीं आई हों, लेकिन उनकी पहचान हमेशा खास रही है। उनकी जिंदगी में तीन अलग-अलग नाम जुड़े रहे हैं। यही बात उन्हें और भी दिलचस्प बनाती है। एक साधारण लड़की से मॉडल, फिर अभिनेत्री और बाद में एक क्रिकेटर की पत्नी बनने तक का उनका सफर कई उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। शनिवार को हेजल कीच ने अपना 39वां जन्मदिन मनाया। हेजल कीच का जन्म 28 फरवरी 1987 को इंग्लैंड के एसेक्स में हुआ था। उनके पिता ब्रिटिश थे, जबकि उनकी मां भारतीय मूल की थीं। बचपन से ही हेजल को डांस और स्टेज परफॉर्मेंस का शौक था। स्कूल के दिनों में ही वह स्टेज शो में हिस्सा लेने लगी थीं। हेजल ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की। जब वह 18 साल की थीं, तब भारत घूमने आई थीं। यहीं उन्हें काम के ऑफर मिलने लगे और उन्होंने भारत में ही रहने का फैसला कर लिया। मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखते ही एक एजेंसी ने उनका नाम बदलकर रोज डॉन रख दिया। यह उनका प्रोफेशनल नाम बन गया। इस नाम से उन्होंने कई विज्ञापनों और म्यूजिक वीडियो में काम किया। हालांकि बाद में उन्होंने फिर से अपना असली नाम अपनाया और फिल्मों में हेजल कीच के नाम से पहचानी गईं। भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह से शादी के बाद हेजल ने सिख परंपरा के अनुसार गुरबसंत कौर नाम अपनाया। इस तरह उनकी जिंदगी में तीसरा नाम जुड़ गया। यही कारण है कि उन्हें तीन नामों वाली अभिनेत्री भी कहा जाता है। फिल्मों की बात करें तो उन्हें पहली बड़ी पहचान 2011 में आई फिल्म बॉडीगार्ड से मिली।

# आयुष्मान ने शेयर किया फेवरेट सीन



सालों पहले पर्दे पर ऐसी फिल्म रिलीज हुई थी, जिसने न सिर्फ दर्शकों को पेट पकड़कर हंसने पर मजबूर कर दिया, बल्कि समाज को साफ शब्दों में संदेश भी दिया। हम बात कर रहे हैं आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर की फिल्म दम लगा के हईशा की। फिल्म की रिलीज को पूरे 11 साल हो चुके हैं और अभिनेता ने फिल्म के अपने सबसे पसंदीदा सीन के बारे में बात की है। आयुष्मान खुराना ने दम लगा के हईशा का कॉमेडी से भरा सीन शेयर किया, जिसमें शूट करने में उन्हें सबसे ज्यादा मजा आया था। सीन में संध्या और प्रेम प्रकाश के बीच शादी के तुरंत बाद लड़ाई हो गई है और बातचीत बिल्कुल बंद है। ऐसे में दोनों संवाद के लिए 80 के दशक के गानों का सहारा ले रहे हैं। फिल्म का यह सीन इतना मजेदार था कि आज भी देखकर हंसी रोक पाना बहुत मुश्किल है। अभिनेता ने सीन शेयर कर लिखा, दम लगा के हईशा के मेरे पसंदीदा दृश्यों में से एक। वे गुस्से में हैं, एक-दूसरे से बात नहीं कर रहे, फिर भी संगीत के जरिए सब कुछ कह रहे हैं। मुझे हमेशा से यह पल बहुत पसंद आया है, क्योंकि यह दिखाता है कि जब शब्द साथ नहीं देते, तब भी भावनाएं अपना रास्ता खोज लेती हैं। यह कितना अद्भुत है कि संगीत अपने आप में एक संवाद बन सकता है और कभी-कभी किसी भी संवाद से कहीं ज्यादा बातें कह देता है। खास बात यह भी है कि दम लगा के हईशा भूमि पेडनेकर की डेब्यू फिल्म थी और इस फिल्म के दौरान अभिनेत्री का वजन तकरीबन 100 किलो था। पहली बार हिंदी सिनेमा की स्क्रीन पर बतौर लीड इतनी मोटी अभिनेत्री को उतारा गया था। ऐसा इसलिए, क्योंकि फिल्म का कॉन्सेप्ट ही मोटापे और रिश्ते पर बना था। हालांकि रिलीज के बाद भूमि ने 35 किलो वजन कम किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही।

# अपने किरदार को लेकर संदीपा धर ने की बात



अभिनेत्री संदीपा धर हालिया रिलीज फिल्म दो दीवाने सहर में, में नजर आई थीं। फिल्म में उन्होंने नैना नाम की लड़की का किरदार निभाया था, जो बाहर से एकदम परफेक्ट लगती है, लेकिन अंदर से वह बहुत अकेली और भावनात्मक रूप से टूटी हुई होती है। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने फिल्म को चुनने की विशेष वजह नैना का किरदार बताया। उन्होंने कहा कि फिल्म में नैना का किरदार मेरे लिए सबसे बड़ा आकर्षण था। बाहर से वह परफेक्ट और खुशहाल दिखती थी, लेकिन अंदर ही अंदर वह बहुत अकेली और इमोशनली टूटी हुई थी। फिल्म में मेरे इस सफर को गहराई से दिखाया गया है। बाहर की परफेक्शन और अंदर की उथल-पुथल को दर्शाना एक्टर के तौर पर मेरे लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों था। अभिनेत्री ने आगे फिल्म की कहानी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि बहुत समय बाद एक ऐसी लव स्टोरी दर्शकों के सामने आई है, जो आम नहीं है। यह दो लोगों की कमजोरियों की कहानी है, जो धीरे-धीरे अपनी कमियों को स्वीकार करते हैं और एक-दूसरे को अपनाकर आगे बढ़ते हैं। अभिनेत्री ने फिल्म को लेकर कहा कि ऐसी कहानियां कम देखने को मिलती हैं, जहां हीरो-हीरोइन अपनी कमजोरियों को जानते हुए भी एक-दूसरे को चुनते हैं। रिलीज के बाद संदीपा काफी संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म रिलीज होने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि यह वैसी ही बनी है, जैसा मैंने सोचा था। मेरा किरदार भी कुछ उसी तरह से देखा गया है। जब उम्मीदें पूरी होती हैं तो बहुत संतुष्टि मिलती है। मुझे पता था कि सेकंड हाफ में मृणाल के साथ मेरा टकराव वाला सीन अगर सही से किया जाए तो हाइलाइट बनेगा और ऐसा ही हुआ। कई लोगों ने उस सीन की खूब तारीफ की और अपने से रिलेट किया।

# 'छेलेधोरा' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं स्वास्तिका मुखर्जी



भारतीय सिनेमा में महिलाओं के जटिल किरदारों को लेकर दिखाई गई फिल्मों में अब दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ी है। इसी कड़ी में एक नई बंगाली फिल्म 'छेलेधोरा' चर्चा में है, जो मां-बेटी के रिश्ते, अपराधबोध और आत्म-खोज जैसी भावनाओं पर केंद्रित है। यह फिल्म एक इंडो-अमेरिकन प्रोडक्शन है और एक मार्च से इसकी शूटिंग शुरू होने जा रही है। इस फिल्म में जानी-मानी अभिनेत्री स्वास्तिका मुखर्जी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपने किरदार के बारे में बताया। फिल्म में स्वास्तिका बृष्टि नाम की एक तलाकशुदा महिला का किरदार निभा रही हैं, जो भावनात्मक रूप से काफी जटिल है और उसमें कई कमियां हैं। स्वास्तिका ने फिल्म को लेकर कहा कि यह कहानी उन पलों की है, जब इंसान खुद को सबसे कमजोर महसूस करता है, लेकिन उसी समय उसके अंदर से असली ताकत निकलती है। बृष्टि ऐसा किरदार है, जिसे पहली नजर में लोग शायद पसंद न करें, क्योंकि वह जल्दबाजी में फैसले लेती है और कई बार गलतियां करती है, लेकिन अपनी बेटी के लिए उसका प्यार सच्चा और बेहद गहरा है। कहानी में बृष्टि अपनी बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए उसे बिना इजाजत अपने साथ ले जाती है। वह ऐसा कदम इमोशनल होकर उठाती है, लेकिन हालात अचानक गंभीर हो जाते हैं, जब बच्ची सच में किडनैप हो जाती है। इसके बाद कहानी एक अलग मोड़ लेती है। बृष्टि को अपनी गलती सुधारने और बेटी को वापस लाने के लिए असामान्य रास्ता अपनाना पड़ता है। स्वास्तिका ने बताया कि कहानी में उनका यह सफर सिर्फ एक मां की तलाश नहीं है, बल्कि एक महिला की आत्म-खोज की यात्रा भी है।

# संयोग से 'महाभारत' की 'उत्तरा' बनी थीं वर्षा



दूध का कर्ज और तिरंगा जैसी सफल फिल्में देने वाली 90 के दशक की अभिनेत्री वर्षा उसगांवकर महाभारत शो का हिस्सा रही हैं। हालांकि, कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें यह रोल संयोग से मिला था और वह भी बिना स्क्रीन टेस्ट के। शनिवार को वर्षा ने अपना 58वां जन्मदिन मनाया। वर्षा का जन्म 28 फरवरी 1968 को गोवा में हुआ था। वर्षा ने मराठी थिएटर से अपने करियर की शुरुआत की और जल्द ही मराठी सिनेमा में छा गईं, लेकिन उनकी जिंदगी का सबसे खास मोड़ तब आया, जब वह बीआर चोपड़ा की महाभारत सीरियल में उत्तरा बनीं। वर्षा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने कभी खुद महाभारत के लिए ट्राई नहीं किया। महाभारत सीरियल शुरू होकर एक साल बीत चुका था। फिर एक दिन वर्षा परिवार सहित महाभारत की शूटिंग देखने गईं। उस समय छोटे अभिमन्यु की शूटिंग चल रही थी और जल्द ही अभिमन्यु के बड़े होने और उत्तरा से शादी का सीन आने वाला था। उसी दौरान शो में शकुनि मामा का रोल प्ले करने वाले गुफी पेंटल ने वर्षा को देखा और अचानक से पूछा कि वर्षा, क्या आप उत्तरा का रोल प्ले करने में इंटरेस्टेड हैं? वर्षा हैरान रह गईं, क्योंकि उन्होंने ऐसा कुछ एक्सपेक्ट नहीं किया था। उनके पेरेंट्स वहां मौजूद थे और उन्होंने तुरंत हां कह दिया। पिता की इच्छा देखते हुए बिना किसी स्क्रीन टेस्ट के वर्षा का उत्तरा का रोल फाइनल हो गया। महाभारत में वर्षा की एंट्री डांस से हुई। उस एक दृश्य ने रातोंरात उन्हें पूरे भारत में फेमस कर दिया। महाभारत के जरिए हिंदी फिल्म इंडस्ट्री ने उन्हें नोटिस किया। वर्षा ने बताया कि हिंदी फिल्मों में आने की उनकी बहुत इच्छा थी और यह सपना महाभारत के माध्यम से पूरा हुआ। उनकी पहली हिंदी फिल्म दूध का कर्ज थी, जो साल 1990 में आई थी और इसमें वह जैकी श्रॉफ के ऑपोजिट थीं।

# हेल्दी समझकर कर रहे हैं गलती, सुबह खाली पेट न खाएं ये चीजें: डाइटिशियन



सुबह उठते ही हमारा शरीर पूरी रात के उपवास (फास्ट) के बाद होता है। इस समय पेट और पाचन तंत्र बेहद संवेदनशील होता है और उसे ऐसे पोषण की जरूरत होती है जो धीरे-धीरे ऊर्जा दे और मेटाबॉलिज्म को सही तरीके से एक्टिव करे। लेकिन अक्सर लोग जल्दबाजी में ऐसी चीजें खा लेते हैं जो देखने में तो हेल्दी लगती हैं, लेकिन खाली पेट लेने पर पेट से जुड़ी कई समस्याओं को जन्म दे सकती हैं।

डाइटिशियन निकिता बार्डिया के मुताबिक, 'खाली पेट लिया गया गलत खाना एसिडिटी, गैस, ब्लोटिंग और दिनभर की थकान की वजह बन सकता है। सुबह का पहला निवाला सोच-समझकर लेना बेहद जरूरी है।' आइए जानते हैं ऐसे 4 फूड्स, जिन्हें एक्सपर्ट खाली पेट खाने से मना करती हैं।

**1. कॉफी:** अधिकांश लोग सुबह की शुरुआत कॉफी से करते हैं, लेकिन खाली पेट कैफीन लेने से पेट में एसिड का उत्पादन तेज हो जाता है। इससे जलन, बेचैनी और एसिडिटी हो सकती है।

**क्या करें:** कॉफी से पहले गुनगुना पानी पिएं और कुछ भीगे बादाम या मेवे खा लें।

**2. फ्रूट जूस:** फ्रूट जूस को हेल्दी माना जाता है, लेकिन खाली पेट इसका सेवन पैंक्रियास पर जरूरत से ज्यादा दबाव डालता है। जूस में मौजूद फ्रुक्टोज लीवर पर भी नेगेटिव असर डाल सकता है।

**क्या करें:** साबुत फल खाएं और उन्हें नट्स या बीजों के साथ लें।

**3. साइट्रस फल (संतरा, अमरूद आदि):** खाली पेट खट्टे फल खाने से पेट में एसिड बढ़ सकता है जिससे गैस्ट्राइटिस और जलन की समस्या हो सकती है। इनमें मौजूद अधिक फाइबर और फ्रुक्टोज पाचन को भी धीमा कर सकता है।

**क्या करें:** इन्हें दिन के किसी भी मील के बाद या स्नैक के रूप में खाएं।

**4. दही (योगर्ट):** सुबह खाली पेट दही खाने से उसमें मौजूद प्रोबायोटिक बैक्टीरिया पेट के तेज एसिड में नष्ट हो जाते हैं। इससे न तो पाचन को फायदा मिलता है और उल्टा एसिडिटी बढ़ सकती है।

**क्या करें:** दही को दोपहर के भोजन के साथ या लंच में शामिल करें।

**नोट:** डाइटिशियन का कहना है कि दिन की सही शुरुआत के लिए हल्का, संतुलित और पोषक आहार लेना बेहद जरूरी है। सुबह खाली पेट गुनगुना पानी, थोड़े नट्स, भीगे बीज या हल्का नाश्ता पाचन को बेहतर बनाता है और पूरे दिन एनर्जी बनाए रखने में मदद करता है। सही सुबह की आदतें न सिर्फ पेट को दुरुस्त रखती हैं, बल्कि आपकी सेहत पर भी लंबे समय तक सकारात्मक असर डालती हैं। किसी भी तरह की विशेष जानकारी के लिए अन्य डॉक्टर से उचित सलाह ले सकते हैं।

## यशोभूमि वर्ग पहेली क्र. 34

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | |
| 6 | | ■ | 7 | | | | ■ |
| 8 | | 9 | | ■ | | ■ | 10 |
| | ■ | | ■ | 11 | | 12 | |
| ■ | 13 | | | | ■ | 14 | |
| 15 | | | ■ | 16 | 17 | ■ | |
| ■ | | ■ | 18 | | | 19 | ■ |
| 20 | | | | ■ | 21 | | |

**बाएं से दाएं :** 1. अपमान, अनादर, उपेक्षा 4. तनख्वाह, वेतन 6. धूल 7. झाड़ू लगाना 8. नाव के पीछे लगी त्रिकोनी लकड़ी 11. झंझट, बखेड़ा 13. प्रलय, आफत 14. रोटी सेंकने का पात्र 15. गुजरात का एक शहर, शक्ल 16. शर्म, हया 18. शाश्वत 20. जलाने योग्य लकड़ी 21. गीत, गाना

**ऊपर से नीचे :** 1. पचास और तीन 2. चांदी 3. एक लचीला पदार्थ 4. फिक्र, चिंता 5. नगमा, गीत 9. व्यर्थ, फिजूल 10. नाव खेने में प्रयुक्त लकड़ी 11. जानकारी कराना, आभास कराना 12. विचार, राय 13. ताजिया दफन किए जाने का स्थान 17. जत्न, संभाल 18. सूर्य-पुत्र अंग्रेजी में 19. संख्या, अंगूठी आदि का पत्थर

## मध्यम सुडोकू

खाने में 1 से 6 तक की संख्याएं और 2 बाय 3 के ऐसे 6 वर्ग इस प्रकार भरिए कि ये संख्याएं किसी भी स्तंभ की पंक्ति में दोहराई न जाएं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | | 1 |
| | 4 | 1 | | | 2 |
| 2 | 1 | | 4 | | |
| | | 6 | | 2 | 3 |
| 1 | | | 5 | 3 | |
| 5 | | | | | 6 |

## छोटों के लिए सुडोकू

इस 4 बाय 4 बॉक्स में नंबर दिए गए हैं। रिक्त स्थानों को भरें और इस मिनी सुडोकू पहेली को पूरा करें। बॉक्स में 1 से 4 तक की संख्याएं और 2 बाय 2 के ऐसे चार वर्ग इस प्रकार भरें कि ये संख्याएं किसी भी कॉलम की पंक्ति में दोहराई न जाएं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 4 |
| 3 | | 2 | |
| | | 1 | |
| 2 | | | 3 |

## सूडोकू नवताल- 34

★★★★☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 8 | | 1 | 9 | | |
| | 3 | | | | | 8 | 5 | |
| | 9 | 8 | 7 | 3 | | | 2 | |
| 1 | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | 1 | | | | 2 |
| 8 | 5 | | 4 | 2 | 6 | | | 9 |
| | 1 | | | 5 | 8 | 7 | 3 | |
| | 7 | 4 | | | | | 6 | |
| | | 6 | 2 | | 4 | | | 5 |

▸ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 33 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें। पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते। पहेली का केवल एक ही हल है।

Jagrutidaur.com, Bangalore

### कल के छोटों सुडोकू का जवाब

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 1 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 2 | 1 |
| 1 | 2 | 3 | 4 |

### कल के मध्यम सुडोकू का जवाब

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 3 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 5 | 2 | 1 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 5 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 |

### वर्ग पहेली क्र. 33 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | स्म | त | ■ | घ | मा | सा | न |
| सा | ■ | गा | ज | र | ■ | ग | म |
| न | फ | र | त | ■ | क | र | ■ |
| ■ | रे | ■ | ला | ल | च | ■ | स |
| उ | ब | ल | ना | ■ | ह | जा | म |
| मा | ■ | री | ■ | ना | री | ■ | त |
| प | द | ■ | भा | ग | ■ | भा | ल |
| ति | र | प | न | ■ | दा | ना | ■ |

### सूडोकू नवताल- 33 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# साप्ताहिक राशि भविष्य

1 मार्च 2026 से 7 मार्च 2026 तक

ज्योतिर्विद् डा.बालकृष्ण मिश्र, विद्या वारिधि (पी. एच.डी.)(काशी)

**मेष**

इस सप्ताह आपको अपने कार्यों को विवेकपूर्ण और धैर्यपूर्वक करना होगा। करियर और कारोबार में उतार-चढ़ाव संभव है, लेकिन अंत में लाभ होगा। क्योंकि आपकी राशि का स्वामी मंगल लाभ भाव पर बैठ करके अपनी पूर्ण चौथे दृष्टि से धन भाव को देख रहा है, इसलिए धन की वृद्धि तो कराएगा, लेकिन आपकी राशि से ही पराक्रम भाव पर देवगुरु बृहस्पति बैठ करके अपने पंचम दृष्टि से सप्तम भाव को देख रहा है। यदि किसी व्यापार से जुड़े हैं तो व्यापार की वृद्धि कराएगा। यदि कहीं नौकरी कर रहे हैं तो प्रमोशन होने का चांस बढ़ाएंगे। प्रेम संबंध में सावधानी रखें और सामाजिक मर्यादा का ख्याल रखें। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको हनुमान जी का दर्शन करना और गाय को केला खिलाना लाभदायक होगा।

**वृषभ**

इस सप्ताह आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, क्योंकि आपकी राशि से द्वितीय स्थान पर देवगुरु बृहस्पति बैठ करके अपने नमन दृष्टि से दशम भाव को देख रहे हैं दशम भाव से करियर का विचार किया जाता है। बृहस्पति की दृष्टि में अमृत होता है, यदि करियर आपका अच्छा होगा तो हर प्रकार से आपका शुभ होगा। करियर भी मजबूत होगा। प्रमोशन का चांस नहीं मिलेगा और यदि व्यापार से जुड़े हैं तो व्यापार की वृद्धि भी होने का चांस बना रहेगा। यह योग आपके रुके हुए कार्यों को भी पूर्ण करके आगे के कार्यों की योजना भी बनाएगा, लेकिन अनावश्यक खर्चों से बचें। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। शुभ फल आपको प्राप्त करने के लिए गाय को गुड़ खिलाना चाहिए।

**मिथुन**

इस सप्ताह आपको अपने काम में मेहनत करनी होगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, क्योंकि आपकी राशि पर ही चंद्रमा ग्रह के साथ में देव बृहस्पति बैठे हुए हैं, चंद्रमा ग्रह के साथ में देवगुरु बृहस्पति यदि बैठते हैं तो गज केसरी योग बनता है। इस योग के कारण सारे अधूरे कार्य भी पूर्ण होते हैं। बृहस्पति अपने पंचम दृष्टि से पंचम भाव को देख रहा है। यदि आप कोई प्रतियोगी परीक्षा देना चाहते हैं, तो यह समय आपके लिए अनुकूल है। आपकी राशि से दशम भाव पर शनि देव बैठ करके आपके कार्यक्षेत्र की वृद्धि भी करेंगे, लेकिन सकारात्मक सोच के साथ में काम करना आपके लिए ज्यादा बेहतर होगा। प्शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको हनुमान जी का दर्शन करना विशेष लाभकारी होगा।

**कर्क**

इस सप्ताह आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, आपकी राशि का स्वामी आपकी राशि पर बैठ करके केंद्र त्रिकोण राज्यों को बना रहा है। इस योग के कारण अपने सारे अधूरे कार्य को पूर्ण कर लेंगे। आपकी राशि से दूसरे स्थान पर केतु बैठने के कारण आपको कंफ्यूजन हो सकता है, लेकिन सकारात्मक सोच के साथ में अगर आप काम करेंगे तो आपके सारे कार्य परिपूर्ण होंगे और नकारात्मकता को समाप्त कर सकारात्मक सोच के साथ में आप काम करिए। निश्चित आपकी हर कार्य समय पर पूर्ण होंगे, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें। कर्ज लेने का प्रयास न करें इस समय कर्ज लेने से आपको हानि हो सकती है। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको हनुमान चालीसा का तीन बार पाठ करना चाहिये।

**सिंह**

इस सप्ताह आपको अपने काम में मेहनत करनी होगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, लेकिन आपकी राशि पर ही चंद्रमा के साथ में केतु बैठा है। चंद्रमा के साथ में केतु बैठने के कारण आपको कंफ्यूजन हो सकता है, कन्फ्यूजन न रखें। सकारात्मक सोच के साथ में काम करना आपके लिए ज्यादा लाभकारी होगा। आपकी राशि से सातवें स्थान पर सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र और राहु बैठे हुए हैं, इस कारण आपकी राशि से बुधादित्य योग बन रहा है। इस योग के कारण आप कोई भी कार्य करने में समर्थ रहेंगे, लेकिन सकारात्मक सोच रखना आपको आवश्यक है। लेकिन अनावश्यक खर्चों से बचें। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको गाय को गुड़ खिलाना चाहिए।

**कन्या**

इस सप्ताह आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, क्योंकि आपकी राशि का स्वामी बुध सूर्य ग्रह के साथ में बैठ करके बुधादित्य योग बन रहा है। इस योग के कारण आप ऊंचाई की शिखर पर पहुंचेंगे, लेकिन आपके अंदर अहंकार न आने दें, क्योंकि सूर्य आपके बारे में भाव का स्वामी हो करके छठे भाव पर बैठा हुआ है। छठे भाव पर बैठा हुआ मंगल शत्रुओं से निजात देता है। शत्रुओं से यदि कोई परेशानी आपको हो रही है तो परेशानियां दूर हो जाएंगी और आप विकास के मार्ग को प्रस्तुत करोगे, क्योंकि छठे भाव पर बैठा हुआ मंगल शत्रुहन्ता योग बन रहा है, इस योग के कारण सारे शत्रु पराजित हो जाते हैं। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको गणेश जी को दूर्वा जरूर चढ़ाना चाहिए।

**तुला**

इस सप्ताह आपको अपने काम में मेहनत करनी होगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, क्योंकि आपकी राशि का स्वामी शुक्र आपकी कुंडली में पंचम भाव पर बैठ करके केंद्र त्रिकोण राजयोग बना रहा है। इस योग के कारण आप अपने सारे अधूरे कार्य को पूर्ण करेंगे और साथ में ही यदि आप कोई प्रतियोगी परीक्षा देने का विचार बनाए हुए हैं उसकी तैयारी अच्छी ढंग से करें। आपको सफलता मिलेगी और यदि कहीं नौकरी कर रहे हैं तो सहकर्मियों से अच्छे संबंध बनाएं। सकारात्मक सोच के साथ में आपका काम करना बहुत आवश्यक है। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आप शिव जी को जल जरूर चढ़ाएं ऐसा करने से आपकी हर प्रकार की कामनाएं पूर्ण होंगी।

**वृश्चिक**

इस सप्ताह आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, क्योंकि आपकी राशि का स्वामी मंगल आपकी राशि से चौथे स्थान पर बैठा है। यदि आप कहीं प्रॉपर्टी खरीदना चाहते हैं तो प्रॉपर्टी खरीदने के लिए यह बहुत ही अच्छा अवसर है। निर्णय ले लें प्रॉपर्टी खरीदने की मानसिकता बना लें, प्रॉपर्टी खरीदना इस समय आपके लिए लाभदायक होगा, क्योंकि आपकी राशि का स्वामी चौथे स्थान पर बैठ करके आपको स्थिर संपत्ति दिलाएगा। क्योंकि मंगल ग्रह के साथ में ही सूर्य और बुध भी बैठे हुए हैं, जिस कारण बुधादित्य योग बन रहा है। खर्चों पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। शुभ फल प्राप्त करने के लिए लाल मसूर की दाल मंगलवार को दान करना चाहिए।

**धनु**

इस सप्ताह आपको अपने काम में मेहनत करनी होगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, आपकी राशि से तीसरे स्थान पर सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र और राहु बैठ करके आपके पराक्रम को बढ़ा रहे हैं, जिस पराक्रम से आप कोई भी कार्य प्रारंभ करेंगे। निश्चित हुआ कार्य आपका परिपूर्ण होगा, क्योंकि आपकी राशि का स्वामी आपकी राशि से सातवें स्थान पर बैठ करके लग्न को अपने पूर्ण दृष्टि से देख रहा है, इसलिए आपका आत्म बल भी मजबूत होगा और सातवें स्थान पर बैठ करके अपने पंचम दृष्टि से आए स्थान को देख रहा है, इसलिए आर्थिक आय अच्छी होगी। लेकिन अनावश्यक खर्चों से बचें। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको यूट्यूब के माध्यम से विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ सुनना चाहिए।

**मकर**

इस सप्ताह आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, आपकी राशि का स्वामी आपकी पराक्रम भाव पर बैठ करके आपसे मेहनत करवाएगा। मेहनत के आधार पर ही आपको लाभ भी दिलाएगा। मेहनत करने में आप कमजोर मत हों, आलस्य को त्याग करके आप पर्याप्त मेहनत करें और मेहनत के आधार पर ही आपको लाभ की प्राप्ति होगी। क्योंकि आपकी राशि से दूसरे स्थान पर ही सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र और राहु बैठे हुए धन स्थान पर इन पांचों ग्रहण के बैठने से संकेत यह मिल रहा है कि आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी होगी, लेकिन क्रोध न करें। खर्चों पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। शुभ फल प्राप्त करने के लिए पक्षियों को चारा डालना चाहिए।

**कुंभ**

इस सप्ताह आपको अपने काम में मेहनत करनी होगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, आपकी राशि का स्वामी शनि धन भाव पर बैठ करके आपके धन की वृद्धि तो नहीं हो सकता है, क्योंकि आपकी राशि पर जो शनि की साढ़ेसाती चल रही है यह अंतिम चरण की धन की साढ़ेसाती है। लेकिन आपको ध्यान होना चाहिए कि आपकी राशि पर शनि की साढ़ेसाती भी चल रही है शनि की साढ़ेसाती के कारण आपको व्यर्थ के खर्चों पर अंकुश रखना होगा और दुष्ट मित्रों की संगति से भी बचना होगा, नियम पूर्वक और व्यवस्थित कार्य कर रहे हैं तो शनि जाते-जाते आपको मालामाल बना देगा। लेकिन अनावश्यक खर्चों से बचें। कर्ज लेने का प्रयास न करें कर्ज लेना इस समय आपके लिए ठीक नहीं है, पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी।

**मीन**

इस सप्ताह आपको अपने अंतर्ज्ञान पर भरोसा करना होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, क्योंकि आपकी राशि का स्वामी देवगुरु बृहस्पति चौथे स्थान पर बैठ करके दशम भाव को अपनी पूर्ण दृष्टि से देख रहा है। बृहस्पति की दृष्टि में अमृत होता है, लेकिन शनि आपकी राशि पर होने के कारण आपकी राशि पर शनि की साढ़ेसाती का भी प्रभाव चल रहा है, इस कारण इस समय कोई अनैतिक कार्य न करें, नहीं तो आप परेशानी में हो सकते हैं। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको हनुमान चालीसा का तीन बार पाठ जरूर करना चाहिए। सकारात्मक सोच के साथ में काम करना आपके लिए विशेष लाभदायक होगा और अपने अधूरे कार्य को भी आप परिपूर्ण कर सकते हो।

# आज से बैंकिंग, टैक्स, यूपीआई समेत बदलेंगे कई वित्तीय नियम

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में हर महीने की शुरुआत कई महत्वपूर्ण वित्तीय और नियामकीय बदलाव के साथ होती है। ऐसे में, मार्च 2026 के पहले दिन भी कई बड़े बदलाव होने वाले हैं, जिनका सीधा असर आम आदमी की बैंकिंग, टैक्स फाइलिंग, डिजिटल पेमेंट और निवेश गतिविधियों पर पड़ सकता है। ये बदलाव केंद्रीय बजट 2026-27,




### केवाईवी की अनिवार्यता समाप्त

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने नो योर व्हीकल (केवाईवी) की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। अब मौजूदा फास्टैग उपयोगकर्ताओं को नियमित केवाईवी सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी, जब तक कोई विशेष शिकायत न हो। साथ ही, 3 मार्च 2026 से कुछ डिजिटल वॉलेट्स में फास्टैग सब-वॉलेट सुविधा भी शुरू की जा रही है, जिससे टोल भुगतान की राशि अलग रखी जा सकेगी। सरकार डिजिटल फ्रॉड पर रोक लगाने के लिए मैसेजिंग ऐप्स को सक्रिय सिम कार्ड से लिंक करने का नियम लागू कर सकती है। 1 मार्च से व्हाट्सएप, टेलीग्राम या सिग्नल जैसे ऐप्स केवल सक्रिय सिम के साथ ही काम कर सकते हैं। यदि सिम हटाया गया या निष्क्रिय हुआ, तो ऐप्स काम करना बंद कर सकते हैं।

## आम आदमी की जेब पर पड़ सकता है सीधा असर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सेबी और अन्य नियामक संस्थाओं के निर्देशों के तहत होने वाले हैं।

हर महीने की तरह 1 मार्च को भी तेल कंपनियां घरेलू और कामर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा करेंगी। अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के दाम और डॉलर विनिमय दर के आधार पर नई दरें तय होंगी। होटल, रेस्टोरेंट और छोटे व्यवसायों पर कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में बदलाव का सीधा असर पड़ सकता है। इसके साथ ही, पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। केंद्रीय बजट 2026-27 में करदाताओं को बड़ी राहत दी गई है। अब संशोधित आयकर रिटर्न (रिवाइज्ड आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 मार्च कर दी गई है। पहले यह समयसीमा 31 दिसंबर तक थी। इसका मतलब है कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यदि आपने रिटर्न में कोई गलती की है, तो मार्च तक उसे सुधार सकते हैं और संभावित पेनल्टी या नोटिस से बच सकते हैं। फाइनेंस बिल के तहत लेट रिविजन विंडो भी शुरू की गई है। असेसमेंट ईयर खत्म होने के 9 महीने बाद लेकिन 12 महीने के भीतर संशोधित रिटर्न दाखिल करने पर अब शुल्क देना होगा। 5 लाख रुपए तक की आय वाले करदाताओं को 1,000 रुपए और इससे अधिक आय वालों को 5,000 रुपए शुल्क देना होगा। इसके अलावा, आईटीआर-यू (अपडेटेड रिटर्न) को री-असेसमेंट मामलों में और अधिक प्रासंगिक बनाया गया है। यदि करदाता को पुनर्मूल्यांकन नोटिस मिलता है, तो वह अपडेटेड रिटर्न दाखिल कर सकता है, लेकिन इसके लिए देय कर और ब्याज पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क देना होगा। इसका उद्देश्य स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देना है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने निर्देश दिया है कि 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को सभी एजेंसी बैंक खुले रहेंगे, भले ही उस दिन महावीर जयंती का सार्वजनिक अवकाश हो।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में बढ़ी

यशोभूमि/भाषा

**मुंबई।** देश के भीतर हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या जनवरी 2026 में वार्षिक आधार पर 4.36 प्रतिशत बढ़कर 152.49 लाख रही, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के

## डीजीसीए ने जारी किया आंकड़ा

अनुसार, इंडिगो, एयर इंडिया समूह, स्पाइसजेट और अकासा एयर सहित प्रमुख घरेलू विमानन कंपनियों ने जनवरी 2025 में कुल 146.11 लाख यात्रियों को सेवाएं दी थीं। दिसंबर में पायलटों के विश्राम और ड्यूटी अवधि के कड़े नियमों के कारण परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करने वाली इंडिगो ने अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर ली है। कंपनी 63.6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी और 97.04 लाख यात्रियों के साथ शीर्ष पर रही। इसके विपरीत, एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने की तुलना में लगभग तीन प्रतिशत घटकर 26.5 प्रतिशत (40.34 लाख यात्री) रह गई। विमान में सीटों के भरने की दर (पीएलएफ) के मामले में अकासा एयर 93.2 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रही, जबकि इंडिगो 87.7 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही।

# संशोधित जीडीपी सीरीज से अर्थव्यवस्था का बढ़ा आकार

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** एसबीआई रिसर्च की नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत की संशोधित जीडीपी सीरीज न केवल अर्थव्यवस्था का बड़ा आकार दिखाती है, बल्कि यह भी बताती है कि मैन्युफैक्चरिंग अब विकास का प्रमुख इंजन बन रही है। हालांकि, वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में वृद्धि दर घटकर 7.8 प्रतिशत रह गई।




### कृषि क्षेत्रों में देखी नरमी

वित्तीय सेवाएं, रियल एस्टेट, आईटी और प्रोफेशनल सेवाओं में तीसरी तिमाही में 11.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में कुछ नरमी देखी गई। कृषि, पशुपालन, वानिकी और मत्स्य क्षेत्र की वृद्धि वित्त वर्ष 2026 में 2.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो वित्त वर्ष 2025 के 4.2 प्रतिशत से कम है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में इस सेक्टर की वृद्धि 1.4 प्रतिशत रही, जो पिछले साल की समान तिमाही के 5.8 प्रतिशत से कम है। इसका कारण बेस इफेक्ट हो सकता है।

## मैन्युफैक्चरिंग बनी भारत की ग्रोथ का इंजन

एसबीआई रिसर्च के संकलित आंकड़ों के मुताबिक, नई जीडीपी सीरीज के तहत वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि 7.8 प्रतिशत रही, जो दूसरी तिमाही के 8.4 प्रतिशत से कम है। पूरे वित्त वर्ष 2026 के लिए विकास दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पुरानी सीरीज के 7.4 प्रतिशत अनुमान से थोड़ा अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ वार्षिक वृद्धि दरों में संशोधन किया गया है, लेकिन नए बेस ईयर, बेहतर आंकड़ों और सुधरी कार्यप्रणाली के कारण अर्थव्यवस्था का कुल आकार काफी बढ़ा हुआ दिख रहा है। वित्त वर्ष 2024 की वृद्धि दर को पहले के 9.2 प्रतिशत से घटाकर 7.2 प्रतिशत किया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2025 की वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वास्तविक जीडीपी के स्तर में बड़ा उछाल दिखा है। वित्त वर्ष 2023 की वास्तविक जीडीपी अब 261 लाख करोड़ रुपए आंकी गई है, जबकि पुरानी 2011-12 सीरीज में यह 161 लाख करोड़ रुपए थी। इसी तरह वित्त वर्ष 2025 की वास्तविक जीडीपी को पहले के 188 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 300 लाख करोड़ रुपए किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह बढ़ोतरी बेहतर कवरेज, मैन्युफैक्चरिंग में डबल डिफ्लेशन पद्धति के उपयोग और अधिक विस्तृत मूल्य सूचकांकों के कारण हुई है।

# दुनिया में उम्मीद के अनुरूप नहीं हो रहा ऊर्जा परिवर्तन

यशोभूमि/भाषा

**नयी दिल्ली।** एनर्जी ट्रांजिशन कमीशन निदेशक इटा केटलबरो ने कहा है कि दुनिया में जीवाश्म ईंधनों का उपयोग धीरे धीरे कम करने के बीच नवीकरणीय ऊर्जा से बिजली

## बोले, एनर्जी ट्रांजिशन कमीशन निदेशक केटलबरो

उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन हो सकता है कि इस परिवर्तन की गति उतनी तेज नहीं हो, जितनी उम्मीद की जा रही थी। केटलबरो ने कहा कि ऐसा स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन लागत में उल्लेखनीय कमी के बावजूद है। एनर्जी ट्रांजिशन कमीशन ब्रिटेन स्थित एक विचार मंच है, जो आर्थिक विकास और जलवायु परिवर्तन को कम करने पर ध्यान केंद्रित करता है। यह वर्तमान में एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टीआरआई) के सहयोग से भारत में कृषि क्षेत्र में स्वच्छ बिजली के विस्तार के लिए काम कर रहा है। केटलबरो ने कहा, स्वच्छ ऊर्जा, विशेष रूप से सौर और पवन ऊर्जा के उत्पादन लागत में उल्लेखनीय कमी आई है। उदाहरण के लिए, सौर ऊर्जा के मामले में, पिछले 30 वर्षों में लागत में 99 प्रतिशत की कमी आई है।

# सरकार ने चावल में पोषक तत्वों को मिलाने की प्रक्रिया को रोका

यशोभूमि/एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चावल में पोषक तत्वों को मिलाने की प्रक्रिया को अस्थायी रूप से बंद करने का फैसला लिया है। यह निर्णय तब तक लागू रहेगा, जब तक अधिक मजबूत और प्रभावी पोषक

## समीक्षा के आधार पर लिया गया यह निर्णय

तत्व वितरण तंत्र विकसित और कार्यान्वित नहीं हो जाता।

सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और भारत सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत चावल में पोषक



तत्वों को मिलाने की प्रक्रिया की समीक्षा की। इस समीक्षा के आधार पर ही यह निर्णय लिया गया है कि लाभार्थियों तक पोषक तत्वों की आपूर्ति के लिए अधिक प्रभावी व्यवस्था मिलने तक पीएमजीकेएवाई और संबद्ध योजनाओं के तहत चावल में पोषक तत्वों को मिलाने की प्रक्रिया को अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाए। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, देश के अलग-अलग कृषि-जलवायु क्षेत्रों में वास्तविक भंडारण स्थितियों के तहत फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) और फोर्टिफाइड राइस (एफआर) की शेल्फ लाइफ का आकलन करने के लिए सरकार की ओर से आईआईटी खड़गपुर को काम सौंपा गया था। रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया है कि नमी की मात्रा, भंडारण की स्थिति, तापमान, सापेक्ष आर्द्रता और पैकेजिंग सामग्री जैसे कारक एफआरके और एफआर की स्थिरता और शेल्फ लाइफ को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि लंबे समय तक भंडारण और नियमित रखरखाव के दौरान इनमें सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी और शेल्फ लाइफ में गिरावट आने की संभावना रहती है। इस कमी के कारण प्रभावी शेल्फ लाइफ अपेक्षा से कम हो जाती है, जिससे अपेक्षित पोषण संबंधी लाभ सीमित हो जाते हैं। खरीद की मात्रा और वार्षिक खपत को ध्यान में रखते हुए चावल दो से तीन साल तक भंडारण में रहता है।

# आंध्र प्रदेश खोलेगा दुर्लभ पृथ्वी खनन के लिए अपनी तटरेखा

यशोभूमि/भाषा

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश अपनी खनिज समृद्ध तटरेखा को बड़े पैमाने पर दुर्लभ पृथ्वी और टाइटेनियम युक्त तटीय रेत खनन के लिए खोलने की योजना बना रहा है। यह एक

## चीन से आयात में कटौती पर नजर

रणनीतिक कदम है जिसका उद्देश्य चीन से आयात पर भारत की निर्भरता को कम करना और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए एक घरेलू मूल्य श्रृंखला बनाना है। एपीएमडीसी ने तटीय जिलों में कई भारी खनिज युक्त भंडारों की पहचान की है, जो राज्य को टाइटेनियम डाइऑक्साइड, टाइटेनियम धातु और दुर्लभ पृथ्वी प्रसंस्करण के लिए एक संभावित केंद्र के रूप में स्थापित करता है। एपीएमडीसी ने बताया कि राज्य में भारत के तटीय रेत खनिज संसाधनों का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा है, जो देश में दूसरा सबसे बड़ा है। इसमें इल्मेनाइट, रूटाइल, जिरकॉन और मोनाजाइट के महत्वपूर्ण भंडार हैं। मोनाजाइट दुर्लभ पृथ्वी तत्वों का एक प्रमुख स्रोत है, जिसका उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, पवन टर्बाइन, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा प्रणालियों के लिए चुम्बकों में किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मच्छर भगाने वाली कॉइल से लगी आग, महिला की मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**पटना।** पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। करबिगहिया में शुक्रवार रात एक तीन मंजिला घर में आग लग गई। घर में एक लकवाग्रस्त महिला सो रही थी। वो भी आग की चपेट में आ गई और झुलसने से उनकी मौत हो गई। घर में पति थे पर उन्हें भी पता नहीं चल पाया। मकान के सामने स्थित दुकानदार ने देखा और उन्होंने शोर मचाना शुरू किया। इसके बाद मुहल्ले के लोग जुटे और आग पर काबू पाया।

### पत्नी की हत्या मामले में पति सहित दो गिरफ्तार

यशोभूमि/एजेंसी

**कटिहार।** जिले के सेमापुर थाना पुलिस ने शुक्रवार को पत्नी हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए पति एहतेसाम हुसैन और उसके सहयोगी विकास कुमार को गिरफ्तार किया है। उक्त घटना 16 फरवरी की रात की है, जब शरीफा खातून की हत्या कर दी गई थी। सेमापुर पुलिस के अनुसार, एहतेसाम हुसैन ने 17 फरवरी को सेमापुर थाना में अपनी पत्नी की हत्या की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने तीन अज्ञात व्यक्तियों पर आरोप लगाया था, लेकिन पुलिस की जांच में पता चला कि हत्या की साजिश एहतेसाम हुसैन ने ही रची थी।

### पैसेंजर ट्रेन के बाथरूम के पास मिला नवजात

यशोभूमि/एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर रेलवे स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल की मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। साहिबगंज-जमालपुर पैसेंजर ट्रेन (गाड़ी संख्याः 63431) के बाथरूम के समीप किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा छोड़े गए एक नवजात शिशु को आरपीएफ ने शुक्रवार को सुरक्षित बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि नाथनगर स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान आरपीएफ हेड कांस्टेबल राजेश कुमार और कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार ने ट्रेन के भीतर लावारिस हालत में एक नवजात को देखा।

# उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सीमेंट यूनिट का किया उद्घाटन

यशोभूमि/एजेंसी

**बक्सर।** बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को बक्सर के ब्रह्मपुर में जेके सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट के विशाल औद्योगिक संयंत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विकास, निवेश और रोजगार के अवसर, एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, 'बिहार में औद्योगिक क्रांति की ऐतिहासिक



### विपक्ष ने हमेशा बिहार के बारे में की हैं निगेटिव बातें

**जदयू सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि विपक्ष ने हमेशा बिहार के बारे में निगेटिव बातें की हैं। उन्होंने न तो राज्य का भला किया, न इसके बारे में अच्छा सोचा, न ही पॉजिटिव बात की। यही उनका रिकॉर्ड रहा है और जनता ने उन्हें उनकी जगह दिखा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगले पांच साल में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा और हम देख रहे हैं कि प्रोसेस शुरू हो चुका है। आज दो बड़ी फैक्ट्रियों का उद्घाटन हुआ है। अब लोग बिहार में भी कैपिटल इन्वेस्ट कर रहे हैं। आज का दिन बिहार के लिए गौरव का दिन है।**

## विकास और रोजगार हैं एनडीए की प्राथमिकता

शुरुआत। आज बक्सर के ब्रह्मपुर में जेके सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट के विशाल औद्योगिक संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल भी मौजूद रहे। बिहार की एनडीए सरकार की नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत जेके सीमेंट प्लांट के रूप में एक उपलब्धि हासिल हुई है। इससे बिहार में हजारों युवाओं को रोजगार और क्षेत्र को आर्थिक मजबूती मिलेगी। विकास, निवेश और रोजगार के अवसर, यही एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। जेके सीमेंट प्रतिष्ठान और बिहार वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।' डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने राज्य में दो फैक्ट्रियों के उद्घाटन पर कहा कि सीएम नीतीश कुमार और पीएम मोदी के नेतृत्व में सबसे ज्यादा बॉटलिंग प्लांट लगाए गए हैं। बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बक्सर के ब्रह्मपुर में जेके सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट के भव्य कार्यक्रम में सम्मिलित होकर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ यूनिट का उद्घाटन किया। यह परियोजना न केवल बक्सर, बल्कि पूरे क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी। स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, निवेश को बढ़ावा और आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राज्य में उद्योगों के विस्तार और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण की दिशा में यह एक सशक्त कदम है। उद्योग, निवेश और रोजगार के माध्यम से विकास की नई संभावनाओं के सृजन हेतु एनडीए सरकार संकल्पित है। जदयू सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि विपक्ष ने हमेशा बिहार के बारे में नेगेटिव बातें की हैं। उन्होंने न तो राज्य का भला किया, न इसके बारे में अच्छा सोचा, न ही पॉजिटिव बात की। यही उनका रिकॉर्ड रहा है और जनता ने उन्हें उनकी जगह दिखा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगले पांच साल में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार दिया जाएगा और हम देख रहे हैं कि प्रोसेस शुरू हो चुका है। आज दो बड़ी फैक्ट्रियों का उद्घाटन हुआ है। अब लोग बिहार में भी कैपिटल इन्वेस्ट कर रहे हैं।

# सीएम नीतीश ने देशरत्न राजेंद्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि पर किया नमन

यशोभूमि/एजेंसी

**पटना।** देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि पर पूरे देश ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद करते हुए शत-शत नमन किया। इस अवसर पर बिहार की राजधानी पटना स्थित महाप्रयाण घाट (बांस घाट) में उनकी समाधि स्थल पर मुख्य राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद



### मुख्यमंत्री ने विद्युत शवदाह गृह का किया निरीक्षण

**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राजधानी पटना के बांस घाट क्षेत्र स्थित विद्युत शवदाह गृह का निरीक्षण कर वहां की वर्तमान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन अत्याधुनिक शवदाह गृह परिसर के कार्यों की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने मंदिरी नाला परियोजना के तहत निर्माणाधीन दो-लेन संपर्क सड़क के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। यह संपर्क सड़क नेहरू पथ (बेली रोड) के आयकर चौराहा से दानापुर-बांकीपुर पथ होते हुए बांस घाट के रास्ते जेपी गंगा पथ से जोड़ी जाएगी।**

## देश को प्रदान की मजबूत लोकतांत्रिक दिशा

की समाधि पर पुष्प-चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने समाधि की परिक्रमा कर राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया।

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से बिहार लोक भवन सचिवालय के अपर सचिव ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन की ओर से पटना के जिला दंडाधिकारी तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पटना प्रमंडल के आयुक्त ने देशरत्न की समाधि पर पुष्प-चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद एवं जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, विधायक श्याम रजक, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा तथा राज्य नागरिक परिषद के महासचिव अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने देशरत्न की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम, संविधान निर्माण तथा राष्ट्र निर्माण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# दूल्हों को दुल्हनों ने लगाया लाखों का चूना

यशोभूमि/एजेंसी

**गोपालगंज।** राजस्थान के जयपुर से शादी करने बिहार के गोपालगंज पहुंचे दो सगे भाइयों के साथ हैरान कर देने वाली ठगी की वारदात सामने आई है। सात फेरे लेने के महज एक दिन बाद ही दोनों दुल्हनें गैरों की बाइक पर बैठकर फरार हो गईं। वे अपने साथ लाखों रुपये के गहने, लहंगा और अन्य सामान भी ले गईं। अब



## पांच लाख कैश और गहने- लहंगे तक मंगाए

पीड़ित दूल्हे हाथों में लगी मेहंदी दिखाकर न्याय की गुहार लगा रहे हैं। दूल्हे अंकित शर्मा और प्रिंस की शादी एक एजेंट के माध्यम से तय हुई थी। परिवार के अनुसार, पूरी शादी के लिए करीब 5 लाख रुपये खर्च किए गए, जिनमें लगभग 3 लाख रुपये के गहने शामिल थे। अंकित के बड़े भाई अनुराग शर्मा ने बताया कि इस पूरे मामले के पीछे एक संगठित गिरोह सक्रिय है, जो राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों के उन युवकों को निशाना बनाता है, जिनकी शादी नहीं हो पा रही होती। अनुराग के मुताबिक, अंकित के साथ काम करने वाले संजय सैनी ने बिहार में शादी कराने का भरोसा दिलाया। कहा गया कि गरीब परिवार की लड़कियां हैं और शादी का पूरा खर्च लड़के वालों को उठाना होगा। गहने बाद में वापस कर दिए जाएंगे। परिवार ने भरोसा कर लिया और जल्दबाजी में 23 फरवरी की तारीख तय कर दी। 21 फरवरी को परिवार जयपुर से रवाना हुआ और 22 फरवरी को गोपालगंज पहुंचा। होटल में रुकने के दौरान कुछ संदिग्ध गतिविधियां भी दिखीं, लेकिन परिवार ने इसे नजरअंदाज कर दिया। 23 फरवरी को कथित लड़की पक्ष होटल पहुंचा और 2 लाख रुपये नकद तथा 3 लाख के गहने ले लिए। दोपहर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की रस्में पूरी की गईं।

# घरेलू विवाद में पति ने पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

यशोभूमि/एजेंसी

**पटना।** राजधानी पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के पूर्वी गोला रोड में शुक्रवार रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। बताया जा रहा है कि होली पर ससुराल जाने को लेकर हुए विवाद में एक पति ने अपनी नर्स पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम



## होली पर ससुराल जाने को लेकर हुआ विवाद

देने के बाद आरोपी ने खुद डायल 112 पर फोन कर पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मृतका की पहचान पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) में हेड नर्स के पद पर कार्यरत चांदनी कुमारी के रूप में हुई है। आरोपी पति सोनू कुमार सिंह बताया जा रहा है। दोनों की शादी 6 फरवरी 2023 को हुई थी और उनका एक दो साल का बेटा भी है। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक, शुक्रवार शाम सोनू ने चांदनी से होली पर अपने घर छपरा चलने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने गुस्से में पत्नी को जोरदार थप्पड़ मारा, जिससे उसके कान से खून निकलने लगा। इसके बाद उसका गला दबाया और सीने पर वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सोनू ने पहले अपने दो साल के बेटे को छपरा स्थित अपने घर पहुंचाया। फिर देर रात दानापुर लौटकर डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को हत्या की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को घर से ही हिरासत में ले लिया। मृतका की बहन ब्यूटी कुमारी ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

### पैसों के लिए चांदनी को प्रताड़ित करता था पति

**बहन का आरोप है कि ससुराल पक्ष अक्सर पैसों के लिए चांदनी को प्रताड़ित करता था और उसके साथ मारपीट करता था। घटना वाले दिन भी उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए। मृतका के बहनोई कृष्णा सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे सोनू ने खुद फोन कर हत्या की जानकारी दी। जब वे मौके पर पहुंचे तो घर के अंदर चांदनी का शव खून से लथपथ पड़ा था और आरोपी वहीं मौजूद था। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है और परिजनों को सौंप दिया गया है।**

दैनिक **यशोभूमि** नया तेवर, नया कलेवर

Smart maharashtra




## भिवंडी: निलेश डाइंग कंपनी में लगी भीषण आग

**यशोभूमि/संवाददाता भिवंडी।** भिवंडी शहर के खोका कंपाउंड इलाके में स्थित 'निलेश डाइंग' नामक धागा रंगाई कंपनी में बीती आधी रात को भीषण आग लग गई। यह आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते कंपनी की पूरी तीन मंजिला इमारत इसकी चपेट में आ गई और जलकर खाक हो गई। आग के रौद्र रूप को देखकर इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही भिवंडी और कल्याण दमकल विभाग की कुल पांच गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद करीब पांच घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन प्राथमिक अनुमान के अनुसार यह शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी हो सकती है। इस हादसे में बड़े पैमाने पर कच्चा माल और मशीनरी जलकर राख हो गई है, हालांकि राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई जनहानि (कैजुअल्टी) नहीं हुई है।



# राज्य में प्रतिदिन 1369 लोग होते हैं आवारा कुत्तों का शिकार

◆ राज्य में 6 साल में 30 लाख से ज्यादा नागरिकों को कुत्तों ने काटा

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**मुंबई।** राज्य के प्रमुख शहरों में आवारा कुत्तों की समस्या गंभीर हो गई है और चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि पिछले 6 साल में 30 लाख से ज्यादा नागरिकों को कुत्तों ने काटा है। विधान परिषद में शहरी विकास विभाग द्वारा दिए गए लिखित उत्तर के अनुसार, वर्ष 2024 में अकेले मुंबई में 1 लाख 28 हजार

### मुंबई में एक साल में हुई 1.28 लाख घटनाएं

कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आई हैं। राज्य में हर दिन औसतन 1,369 लोगों को कुत्तों के हमलों का सामना करने से सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। राज्य में कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं को लेकर कृपाल तुमाने, डॉ. मनीषा कायंदे, हेमंत पाटिल, योगेश तिलेकर, प्रवीण दरेकर, प्रसाद लाड, एड.. निरंजन डावखरे, डॉ. परिणय फुके, विक्रांत पाटिल और सदाशिव खोत ने सवाल उठाया। रेबीज के कारण ठाणे जिले के दिवा की 6 वर्षीय लड़की निशा शिंदे की मौत और जनवरी और नवंबर 2025 के बीच पुणे शहर में रेबीज के 27,466 मामलों का हवाला दिया।



### आवारा कुत्तों के लिए आश्रय स्थल

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार, मनपा ने शहर में शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, खेल परिसरों और रेलवे स्टेशनों जैसे भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर आवारा कुत्तों के लिए अलग आश्रय स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए अब तक तीन जगहे निर्धारित हो चुकी हैं और बाकी 17 स्थानों की तलाश की जा रही है। इसके अलावा, सार्वजनिक स्थानों पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं और इन अधिकारियों के नाम संबंधित संस्थानों के बोर्ड पर प्रदर्शित करना अनिवार्य कर दिया गया है। यह भी बताया गया है कि सरकार ने इन नोडल अधिकारियों के माध्यम से आवारा कुत्तों के प्रवासन और प्रबंधन को और अधिक प्रभावी ढंग से करने की योजना बनाई है।



राज्य मंत्री माधुरी मिसाल ने बताया कि कुत्तों की संख्या को नसबंदी द्वारा सीमित करने के प्रयास किए जा रहे हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जा रही है कि रेबीज के टीके की कोई कमी न हो। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार स्कूलों में शिक्षकों को छात्रों की सुरक्षा और प्राथमिक चिकित्सा के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

# नेवाली नाका फ्लाईओवर को पांच साल बाद मिली मंजूरी

**यशोभूमि/संवाददाता**

**कल्याण।** कल्याण-पूर्व नेवाली नाका फ्लाईओवर परियोजना को आखिरकार प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है। कल्याण लोकसभा सांसद श्रीकांत शिंदे प्रयासों से मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के माध्यम से लगभग 282 करोड़ रुपये की

### 282 करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण

लागत से इस फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। इस पुल के निर्णय से अंबरनाथ, बदलापुर से कर्जत मार्ग पर लगने वाली भीषण यातायात जाम से नागरिकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नेवाली नाका, कल्याण-डोंबिवली मनपा क्षेत्र को ग्रामीण इलाकों से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण यातायात बिंदु है।

यहां सुबह और शाम के समय भारी वाहनों की आवाजाही के कारण लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता था। नागरिकों को घंटों जाम में फंसे रहने से मानसिक और शारीरिक परेशानी झेलनी पड़ती थी। कई बार एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी बाधाओं का सामना करना पड़ता था।



इसमें सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के हस्तक्षेप से अंतिम गति मिली और परियोजना को आधिकारिक मंजूरी प्राप्त हुई। अब आगे की प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी कर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। वर्षों से चली आ रही ट्रैफिक समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद जताई जा रही है।



इस गंभीर समस्या को देखते हुए महेश दशरथ गायकवाड ने 27 जुलाई 2021 को ठाणे के जिला कलेक्टर को आधिकारिक पत्र सौंपकर नेवाली नाका पर फ्लाईओवर निर्माण की मांग की थी। इसके बाद संबंधित विभागों के साथ लगातार बैठकें, पत्राचार और फॉलोअप किया गया। हालांकि अब जाकर इसे सफलता मिली है और नेवाली नाका फ्लाईओवर को प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है।

### ट्रैफिक समस्या बनी हुई है सिरदर्द

इस विषय पर नगरसेवक महेश गायकवाड़ ने कहा कि नेवाली नाका की ट्रैफिक समस्या नागरिकों के लिए लंबे समय से सिरदर्द बनी हुई थी। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे तथा राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के प्रभावी नेतृत्व के कारण इस फ्लाईओवर को मंजूरी मिल सकी है। फ्लाईओवर बनने से यातायात सुगम होगा, समय और ईंधन की बचत होगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### तालाब में युवक का शव मिलने से सनसनी

**यशोभूमि/संवाददाता**

**भिवंडी।** भिवंडी शहर को जलापूर्ति करने वाले वराल देवी तालाब में एक युवक का शव पानी में तैरता हुआ पाए जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय नागरिकों ने तुरंत शहर पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही शहर पुलिस और भिवंडी नगर निगम के दमकल विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला, जिसे पोस्टमार्टम के लिए भिवंडी के स्व. इंदिरा गांधी राजकीय अस्पताल भेज दिया। शहर पुलिस स्टेशन में इस मामले की आकस्मिक मृत्यु के रूप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस फिलहाल दो मुख्य पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि मृतक की पहचान करना और यह पता लगाना कि यह कोई हादसा है या साजिश। पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि किसी के पास मृतक के बारे में कोई जानकारी हो, तो वे पुलिस से संपर्क करें।

### कल्याण से दो सगी बहनें घर से लापता

**यशोभूमि/संवाददाता**

**कल्याण।** कल्याण-पूर्व में रहने वाली दो सगी बेटियां घर से गहने और नकदी लेकर लापता हो गई हैं। इस मामले में विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया है और पुलिस जांच में जुटी है। परिजनों ने एक मुस्लिम युवक पर आरोप लगाया है और कहा कि उक्त युवक ने बड़ी बेटी के आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे धमकाया और सोना व रुपये लाने के लिए दबाव बनाया। परिवार का यह भी दावा है कि छोटी बेटी को भी कथित रूप से बहला-फुसलाकर फंसाया गया और उसका भी वीडियो बनाया गया। वहीं इस मामले में विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली ने बताया कि युवक को पुलिस स्टेशन बुलाया है पूछताछ चालू है। पुलिस का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों और कॉल डिटेल्स के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

### विश्व महिला दिवस पर होगा महिलाओं का हेल्थ चेकअप

**यशोभूमि/संवाददाता**

**ठाणे।** आठ मार्च को विश्व महिला दिवस के मौके पर मनपा के महिला बाल विकास विभाग की तरफ से कई तरह के प्रोग्राम और कॉम्पिटिशन ऑर्गेनाइज किए गए हैं। इस मौके पर रंगोली कॉम्पिटिशन, मेहंदी कॉम्पिटिशन, निबंध कॉम्पिटिशन के साथ-साथ कल्चरल प्रोग्राम भी होंगे।महापौर शर्मिला पिंपलोलकर और मनपा आयुक्त सौरभ राव ने मनपा की सभी महिला अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की है कि वे महिलाओं के लिए ऑर्गनाइज की गई एक्टिविटीज़ में अपनी मर्जी से हिस्सा लें। शनिवार 7 मार्च, 2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक मनपा मुख्यालय में रंगोली, मेहंदी कॉम्पिटिशन ऑर्गेनाइज किया जाएगा।

### साकेत कॉलेज में राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

**यशोभूमि/संवाददाता**

**कल्याण।** साकेत ज्ञानपीठ के अंतर्गत संचालित साकेत कला, विज्ञान और वाणिज्य महाविद्यालय में डिजिटल इनोवेशन, सततता और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में व्यवसाय परिवर्तन विषय पर राष्ट्रीय स्तर का बहुविषयक शोध सम्मेलन 28 फरवरी 2026 को महाविद्यालय के सभागार में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि अविनाश राजन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हीरो फिनकॉर्प ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुंबई विश्वविद्यालय के सीईटी परीक्षा समन्वयक नानासाहेब एम. फटांगरे तथा विद्याशाखा प्रमुख (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) डॉ. गार्जे शिवराम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में साकेत ज्ञानपीठ शिक्षण संस्था के चेयरमैन विनोद तिवारी, सचिव साकेत तिवारी, प्रतीक तिवारी उपस्थिति रहे।

## श्रमिकों को मिला मुफ्त इलाज और सामाजिक सुरक्षा का लाभ



**यशोभूमि/संवाददाता**

**डोंबिवली।** एमआईडीसी में काम करने वाले श्रमिकों के स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डोंबिवली (पूर्व) में किया गया। बीजेपी की तरफ से आयोजित इस शिविर में सैकड़ों कामगारों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर का उद्घाटन बीजेपी महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के हाथों हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं और सरकारी योजनाओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रमिकों को इनका अधिकतम लाभ मिलना चाहिए। शिविर में पेट रोग, त्वचा रोग, फेफड़ों की पीएफटी जांच, नेत्र जांच और चश्मों का वितरण किया गया। जरूरतमंदों को मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। विशेष रूप से ई-श्रम कार्ड पंजीकरण की व्यवस्था कर असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया गया।

## महापौर के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान

**यशोभूमि/संवाददाता**

**ठाणे।** डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के कॉन्सेप्ट पर ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन द्वारा शुरू किया गया व्यापक सफाई अभियान बिना रुके जारी है। शनिवार को महापौर शर्मिला पिंपलोलकर के मार्गदर्शन में वार्ड नंबर 2 में डीप क्लीन ड्राइव चलाया गया। महापौर का पद संभालने से पहले भी शर्मिला पिंपलोलकर ने कोपरी प्रभाग से सफाई अभियान चलाया था। उन्होंने प्रशासन को मनपा क्षेत्र के अंतर्गत सभी वार्डों में डीप क्लीन ड्राइव चलाने का निर्देश दिया है। वार्ड क्रमांक 2 में ऋतु एस्टेट से काबरा सर्किल, काबरा सर्किल से महाराणा प्रताप चौक, काबरा सर्किल से आजादनगर सर्किल, श्री माँ स्कूल से रोडाज सोसायटी, पातलीपाड़ा ब्रिज से स्वर्गीय चिमा बाबू दलवी चौक से श्री माँ स्कूल व देव भक्ति सोसायटी परिसर, महाराणा प्रताप चौक से रीजेंसी टावर वाया शिवनेरी सोसायटी तुरफा पाड़ा, श्री दुर्गा माता मंदिर रोड आजादनगर सर्किल से ब्रह्मांड सर्किल मेन रोड आदि में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया।



## भाजपा नगरसेवक व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

**यशोभूमि/संवाददाता**

**वसई।** वसई विरार मनपा चुनाव के बाद वसई में राजनीतिक तनाव के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। भाजपा के नगरसेवक गणेश पाटील और उनके सहयोगियों के खिलाफ एक युवक को कार्यालय में बुलाकर मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। यह मामला वालीव पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता रवि भरत झा ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे मुनीम उर्फ मुन्ना गुप्ता और नगरसेवक गणेश पाटील के पीए उन्हें पाटील के कार्यालय में लेकर गए। और बीवीए का प्रचार करने का आरोप लगाते हुए मुन्ना गुप्ता, पीए, नगरसेवक गणेश पाटील और चार से पांच अज्ञात व्यक्तियों ने मिलकर उन्हें लात-घूंसों से पीटा। उन्होंने आरोप लगाया कि गाली-गलौज करते हुए कार्यालय में रखे लकड़ी के डंडे से उनके दाहिने कंधे और दोनों पैरों पर वार किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। घायल युवक का इलाज जारी है। वहीं, नगरसेवक गणेश पाटील ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह मामला पूरी तरह झूठा और राजनीतिक साजिश का हिस्सा है।

> चुनावी रंजिश के चलते हुई मारपीट

## राघवेंद्र सेवा मंच का सुंदरकांड पाठ संपन्न

**यशोभूमि/संवाददाता**

**नालासोपारा।** संतोष भवन स्थित मंसूरी अपार्टमेंट में ह्यराघवेंद्र सेवा मंचह्ल द्वारा लोककल्याण और हिंदू राष्ट्र की मंगलकामना हेतु संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में यह परंपरा पिछले 30 वर्षों से अनवरत जारी है। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध मानस गायकों ने प्रभु श्री राम की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार मिश्र ने उपस्थित रामभक्तों को भगवा दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। आयोजन में आचार्य रमाशंकर शुक्ल और नागेंद्र मिश्र सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## येऊर के स्वानंद बाबा धाम में सुंदरकांड पाठ हुआ संपन्न

**यशोभूमि / संवाददाता**

**ठाणे।** येऊर पहाड़ी स्थित परम पूज्य स्वानंद बाबा धाम में शनिवार को सुंदरकांड का पाठ व साप्ताहिक शनीचरी भंडारा बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। यह साप्ताहिक अनुष्ठान बीते 20 वर्षों से किया जा रहा है।



इस साप्ताहिक भंडारे में बने प्रसाद का लाभ लेने येऊर के स्थानीय महिला, पुरुष, बच्चे सहित ठाणे, भिवंडी, कल्याण, मुलुंड एवं मुंबई से भक्तों का जमावड़ा होता है। सुंदरकांड पाठ में रामभक्त उपस्थित होकर पुण्यलाभ लिया। कार्यक्रम में पं. दुर्गा प्रसाद पाठक, मनोज पाण्डेय, प्रदीप कांबले, पूजा देड़वनकर, कमल पाण्डेय, चन्द्रदेव यादव, रमाशंकर पाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## उबाठा गुट के लोगों का शिंदे गुट में प्रवेश

**यशोभूमि/संवाददाता**

**डोंबिवली।** डोंबिवली शहर में उबाठा गुट के विभिन्न पदाधिकारियों ने औपचारिक रूप से सांसद श्रीकांत शिंदे के महजूदगी में शिंदे शिवसेना में प्रवेश किया। पार्टी में शामिल होने वालों में प्रभाग क्रमांक 24 के विभाग प्रमुख प्रकाश कदम, विभाग संगठक प्रकाश खाडे, उपविभाग प्रमुख मंदार निकम, विभाग संगठक सानिका खाडे, उपविभाग संगठक निशा कदम, उपशाखा संगठक नंदिनी गुरव, उपशाखा प्रमुख अंकुश शिरोडकर, भगवान कदम, जुई देसाई, ज्योती येलकर, राजेश्री फटकरे, रसिका शिर्के, ज्योती नाईक, पूजा जाधव, दीक्षा देसाई, स्वाती गुंजाळ, अनिता बिर्जे, प्रतिभा बहारे, मयुरी पासन, विजय जाधव सहित अनेक कार्यकर्ता हुए।

## पहाड़ का छोटा सा हिस्सा खिसका

**यशोभूमि/संवाददाता**

**ठाणे।** शनिवार को लगभग साढ़े सात बजे आपदा प्रबंधन विभाग (एनडीआरएफ) को जानकारी मिली की शाह दरगाह के पास, खादिमशीन रोड, मुंब्रा बाईपास के यहां पहाड़ का छोटा सा हिस्सा खिसका गया है और कुछ लोग फंस गए हैं। जिसके बाद एनडीआरएफ के अधिकारी और कर्मचारी 1 जीप, 1 बस, 1 टेम्पो, 1 रेस्क्यू डॉग के साथ, रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अधिकारी और कर्मचारी, आपदा प्रबंधन के कर्मचारी 1 पिकअप के साथ, फ़ायर ब्रिगेड के कर्मचारी 1 फायर गाड़ी और मुंब्रा पुलिस के कर्मचारी, मुंब्रा प्रभाग समिति के सार्वजनिक बांधकाम विभाग के कर्मचारी, टोरेंट पावर के कर्मचारी 1 जीप के साथ ही मनपा की 1 एम्बुलेंस मौके पर पहुंचे। इस घटना में किसी को चोट नहीं आई और फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने में सफलता मिली।



## प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टर्स के खिलाफ शुरू हुई सख्त कार्रवाई

**यशोभूमि/संवाददाता**

**ठाणे।** फाइनेंशियल साल 2025-26 का आखिरी फेज शुरू होते ही, मनपा के प्रॉपर्टी टैक्स विभाग ने डिफॉल्टर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दिया है। कई टैक्सपेयर्स ने समय पर प्रॉपर्टी टैक्स देकर मनपा का साथ दिया है, लेकिन कुछ टैक्सपेयर्स अभी भी बकाया हैं। आयुक्त सौरभ राव ने निर्देश दिया है कि डिफॉल्टर्स के खिलाफ एक्शन को और सख्त और असरदार बनाया जाए और उनके नाम मीडिया में पब्लिश किए जाएं। करदाताओं को सार्वजनिक छुट्टियों पर संपत्ति कर का भुगतान करने में सुविधा प्रदान करने के लिए, सभी प्रभाग समिति स्तर के संग्रह केंद्रों को 31.03.2026 तक सभी शनिवार को सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक और सभी रविवार को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक कर संग्रह के लिए चालू कर दिया गया है। करदाता मनपा के 21 संग्रह केंद्रों में से किसी पर भी अपना संपत्ति कर जमा कर सकते हैं। प्रशासन करदाताओं से अपने बकाया संपत्ति करों का भुगतान कर मनपा के साथ सहयोग करने की अपील कर रहा है।



### पब्लिक छुट्टियों पर भी खुले रहेंगे टैक्स कलेक्शन ऑफिस

लोगों को टैक्स भरने में और ज्यादा सुविधाएं देने के लिए, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के मेन ऑफिस के साथ-साथ शहर के 8 डिवीज़नल टैक्स कलेक्शन ऑफिस शनिवार, रविवार और गुड़ी पड़वा, श्री राम नवमी और महावीर जयंती जैसी पब्लिक छुट्टियों पर भी सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुले रहेंगे।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**यशोभूमि/संवाददाता**

**भिवंडी।** भिवंडी शहर के शांतीनगर क्षेत्र में एक 23 वर्षीय युवती के साथ शादी का झांसा देकर एक 30 वर्षीय व्यक्ति ने न सिर्फ दुष्कर्म किया,ब ल्कि उसकी आपत्तिजनक फोटो व वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले में युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर आईटी एक्ट व बीएनएस के तहत केस दर्जकर उसकी तलाश में जुट गई है। शांतिनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में 23 वर्षीय युवती ने बताया है कि आरोपी फाईक अब्दुल रऊफ पटेल (30) गैबीनगर इलाके का रहने वाला है। जिसने पहचान होने के बाद युवती से शादी करने का झांसा देकर 22 मार्च 2023 से 3 फरवरी 2026 के बीच शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं आरोपी ने मुलाकातों के दौरान दोनों के फोटो अपने मोबाइल में लिए और संबंध बनाने से मना करने पर फोटो वायरल करने की धमकी देता रहा।


# दवा के हानिकारक दुष्प्रभावों की होगी पहचान

**यशोभूमि/भाषा**

**मुंबई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे के शोधकर्ताओं ने एक महत्वपूर्ण खोज की है। उन्होंने पाया है कि यकृत कोशिकाओं की बाहरी परतों में एंटीबायोटिक्स कहां जमा होते हैं, इसका विश्लेषण करके दवा से होने वाली विषाक्तता का

### आईआईटी बॉम्बे ने की एक महत्वपूर्ण खोज

जल्दी पता लगाया जा सकता है। यह खोज हानिकारक दुष्प्रभावों की तेजी से पहचान में मदद कर सकती है। बायोसाइंस और बायोइंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अशुतोष कुमार के नेतृत्व में और मलेशिया के सनवे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर वेत्रिसेल्वन सुब्रमणियन के सहयोग से किए गए इस अध्ययन में पाया गया कि दवा की हानिकारकता उसकी शक्ति में नहीं, बल्कि यह कोशिका की बाहरी झिल्ली के साथ कैसे और कहां संपर्क करती है, इसमें निहित है। प्रोफेसर कुमार ने कहा कि परंपरागत रूप से माना जाता था कि दवा अणु कोशिका को नुकसान पहुंचाता है क्योंकि वह कोशिका झिल्ली को तोड़ता है। लेकिन उनके परिणाम इस विचार को बदल सकते हैं। यह नई समझ नई और सुरक्षित दवाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। शोध में पाया गया कि दवा से होने वाली यकृत की क्षति चिकित्सा में एक प्रमुख समस्या है और यह दवाओं के बाजार से हटाए जाने या अनुमोदन के बाद प्रतिबंधित होने के मुख्य कारणों में से एक है। समस्या यह है कि यकृत की क्षति की भविष्यवाणी करना मुश्किल है क्योंकि कई रोगियों में शुरुआत में कोई लक्षण नहीं दिखते, जबकि कुछ लोग कई दवाएं ले रहे होते हैं, जिससे असली दोषी दवा की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। पेपर के पहले लेखक अकाश कुमार झा ने बताया कि कोशिका झिल्ली दवा और यकृत कोशिकाओं के बीच संपर्क का पहला बिंदु है। रक्त में परिसंचारी कोई भी दवा कोशिका में प्रवेश करने या कोशिकीय लक्ष्यों को प्रभावित करने से पहले कोशिका झिल्ली के साथ संपर्क करती है। इसी कारण शोधकर्ताओं का मानना है कि विषाक्त प्रभाव अक्सर झिल्ली के स्तर पर शुरू होते हैं।



### सुरक्षित दवाओं के विकास का मार्ग होगा तेज

झा के अनुसार, झिल्ली पर ध्यान केंद्रित करने वाले इस दृष्टिकोण को लागू करके, यह पता लगाया जा सकता है कि कुछ उपचार अप्रत्याशित दुष्प्रभाव क्यों पैदा करते हैं। इस ज्ञान का उपयोग करके कम विषाक्त यौगिक तैयार किए जा सकते हैं। चूंकि ये परीक्षण अपेक्षाकृत तेज और मापनीय हैं, इन्हें दवा विकास के दौरान मानक सुरक्षा जांच में जोड़ा जा सकता है। इससे शोधकर्ताओं को बाद में महंगी विफलताओं से बचने में मदद मिल सकती है और सुरक्षित दवाओं के विकास का मार्ग तेज हो सकता है।